दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज बिहार से प्रकाशित संपूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तरप्रदेश में प्रसारित!

Digital Daily News Paper R.N.I. 68041/93 सूचना प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार

# लोकतंत्र की आवाज



• नवादा से प्रकाशित • नवादा, शुक्रवार 13 मार्च 2026 • वर्ष : 04 अंक : 998

## संक्षिप्त खबरें ।

### अविश्वास प्रस्तावः अमित शाह के लोकसभा में दिए गए भाषण पर प्रियंका गांधी ने कसा तंज



**लोक तंत्र की आवाज़**

**नई दिल्ली** । लोकसभा में केंद्रीय मंत्री अमित शाह द्वारा दिए गए भाषण पर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने पलटवार किया है। उनका कहना है कि लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था, तो उस पर बहस करने की जरूरत थी, लेकिन उन्होंने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर भाषण दिया है। बता दें कि शाह ने राहुल गांधी का नाम लिए बगैर उन पर जोरदार तंज कसा है। प्रियंका गांधी ने क्या कहा ? कांग्रेस सांसद ने बताया कि अमित शाह ने अविश्वास प्रस्ताव पर भाषण नहीं दिया है, बल्कि राहुल गांधी को लेकर दिया है। जबकि यह भाषण उन्होंने प्रस्ताव पर देना चाहिए था और विपष पर बोलना चाहिए था। उनका आगे कहना है कि शाह ने अपने संबोधन में अपशब्दों का इस्तेमाल किया है। इसके बाद भी उन्हें स्पीकर ने नहीं रोका। अमित शाह ने अपने भाषण में क्या कहा ? अमित शाह ने अपने भाषण के समय संसद में राहुल गांधी का संसदीय रिकॉर्ड पेश किया है। उन्होंने बताया कि 17वीं लोकसभा में राहुल गांधी की उपस्थिति 51 प्रतिशत रही। इसके अलावा, उन्होंने 16वीं लोकसभा में 52 फीसदी और 15वीं में 43 प्रतिशत की उपस्थित रही। उन्होंने बताया कि 16वीं लोकसभा में राहुल गांधी ने न राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा में भाग लिया और न ही बजट पर चर्चा के लिए शामिल हुए। उन्होंने जैसे ही ये बात रखी तो कांग्रेस सांसदों ने हंगामा शुरु कर दिया।

हमेशा विदेश के दौरे पर शाह ने अपने भाषण में राहुल गांधी पर हमला करते हुए कहा कि बजट सत्रों के दौरान वो अक्सर विदेश के दौरे पर चले जाते हैं। उन्होंने कहा कि वो जर्मनी, इंग्लैंड या सिंगापुर में है। वो यहां पर कैसे बोल सकते हैं। यहां पर कोई भी वीडियो कॉन्फ्रेसिंग का प्रवधान नहीं है। उनका आगे कहना है कि सदन के पटल पर नियमों के तहत बोलना होता है। सदन स्पीकर के जरिए चलता है, जो नियम सबके लिए बराबर है।

## तेल पर छूट का हल्ला काट रहा अमेरिका, रूस ने लगा दी क्लास, बोला- 'भारत को किसी की इजाजत की जरूरत नहीं

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नईदिल्ली** । मिडिल ईस्ट में युद्ध के बाद शुरू होने के बाद अमेरिका ने दावा किया कि उसने भारत को रूसी तेल खरीदने के लिए 30 दिन की छूट दी है. अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा कि वैश्विक तेल आपूर्ति में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए ये कदम उठाया गया है. ट्रंप प्रशासन की ओर से आए इस बयान पर रूसी राजदूत डेनिस अलीपोव ने दो टूक कहा कि भारत को किसी से इजाजत लेने की जरूरत नहीं है।

रूसी राजदूत ने मीडिया को दिए इंटरव्यू में यह भी कहा कि मुझे लगता है कि भारतीय अधिकारियों ने पहले ही जवाब दे दिया है. उन्होंने विदेश मंत्री एस जयशंकर के बयान की तारीफ करते हुए कहा कि अमेरिका कितना भी कोशिश कर ले, वह रूसी तेल को दुनिया से नहीं हटा पाएगा।

**भारत को किसी से कोई इजाजत नहीं चाहिएः रूस** : उन्होंने कहा, 'भारत को किसी से कोई इजाजत नहीं चाहिए, लेकिन अमेरिका का ऐसा रवैया उसकी सोच और अपने पार्टनर्स के प्रति उसके नजरिए को दिखाता है. मुझे नहीं लगता कि अमेरिका किसी को



पार्टनर के तौर पर चाहता है या देखता है. जूनियर पार्टनर ज्यादा से ज्यादा जरूरतों को पूरा करते हैं और यह बात सभी को समझनी होगी. अमेरिका के सभी अच्छे इरादों, इन्वेस्टमेंट, अच्छे कामों के साथ राजनीतिक हालात और दबाव भी आते हैं. आप रूसी तेल को ग्लोबल बास्केट से बाहर नहीं कर सकते।

ईरान पर हमला अंतरराष्ट्रीय नियमों का उल्लंघनः रूस डेनिस अलीपोव ने आगे कहा कि अगर ऐसा होता है तो सप्लाई और ऑफर में बहुत कमी होगी और इसलिए मिडिल ईस्ट में हो रहे डेवलपमेंट से पता चलता है कि भारत चाहे रूसी तेल खरीदे या कोई और, वह तेल तो वहीं रहेगा, रूसी तेल तो वैसे भी वहीं रहेगा. इसलिए भारत को हमसे खरीदने से सिर्फ फायदा होगा।

रूसी राजदूत ने ईरान पर हुए अमेरिका-इजरायल के अटैक पर कहा, 'मिडिल ईस्ट में ईरान के खिलाफ जो कुछ हुआ, उससे इंटरनेशनल नियमों और कानूनों का खुला उल्लंघन दिखा है. यह एक आजाद देश के खिलाफ हिंसक और बेबुनियाद हमला था, इससे पहले कि आधी रात को वेनेजुएला में एक आजाद देश के असली प्रेसिडेंट को अगवा कर लिया गया।

**रूसी तेल खरीद पर अमेरिका ने लगाया था जुर्मानाः** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस से तेल खरीद को लेकर भारत पर जुर्माने के रूप में 25 फीसदी टैरिफ लगा दिया था. हालांकि मिडिल ईस्ट संकट के बाद अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा कि यूएस ने भारतीय रिफाइनरियों को रूस से तेल खरीदने के लिए 30 दिन की अस्थायी छूट देने की घोषणा की है. यह अमेरिका का अपना बयान दिया गया था।

### तेल आपूर्ति में बाधाओं को दूर करने के लिए यह कदम

अमेरिकन वित्त मंत्री ने कहा कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को बंद करने की धमकियों के कारण वैश्विक तेल आपूर्ति में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए ये कदम उठाया गया है. अमेरिकी ट्रेजरी के अनुसार, यह एक 'शॉर्ट-टर्म स्टॉपगैप' उपाय है ताकि वैश्विक बाजार में तेल की आपूर्ति बनी रहे और कीमतें स्थिर रहें।

## गैस सिलेंडर को लेकर विपक्ष का संसद परिसर में प्रदर्शन, राहुल गांधी बोले-पैनिक में PM मोदी



**लोक तंत्र की आवाज़**

**नईदिल्ली** । ईरान-इजराइल जंग के कारण देश के कई इलाकों में एलपीजी सिलेंडर की कमी देखने को मिल रही है. कई जगहों पर सिलेंडर वितरित करने के लिए पुलिस की तैनाती भी की गई है. इसी एलपीजी के मुद्दे को लेकर विपक्षी सांसदों ने जमकर हंगामा किया है. संसद के बजट सत्र की कार्रवाई जैसे ही गुरुवार को शुरू हुई विपक्षी सांसदों ने नारेबाजी कर दी. हंगामा बढ़ता देख सदन स्थगित कर दिया गया. वहीं सांसद संसद के बाहर ही विरोध प्रदर्शन जारी रखे हुए हैं। संसद परिसर में राहुल गांधी समेत तमाम विपक्षी के सांसदों ने सिलेंडर की कमी को लेकर प्रदर्शन किया. इस दौरान सांसदों ने पीएम मोदी के संसद से गायब होने और सिलेंडर गायब होने के नारे भी लगाए गए।

**पीएम घबराए हुए हैं- राहुल गांधीः** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा, "प्रधानमंत्री कह रहे हैं कि घबराने की कोई ज़रूरत नहीं है. लेकिन, प्रधानमंत्री खुद बिल्कुल अलग कारणों से घबराए हुए हैं. वह अडानी मामले और एपस्टीन की वजह से घबराए हुए हैं. वह सदन के अंदर नहीं आ पा रहे हैं. कल संसद में पीएम की कुर्सी खाली थी. वह देश से कह रहे हैं कि घबराओ मत, जबकि वह खुद घबराए हुए हैं।

**LPG की कमी पर संसद में चर्चा हो- शशि थरूरः** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने एलपीजी की कमी की खबरों पर कहा कि ऐसे मुद्दों पर संसद में चर्चा होनी चाहिए. उन्होंने कहा कि लोगों को गैस सिलेंडर के लिए लंबी लाइनों में खड़ा होना पड़ रहा है और कीमतें भी बढ़ गई हैं. इसलिए सरकार को इस बारे में संसद में जानकारी देनी चाहिए और जनता को भरोसा दिलाना चाहिए. सरकार अपनी मर्जी से नहीं चल सकती, उसे इन समस्याओं पर खुलकर जवाब देना होगा।आगे कहा कि आप जानते हैं कि एलपीजी सिलेंडर के लिए कितनी लंबी लाइनें लग रही हैं.

## भारत के खिलाफ बड़े एक्शन की तैयारी में ट्रंप, 16 देशों के औद्योगिक उत्पादन की करेंगे जांच, लगा सकते हैं और टैरिफ

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नईदिल्ली** । मिडिल ईस्ट की जंग के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत के खिलाफ बड़ा एक्शन लेने की तैयारी शुरू कर दी है। ट्रंप भारत पर और ज्यादा टैरिफ लगा सकते हैं। अमेरिका ने भारत की औद्योगिक उत्पादन क्षमता की जांच करने के आदेश दिए हैं। 1974 के व्यापार कानूनी की धारा 301 के तहत जांच होगी। भारत समेत करीब 16 देशों में जांच की जाएगी। जांच पूरी होने के बाद भारत समेत सभी 16 देशों के सामान पर ट्रंप नया टैरिफ लगा सकते हैं।

**इन 16 देशों के उत्पादन की जांच होगी :** अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि जेमीसन ग्रियर ने जांच की आधिकारिक घोषणा करते हुए बताया कि अमेरिका की सुप्रीम कोर्ट ने ट्रंप के द्वारा लगाए गए



टैरिफ को अवैध करार देते हुए रद्द कर दिया तो राष्ट्रपति ट्रंप ने सभी देशों पर 15 प्रतिशत नया टैरिफ लगा दिया। अब भारत समेत 16 बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की उत्पादन क्षमता की जांच होगी। सूची में भारत, चीन, यूरोपीय संघ, मेक्सिको, जापान, दक्षिण कोरिया, ताइवान, स्विट्जरलैंड, नॉर्वे, इंडोनेशिया, सिंगापुर, थाईलैंड, मलेशिया, कंबोडिया, वियतनाम और बांग्लादेश का नाम है। जेमीसन ग्रियर ने कहा कि अमेरिका के बड़े ट्रेड पार्टनर्स ने अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ा ली है, जिसका असर अमेरिका के ट्रेड पर पड़ रहा है, उत्पादन की बिक्री कम होने से अमेरिकी कंपनियां घाटे में हैं और इससे श्रमिकों को या तो नौकरी नहीं मिल रही या कम वेतन मिल रहा।

**भारत के साथ 500 मिलियन डॉलर की डीलः** बता दें कि अमेरिका ने हाल ही में भारत के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते की घोषणा की है। अमेरिका और भारत के बीच करीब 500 मिलियन डॉलर का व्यापार होना है। समझौते के बदले में ट्रंप सरकार ने भारत पर लगाए गए टैरिफ को 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया। बदले में भारत ने रूस से तेल व्यापार कम करन दिया और पूरी तरह रोकने का आश्वासन भी दिया। दोनों देशों ने व्यापार समझौते को एतिहासिक बताया हे और कहा है कि ट्रेड डील से आने वाले समय में दोनों देशों के व्यापारिक संबंध और मजबूत हो सकते हैं।

## समुद्र में भी दुश्मन की खैर नहीं, नेवी को मिलने जा रहा नया अंडरवॉटर हथियार, भारत और जर्मनी की साझेदारी से बनेगा हेवीवेट टॉरपीडो

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नईदिल्ली** । भारतीय नौसेना की पनडुब्बी क्षमता को बड़ा बढ़ावा मिलने वाला है. जर्मनी की कंपनी टीकेएमएस (TKMS) और भारत की वीईएम टेक्नोलॉजीज के बीच हुए बड़े समझौते के बाद जल्द ही देश में ही हेवीवेट टॉरपीडो का उत्पादन शुरू होगा. यह आधुनिक टॉरपीडो भारतीय नौसेना की कलवरी क्लास समेत अन्य पनडुब्बियों में लगाया जाएगा।

**क्या है हेवीवेट टॉरपीडो ? :** टॉरपीडो एक अंडरवॉटर हथियार होता है, जिसे पनडुब्बी या युद्धपोत से दागा जाता है. दुश्मन की पनडुब्बी और युद्धपोतों को निशाना बनाता है. लंबी दूरी तक हमला करने में सक्षम है. भारी वारहेड से लैस, इसलिए बेहद विनाशकारी है. इसी कारण यह किसी



भी आधुनिक नौसेना के लिए बेहद महत्वपूर्ण हथियार माना जाता है।

**भारत में उत्पादन, हर साल 500 टॉरपीडो की क्षमता :** इस परियोजना की मुख्य जिम्मेदारी वीईएम टेक्नोलॉजीज के पास होगी, जो हैदराबाद में ही इन टॉरपीडो का निर्माण करेगी. रॉ-मैटेरियल से लेकर असेंबली तक पूरा काम भारत में होगा. इससे देश सालाना करीब 500 टॉरपीडो बनाने की क्षमता विकसित कर सकेगा। इस समझौते में टेक्नोलॉजी ट्रांसफर भी शामिल है. जर्मन कंपनी भारत को टॉरपीडो निर्माण से जुड़ी अहम तकनीक देगी. इससे भारत आधुनिक टॉरपीडो बनाने वाली दुनिया की गिनी-चुनी क्षमताओं में शामिल होगा. भविष्य में अपग्रेड और मेंटेनेंस भी देश में ही होगा. इसके साथ ही विदेशी निर्भरता घटेगी। दोनों कंपनियों ने इससे पहले सितंबर 2025 में एक MOU साइन किया था. अब यह समझौता उसी प्रक्रिया का अगला चरण है. भविष्य में दोनों मिलकर जॉइंट वेंचर भी बना सकती हैं।

**निर्यात का भी रास्ता खुलेगाः** टॉरपीडो का बड़े पैमाने पर उत्पादन होने पर भारत भविष्य में इसे निर्यात भी कर सकता है. इससे रक्षा क्षेत्र को नया बाजार और आर्थिक लाभ मिलेगा।इस नई प्रणाली के आने से भारतीय नौसेना की पानी के भीतर लड़ने की क्षमता बढ़ेगी. हिंद महासागर में भारत की रणनीतिक बढ़त और मजबूत होगी. पनडुब्बियों की मारक क्षमता कई गुना बढ़ जाएगी। यह परियोजना न सिर्फ रक्षा क्षेत्र में नई तकनीक और निवेश लाएगी, बल्कि देश में रोजगार बढ़ाएगी।

## एक गलती जिसने अमेरिका और इजराइल से न सिर्फ 'जीत' छीन ली, बल्कि दानव बना दिया

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नईदिल्ली** । 28 फरवरी 2026. जब अमेरिका और इजरायल ने 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' के तहत ईरान पर अपने सबसे बड़े और घातक संयुक्त हमले की शुरुआत की, तो उनका लक्ष्य स्पष्ट था—ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई का खात्मा. खामनेई इस हमले में मारे गए. रणनीतिक और सैन्य दृष्टिकोण से, वाशिंगटन और तेल अवीव में इसे एक 'ऐतिहासिक जीत' माना जा रहा था. डोनाल्ड ट्रंप और बेंजामिन नेतन्याहू ने इसे दुनिया के सामने एक बड़ी उपलब्धि के रूप में पेश किया।

लेकिन यह 'जीत' चंद घंटों में ही एक ऐसे रणनीतिक और कूटनीतिक दुःस्वप्न में बदल गई, जिसने न केवल अमेरिका और इजरायल को पूरी दुनिया



में अलग-थलग कर दिया, बल्कि उन्हें एक 'दानवी' स्वरूप में भी स्थापित कर दिया. वह गलती खामनेई की हत्या नहीं थी, बल्कि दक्षिणी ईरान के मिनाब शहर में 'शजरेह तैयबेह' (Shajareh Tayyebeh) प्राथमिक विद्यालय की उन 165 मासूम बच्चियों की सामूहिक हत्या थी, जिनका इस युद्ध से कोई लेना-देना नहीं था।

**मिनाब का वह खौफनाक मंजरः जब स्कूल बना कब्रिस्तानः** 28 फरवरी की सुबह, जब 7 से 12 साल की बच्चियां अपनी कक्षाओं में पढ़ रही थीं, तभी आसमान से मौत बरसी. अंतरराष्ट्रीय न्यूज़ एजेंसियों और जांचकर्ताओं (जैसे सीएनएन और अल जज़ीरा) के अनुसार, यह कोई सामान्य चूक या 'कोलैटरल डैमेज' नहीं था. रिपोर्टों के मुताबिक, इस स्कूल पर एक के बाद एक कई मिसाइलें दागी गईं (जिसे सैन्य भाषा में 'डबल टैप' या 'ट्रिपल टैप' कहा जाता है). इस हमले में स्कूल की छत ढह गई और 165 से अधिक मासूम बच्चियां, उनके शिक्षक और कुछ माता-पिता मलबे में दफन हो गए। अमेरिकी राष्ट्रपति ने इसे "ईरान की अपनी खराब मिसाइलों का नतीजा" बताकर पल्ला झाड़ने की कोशिश की. लेकिन स्वतंत्र जांचों और मलबे से मिले अमेरिकी 'टोमाहॉक' क्रूज़ मिसाइल के टुकड़ों ने सच्चाई को दुनिया के सामने ला दिया. सबसे डराने वाला तथ्य यह सामने आया कि इस हमले के लक्ष्यों को चुनने में कथित तौर पर 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' (AI) का इस्तेमाल किया गया था, जिसने एक नागरिक स्कूल को सैन्य बेस समझकर पल भर में तबाह कर दिया।

**दुनिया के सामने बेनकाब हुआ 'दानवी' रूप और सहयोगियों का पीछे हटनाः** खामनेई की हत्या को एक सैन्य या राजनीतिक कार्रवाई मानकर शायद दुनिया का एक बड़ा धड़ा चुप रह जाता, लेकिन मिनाब की घटना ने अमेरिका और इजरायल के उस नैतिक आधार को पूरी तरह नष्ट कर दिया, जिसका वे अक्सर दावा करते हैं. इस एक घटना ने वैश्विक कूटनीति के समीकरणों को रातों-रात पलट दिया। संयुक्त राष्ट्र (UN) के मानवाधिकार विशेषज्ञों ने इसे "बच्चों और शिक्षा पर एक गंभीर व अक्षम्य हमला" करार दिया. यूनेस्को (UNESCO) ने इसे "अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का घोर उल्लंघन" बताया।

## संजय राउत ने पीएम मोदी की रैलियों पर उठाए सवाल, LPG संकट पर ध्यान देने की मांग

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नईदिल्ली** । शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की केरल और तमिलनाडु में रैलियों की आलोचना की। उन्होंने पीएम से व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडरों की कमी पर ध्यान देने का आग्रह किया। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में, राउत ने केंद्र सरकार की नीतियों की कड़ी निंदा की और भारत की ऊर्जा सुरक्षा पर पश्चिम एशिया के संघर्ष के प्रभाव पर चर्चा की आवश्यकता जताई।

प्रधानमंत्री की रैलियों पर सवाल

राउत ने कहा, "हमारे प्रधानमंत्री कहां हैं? वे चुनाव प्रचार में व्यस्त हैं और अपने विरोधियों के खिलाफ



अपमानजनक शब्दों का प्रयोग कर रहे हैं, जो प्रधानमंत्री पद की गरिमा के अनुकूल नहीं है।" उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र सरकार एलपीजी, पेट्रोल और डीजल की कमी पर चर्चा नहीं कर रही है, जिससे जनता में भय का माहौल बन रहा है। होटल और रेस्तरां बंद हो रहे हैं, लेकिन मोदी सरकार इस पर चुप है। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश ऐसे नेतृत्व के हाथों में है।

**प्रधानमंत्री मोदी का जवाबः** यह घटनाक्रम गुरुवार को केरल और तमिलनाडु में विधानसभा चुनावों से पहले पीएम मोदी की जनसभाओं के बाद आया। मोदी ने डीएमके, कांग्रेस और वाम गठबंधन पर निशाना साधते हुए पश्चिम एशिया के संघर्ष पर भी बात की। उन्होंने कहा कि इस संघर्ष ने वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला को प्रभावित किया है और उनकी सरकार 'इंडिया फर्स्ट' की नीति में विश्वास रखती है। तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में एक जनसभा में, पीएम मोदी ने कहा कि उनकी सरकार भारतीयों के हितों को प्राथमिकता देने के लिए प्रतिबद्ध है और लोगों को घबराने की आवश्यकता नहीं है।

## योगी सरकार को 40 दिन का अल्टीमेटम ! अखिलेश यादव ने मिलाया शंकराचार्य से हाथ, अब क्या होगा ?

**लोक तंत्र की आवाज़**

**लखनऊ** । उत्तर प्रदेश की सियासत में हलचल तेज हो गई है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव बुधवार को अचानक शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती से मिलने उनके प्रवास स्थल कृष्णा नगर पहुंचे। अखिलेश के साथ पूर्व सांसद अन्नू टंडन भी मौजूद रहीं। बताया जा रहा है कि अखिलेश और शंकराचार्य के बीच धर्म, गौ-सेवा और मौजूदा राजनीतिक और सामाजिक हालातों पर लंबी चर्चा हुई है।

शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद इन दिनों लखनऊ में अपने 'गौ-प्रतिष्ठा जनजागरण अभियान' के सिलसिले में प्रवास पर हैं। अखिलेश यादव की इस



मुलाकात को यूपी की राजनीति में एक बड़े संकेत के तौर पर देखा जा रहा है, क्योंकि शंकराचार्य पिछले कुछ समय से गौ-माता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग को लेकर काफी मुखर रहे हैं।

**शंकराचार्य का तीखा हमलाः** लखनऊ में बुधवार को गौ-प्रतिष्ठा जनजागरण अभियान का शंखनाद करते हुए शंकराचार्य ने अपने चिर-परिचित अंदाज में सभा को संबोधित किया। भीड़ कम होने पर चुटकी लेते हुए उन्होंने कहा, "यह शराब की दुकान नहीं, यह शुद्ध गाय की दुकान है। अगर यहां बहुत ज्यादा भीड़ होती तो इसका मतलब होता कि यह शराब की दुकान है। कम भीड़ ही इस बात का प्रमाण है कि यहां शुद्ध गौ-सेवा की बात हो रही है।इतना ही नहीं, उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर हमला बोलते हुए उसे 'भागपा' (भागने वाली पार्टी) करार दिया। उन्होंने वहां मौजूद लोगों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि तमाम रुकावटों के बावजूद जो लोग यहां आए हैं, वे ही असली गौ-भक्त हैं। उन्होंने उपस्थित लोगों को इस अभियान का 'फाउंडर मेंबर' बताते हुए उनके नाम दर्ज करने के निर्देश भी दिए। इसी दौरान कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा को लेकर एक महिला और महिला पुलिसकर्मियों के बीच तीखी नोकझोंक और धक्का-मुक्की की खबर भी सामने आई।

## राहुल गांधी से मिलकर लौटे रोहित पवार का बड़ा धमाका ! बोले- अजित पवार प्लेन क्रैश में होगा चौंकाने वाला खुलासा'

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नईदिल्ली/मुंबई** । महाराष्ट्र की राजनीति में एक बार फिर बड़ा भूचाल आने वाला है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) के विधायक रोहित पवार ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से मुलाकात की है। यह मुलाकात दिवंगत नेता अजित पवार के प्लेन हादसे की गुत्थी को लेकर हुई है। मुलाकात के बाद रोहित पवार ने मीडिया से बात करते हुए कुछ ऐसा कह दिया है जिससे सियासी गलियारों में सुगबुगाहट तेज हो गई है।

**राहुल गांधी ने दिए अहम सुझाव, रोहित करेंगे पर्दाफाशः**



रोहित पवार ने बताया कि राहुल गांधी के साथ उनकी करीब 30 मिनट तक लंबी चर्चा हुई। इस दौरान राहुल गांधी ने उन्हें कुछ बेहद खास और अहम सुझाव दिए हैं। हालांकि, रोहित ने सस्पेंस बरकरार रखते हुए कहा कि वह इन सुझावों और अपनी अगली रणनीति का खुलासा ठीक दो दिन बाद करेंगे। रोहित के मुताबिक, राहुल गांधी इस बात से हैरान थे कि इतने बड़े नेता का एक्सीडेंट हो गया, लेकिन अभी तक इस मामले में FIR तक दर्ज नहीं हुई है।

**पायलट के तौर पर राहुल ने साझा किए तकनीकी अनुभवः** खास बात यह है कि राहुल गांधी खुद एक प्रशिक्षित पायलट हैं। रोहित पवार ने बताया कि राहुल ने बतौर पायलट हादसे से जुड़ी कई तकनीकी बारीकियां और अहम बातें उनके साथ साझा कीं। राहुल गांधी ने रोहित को भरोसा दिलाया है कि वह इस मामले की सच्चाई सामने लाने के लिए किसी भी तरह की जांच में पूरा सहयोग देने को तैयार हैं। रोहित ने सवाल उठाया कि आखिर सिस्टम किसे बचाने की कोशिश कर रहा है और अब तक पुलिस ने मामला दर्ज क्यों नहीं किया ? जब रोहित पवार से पूछा गया कि क्या राहुल गांधी को भी इस प्लेन हादसे के पीछे किसी साजिश का शक है ?

## संक्षिप्त खबरें ।

### विधुत अधीक्षण अभियंता एसटीएफ द्वारा बिजली चोरी विरूद्ध छापेमारी कि गयी

**गया जी।** साउथ बिहार डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के संजीव कुमार विद्युत अधीक्षण अभियंता ,एसटीएफ अंचल गया के नेतृत्व में विद्युत ऊर्जा चोरी के विरुद्ध छापेमारी की गई है ।जिसमें विद्युत कार्यपालक अभियंता ,एसटीएफ विद्युत कार्यपालक अभियंता, गया शहरी ,सहायक विद्युत अभियंता एसटीएफ ,सहायक विद्युत अभियंता एवं अन्य कर्मी बोधगया स्थित ईवी चार्जिंग हेतु गैर घरेलू परिसर पहुंचे जिसका विद्युत संबंध मोहम्मद मतीन पिता –वली मोहम्मद के नाम से था ।उपभोक्ता मोहम्मद मतीन के द्वारा अपने चालू मीटर के अतिरिक्त एक अन्य सर्विस तार के द्वारा विद्युत ऊर्जा की चोरी की जा रही थी ।इस मौके पर मौजूद ई रिक्शा एवं अन्य विद्युत उपकरणों का भार की गणना करते हुए उनके ऊपर 14.36 लाख रुपये की विद्युत ऊर्जा चोरी हेतु प्राथमिकी बोधगया थाना में दर्ज कराई गई।

### खुले में मांस-मछली बेचने वालें दो दुकानदार पर हुई कार्रवाई,दस हजार का लगा जुर्माना



**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)**:–बिहार सरकार के निर्देशों के अनुपालन में वारिसलीगंज नगर परिषद ने खुले में मांस और मछली की बिक्री करने वालों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। बुधवार को स्थानीय बाजार में स्टेट बैंक की मुख्य शाखा के पास मांस, मछली और मुर्गा बेचने वाले दो दुकानदारों पर छापेमारी कर पांच–पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। राज्य सरकार ने हाल ही में एक नियम बनाया है, जिसके अनुसार सार्वजनिक स्थानों पर पशु वध करना और खुले में मांस,मछली एवं मुर्गा बेचना दंडनीय है ।नगर कार्यालय ने एक पखवारे पूर्व बाजार के मांस–मछली विक्रेताओं को नोटिस देकर निर्देश दिया था कि वे खुले में बिक्री न करें। इसके बावजूद, नगर के विभिन्न स्थानों पर गैर निबंधित दुकानदारों द्वारा बिक्री जारी रही। छापेमारी के दौरान वारिसलीगंज स्टेट बैंक के पास मांस विक्रेता बंटी कुमार और परवेज आलम खुले में बकरा काटकर मांस बेच रहे थे ।नगर परिषद कार्यालय की टीम ने तत्काल दुकान बंद कराई और दोनों से जुर्माना वसूला। छापेमारी टीम के सदस्यों ने बताया कि जब तक सरकार सुरक्षित स्थान मुहैया नहीं कराती, तब तक दुकानदारों को अपनी दुकानों में पर्दा लगाकर मांस और मछली की बिक्री करनी चाहिए।

### अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर जब्त,चालक गिरफ्तार

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** वारिसलीगंज पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर को जब्त कर चालक को गिरफ्तार किया है ।इस बावत पुलिस ने जब्त अवेघ बालू लदा ट्रैक्टर,ट्रैक्टर मालिक तथा गिरफ्तार चालक थाना क्षेत्र के सौर राजापुर गांव निवासी भाषो दास के पुत्र गोलू कुमार के अलावा एक अन्य बालू माफिया के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज किया है ।इस संबंध में थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर पंकज कुमार सैनी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली की थाना क्षेत्र के हैवतपुर गांव स्थित नदी से अवैध रूप से बालू का उत्खनन कर ट्रैक्टर पर लोड किया जा रहा है ।सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष ने एक विशेष टीम का गठन कर छापेमारी करने का निर्देश दिया। गठित टीम ने उक्त स्थान पर छापेमारी कर अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को जब्त करते हुए चालक को गिरफ्तार कर लिया गया ।उन्होंने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

### राजकिशोर दांगी को जदयू जिलाध्यक्ष बनने पर दी बधाई

**लोक तंत्र की आवाज**

**कौआकोल।** जनता दल यूनाइटेड के जिलाध्यक्ष पद पर अकबरपुर के जिला पार्षद राजकिशोर दांगी के मनोनयन किए जाने पर प्रखण्ड जदयू के नेताओं समेत अन्य लोगों ने उन्हें बधाई दी है। जदयू सह प्रखण्ड 20सूत्री अध्यक्ष दिलीप कुशवाहा,पूर्व जदयू अध्यक्ष सह पैक्स अध्यक्ष रामाश्रय सिंह,ओमप्रकाश चौहान,शम्भू महतो,राजेन्द्र रावत,शिवबालक कुशवाहा आदि ने जिलाध्यक्ष बनने पर राजकिशोर दांगी को बधाई दिया है।

# राजगीर में नालंदा इंटरनेशनल लिटरेचर फेस्टिवल का भव्य आगाज

**लोक तंत्र की आवाज**



**राजगीर।** राजगीर में 12 से 14 मार्च तक आयोजित होने वाले नालंदा इंटरनेशनल लिटरेचर फेस्टिवल का भव्य आगाज बुधवार को हुआ। तीन दिवसीय इस अंतरराष्ट्रीय साहित्यिक महोत्सव का आयोजन आमात्य फाउंडेशन के तत्वावधान में किया जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य साहित्य, संस्कृति और विचारों के वैश्विक संवाद को बढ़ावा देना तथा बिहार की समृद्ध बौद्धिक और साहित्यिक परंपरा को अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत करना है।कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुई। मंचासीन अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर महोत्सव का उद्घाटन किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार और साहित्यकार मनोज भावनी, वरिष्ठ पत्रकार एवं गांधीवादी विचारक बलराज सिंह, कवयित्री कविता शर्मा, लेखिका हमा जैन, कंप्यूटर एवं जीनोम प्रोफेसर डॉ. लालदेव सिंह, तथा डॉ. नीना वर्मा सहित कई विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे।कार्यक्रम के आरंभ में नालंदा विद्या मंदिर के बच्चों द्वारा स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया ।कार्यक्रम का स्वागत भाषण वैशाली सेता, निदेशक, नालंदा इंटरनेशनल स्कूल द्वारा दिया गया। उन्होंने सभी अतिथियों, साहित्यकारों और प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि नालंदा की ऐतिहासिक भूमि पर आयोजित यह साहित्यिक महोत्सव साहित्य प्रेमियों को एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा और बिहार की सांस्कृतिक विरासत को व्यापक पहचान दिलाएगा। इस अवसर पर ऑस्ट्रेलिया से आए व्यवसायी और आईटी विशेषज्ञ जावेद सिद्दीकी ने साहित्य और तकनीक के संबंध पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि आधुनिक दौर में तकनीक और साहित्य का समन्वय अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा, ''डाटा हमें सूचना देता है, लेकिन साहित्य हमें संवेदना देता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस डाटा और साहित्य के इसी संगम का उदाहरण है।'' उन्होंने बिहार की समृद्ध साहित्यिक परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि यही वह भूमि है जहां रामधारी सिंह 'दिनकर' ने अपनी लेखनी से समाज में चेतना और ऊर्जा का संचार किया, जबकि फणीश्वर नाथ 'रेणु' ने अपनी रचनाओं में मिट्टी की पीड़ा और आमजन के जीवन को शब्दों में पिरोया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि नालंदा जैसी ऐतिहासिक और ज्ञान परंपरा से जुड़ी भूमि पर इस तरह के अंतरराष्ट्रीय साहित्यिक आयोजन से बिहार की सांस्कृतिक पहचान को नई ऊर्जा मिलेगी और युवा पीढ़ी को साहित्य तथा बौद्धिक विमर्श की दिशा में प्रेरणा मिलेगी।वक्ताओं ने युवाओं से आह्वान किया कि वे केवल इतिहास पढ़ने तक सीमित न रहें, बल्कि प्रगति, नवाचार और नए विचारों का साहित्य भी रचें। तीन दिवसीय इस साहित्यिक महोत्सव में देश और विदेश से आए साहित्यकार, लेखक, पत्रकार और विचारक विभिन्न सत्रों में भाग लेंगे और साहित्य, समाज, संस्कृति तथा समकालीन विषयों पर अपने विचार साझा करेंगे।कार्यक्रम का मंच संचालन शैलेश कुमार ने किया, जिन्होंने पूरे आयोजन को प्रभावी और सुव्यवस्थित ढंग से संचालित किया।

# घरेलू गैस कि बढ़ती कीमत से जंगल कटाई में आ रही तेजी प्रयावर्ण पर खतरा



**लोक तंत्र की आवाज**

**सिरदला(नवादा)।** इन दिनों प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न जंगलो में हरे पेड़ो व झाड़ियों कि कटाई तेज हो गई है। ऐसा तब ज्यादा होने लगी जब रसोई गैस कि मूल्य में इजाफा के साथ साथ गैस सलेंडर कि किल्लत होने लगी है। वैसे गैस वितरक का दावा है कि क्षेत्र के ग्रामीण व शहरी गैस उपभोक्ताओं को गैस कि कमी नही होने दिया जायगा। बावजूद भी ग्रामीण क्षेत्र कि महिलाएं दिनों भर जंगल में जाकर लकड़ी को काटकर बोझा बनाकर उसे ढोकर घर लाती है। और फिर उसे सप्ताहिक बाजार में लेकर बेच कर उससे प्राप्त पैसे से अपने घरो कि जरूरतों को पुरा करती है। यह हाल सर्वाधिक हेमजा भारत, बंगलापर, शेरपुर, शाहपुर, चैली, चपरी, रजोंध, मँझौली, नवाडीह, जमुनिया, प्रणादावर, बलुआ तरी, कोसम्हातरी, मधी क्लोंडी, लबनी, पड़रिया, रामरायचक, कारीगीधी, मोहनरिया बकड़झौली, एकम्बा, चौकिया,सिमरा तांड , कर्मातांड, पोखरिया कोल आदि गांव कि सर्वाधिक महिलाएं पास के जंगल में लगे पेड़ो कि बृहद पैमाने कटाई कर जंगल को वीरान सूनसान और मैदान जैसा बना दिया है। अब पहाड़ के उस पार भी अब जाकर घने जंगलो को नुकशान पहुंचाया जा रहा है। स्थानीय वन विभाग के अधिकारी जंगल कि कटाई रोकने को लेकर लगातार छापेमारी कर रही है ।लेकिन सिरदला विभाग कार्यालय में कर्मी के घोर आभाव एवं दूर दूर में फैसे विभिन्न जंगल में एक साथ वन कर्मी नही पहुंचपाते हैं। जिसके कारण जंगलो कि अंधाधुन कटाई कर ग्रामीण महिला अपने आर्थिक सहयोग में जुटी है। सिरदला वन पाल पदाधिकारी ने बताया कि जंगल कटाई को रोकने के लिये लगातार ऑपरेशन चलाया जा रहा है। वन कटाई करते महिलाओ से टाँगी भी जप्त कर उन्हें चेतावनी दी जा रही है। पर्याप्त संसाधन नही रहने पर वन विभाग लगातार रोकने कि कोशिश कर रही है।

# नवादा में युवक की गला रेतकर हत्या, इलाके में फैली सनसनी



**लोक तंत्र की आवाज**

**सुनील कुमार**

**नवादा ।** नवादा जिले के नरहट प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बनिया बीघा गांव के रेहड़ा में गेहूँ के खेत से एक युवक का शव बरामद किया गया है। मृतक की पहचान बनिया बिगहा निवासी निवासी स्व. महावीर माहतो का पुत्र अनुज कुमार उर्फ सत्तू के रूप में किया गया है। मृतक युवक का दो लड़का एक लड़की भी है। युवक की गला रेतकर हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग घटनास्थल पर जुट गए। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। फिलहाल पुलिस शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई कर रही है तथा हत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# निर्माणाधीन अदानी सीमेंट ग्राइंडिंग यूनिट में 55वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का समारोहपूर्वक हुआ समापन

**लोकतंत्र की आवाज**



**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)**:-वारिसलीगंज स्थित निर्माणाधीन सीमेंट प्रोजेक्ट में 55 वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का समापन बुधवार को समारोह पूर्वक आयोजित किया गया ।कार्यक्रम में प्रोजेक्ट के अधिकारियों, कर्मचारी, ठेकेदार प्रतिनिधि तथा श्रमिक ने उत्साहपूर्वक भाग लिया ।कार्यक्रम का उद्देश्य कार्यस्थल पर सुरक्षा के न प्रति जागरूकता बढ़ाना और सुरक्षित कार्य संस्कृति को मजबूत करना रहा। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों, अधिकारियों और कर्मचारियों का हेड सेफ्टी रंजीत सिंह द्वारा स्वागत किया गया ।उन्होंने अपने संबोधन में सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सुरक्षा केवल एक नियम या प्रक्रिया नहीं, बल्कि हमारी कार्य संस्कृति और जिम्मेदारी का महत्वपूर्ण हिस्सा है। कार्यक्रम की शुरुआत प्रोजेक्ट हेड संजय शर्मा ने ध्वजारोहण कर किया। तत्पश्चात उपस्थित लोगों ने कार्यस्थल पर सुरक्षा नियमों का पालन करने और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए हमेशा सतर्क रहने का संकल्प लिया। इस दौरान सेफ्टी टीम द्वारा सुरक्षा विषय पर एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया।लघु नाटक के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि यदि हम छोटी-छोटी सावधानियां बरतें और सुरक्षा नियमों का पालन करें,तो बड़ी से बड़ी दुर्घटनाओं से भी बचा जा सकता है।इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में दो प्रतिभागियों द्वारा सुरक्षा पर आधारित एक प्रेरणादायक सेफ्टी सौंग भी प्रस्तुत किया गया। इस गीत ने सभी कर्मचारियों को यह याद दिलाया कि सुरक्षा पहले है। हर कार्य से पहले सुरक्षा को प्राथमिकता देना आवश्यक है। मौके पर प्रोजेक्ट में उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन करने वाले तथा सुरक्षा नियमों का अनुकरणीय पालन करने वाले करीब 60 कर्मचारियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# कृषि विज्ञान केंद्र में पांच दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण का शुभारंभ





**लोक तंत्र की आवाज**

**कौआकोल।** ग्राम निर्माण मंडल, नवादा के तत्वावधान में संचालित कृषि विज्ञान केंद्र नवादा द्वारा गुरुवार को ₹बकरी पालन₹ विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ग्राम निर्माण मंडल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार, केवीके के वरीय वैज्ञानिक सह-प्रधान डॉ. जयवंत कुमार सिंह, कृषि वैज्ञानिक डॉ. शशांक शेखर सिंह, अंगद कुमार एवं कोर्स कोआर्डिनेटर रजत रंजन द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए ग्राम निर्माण मण्डल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार ने कहा कि बकरी पालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने का एक सशक्त माध्यम है। किसान अपनी खेती के साथ-साथ इसे सहायक व्यवसाय के रूप में अपनाकर अपनी आर्थिक स्थिति में व्यापक सुधार कर सकते हैं। इस अवसर पर नाबार्ड के डीडीएम सुशांत रोशन ने किसानों को पशुपालन क्षेत्र में मिलने वाले वित्तीय सहयोग के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बैंक की विभिन्न ऋण योजनाओं और सब्सिडी (अनुदान) की जानकारी देते हुए किसानों को बैंकिंग प्रणाली से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में नवादा जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए 40 प्रगतिशील किसानों ने पंजीकरण कराया है। प्रशिक्षण के दौरान वैज्ञानिकों द्वारा उन्नत नस्ल चयन, आवास प्रबंधन, टीकाकरण और आहार प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर तकनीकी जानकारी दी जाएगी।

# बिहारशरीफ : आंगनवाड़ी केंद्र की छत का प्लास्टर गिरा, आधा दर्जन बच्चे घायल, एक का पैर टूटा

**लोक तंत्र की आवाज**



**बिहारशरीफ।** परवलपुर प्रखंड के जयशिव बिगहा गांव स्थित आंगनवाड़ी केंद्र संख्याझ्र6 में गुरुवार को पढ़ाई के दौरान बड़ा हादसा हो गया। अचानक छत का निचला हिस्सा प्लास्टर सहित गिर पड़ा, जिससे केंद्र में अफरा-तफरी मच गई। उस समय केंद्र में छोटे-छोटे बच्चे पढ़ाई कर रहे थे। छत का प्लास्टर गिरने से करीब आधा दर्जन बच्चे घायल हो गए। घटना के बाद वहां मौजूद आंगनवाड़ी कर्मियों और स्थानीय लोगों ने तुरंत बच्चों को मलबे से निकालकर बाहर किया। सूचना मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए। इसके बाद सभी घायलों को इलाज के लिए एकंगरसराय के एक निजी क्लिनिक में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद बताया कि सभी बच्चे फिलहाल खतरे से बाहर हैं।घायलों में जयशिव बिगहा निवासी ज्वाला पासवान का 4 वर्षीय पुत्र आकाश कुमार, रविशंकर पासवान की 4 वर्षीय पुत्री अणु कुमारी, तन्नू कुमारी, नीतीश पासवान का 3 वर्षीय पुत्र आर्यन कुमार, आयुष कुमार सहित अन्य बच्चे शामिल हैं। इनमें आकाश कुमार को सबसे गंभीर चोट आई है और उसका पैर टूट गया है, जबकि अन्य बच्चों को सिर और शरीर के विभिन्न हिस्सों में चोटें लगी हैं।आंगनवाड़ी सेविका उषा देवी ने बताया कि लगभग एक वर्ष पहले 77 हजार रुपये की लागत से केंद्र भवन की मरम्मत कराई गई थी। मरम्मत के कुछ ही समय बाद छत का प्लास्टर गिरने की घटना ने भवन की गुणवत्ता पर सवाल खड़े कर दिए हैं।घटना के बाद ग्रामीणों और अभिभावकों में काफी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि भवन की मरम्मत में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया, जिसके कारण यह हादसा हुआ। ग्रामीणों ने मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# बिहारशरीफ : पैतृक गांव कल्याण बीघा पहुंचे निशांत कुमार, ग्रामीणों ने लगाए 'आज का सीएम कैसा हो' के नारे

**लोक तंत्र की आवाज**





**बिहारशरीफ।** जनता दल (यू) में शामिल होने के बाद पहली बार जदयू नेता निशांत कुमार अपने पैतृक गांव कल्याण बीघा पहुंचे। गांव पहुंचते ही ग्रामीणों ने जोरदार नारों और गर्मजोशी के साथ उनका भव्य स्वागत किया। पूरे गांव में उत्साह का माहौल देखने को मिला ।निशांत कुमार ने गांव पहुंचकर सबसे पहले स्मृति वाटिका में अपने दादा-दादी और माता की आदमकद प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। इसके बाद उन्होंने गांव के लोगों से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया और सभी के प्रति आभार व्यक्त किया ।गांव में उनके पहुंचते ही समर्थकों और ग्रामीणों ने ''आज का सीएम कैसा हो, निशांत कुमार जैसा हो'' के जोरदार नारे लगाए। स्वागत के दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे और पूरे इलाके में राजनीतिक सरगर्मी देखने को मिली। मीडिया से बातचीत में निशांत कुमार ने कहा कि उन्हें बिहार की जनता का लगातार प्यार और स्नेह मिल रहा है। उन्होंने कहा कि उनके पिता और बिहार के मुख्यमंत्री ने पिछले 20 वर्षों में राज्य के विकास के लिए जो कार्य किए हैं, उसे आगे बढ़ाना उनकी प्राथमिकता होगी ।उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास जीतने के लिए वे लगातार काम करेंगे और उन्हें जमीनी स्तर के नेताओं व कार्यकर्ताओं का भरपूर समर्थन मिल रहा है ।इस अवसर पर जदयू के राष्ट्रीय महासचिव इंजीनियर सुनील ने कहा कि निशांत कुमार अपने पैतृक गांव कल्याण बीघा पहुंचे हैं, जहां जनता का उन्हें भरपूर समर्थन और आशीर्वाद मिल रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि निशांत कुमार आगे चलकर नीतीश कुमार की विरासत को आगे बढ़ाने का काम करेंगे ।कार्यक्रम के दौरान जदयू नेता श्रवण कुमार, रंजीत कुमार, मोहम्मद अरशद, प्रेम कुमार, दीपक कुमार, उपेंद्र दिलवाले, पप्पू कुमार, सलन महतो, चप्पू सिंह, विनोद मुखिया, डिंपल मुखिया, रोहित कुमार, अमन कुमार, राकेश मुखिया, दिलीप कुमार, रजनीश कुमार, सुनील कुमार और बनारस प्रसाद सहित कई लोग मौजूद रहे।

# बिजली चोरी के आरोप में छह लोगों पर प्राथमिकी, लाखों का जुर्माना

**लोकतंत्र की आवाज**



**प्रदीप प्रसाद संवाददाता**

**सिरदला (नवादा)।** बिजली चोरी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सिरदला बिजली विभाग की टीम ने राजौंध, नावाडीह तथा सोनारी गांव में छापेमारी कर अवैध रूप से बिजली उपयोग करते छह लोगों को पकड़ा है। इस संबंध में कनीय अभियंता मो. नसीरूद्दीन अंसारी ने परना डाबर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। कनीय अभियंता ने बताया कि जांच के दौरान सभी लोग एलटी लाइन में टोका लगाकर तथा बाईपास कर अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते पाए गए। विभाग द्वारा राजौंध गांव के नरेंद्र प्रसाद पर 7,378 रुपये, नावाडीह गांव के तुलसी प्रसाद पर 20,163 रुपये तथा सोनारी गांव के जवाहर प्रसाद पर 9,517 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। वहीं सोनारी गांव के महेंद्र प्रसाद पर 7,937 रुपये, कामेश्वर प्रसाद पर 13,278 रुपये तथा रामेश्वर प्रसाद पर 31,539 रुपये का जुर्माना निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि बिजली चोरी के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। छापेमारी के दौरान मानव बल विक्रम कुमार, नरेश राजवंशी, राजेश कुमार और सुनील कुमार सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण पूर्ण हो: अनुनय झा



ब्यूरोचीफ शिवम गुप्ता
हरदोई। आज कलेक्ट्रेट में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई मे आज कुल 71 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण पूर्ण हो। जनसुनवाई मे प्राप्त कुछ शिकायतों का जिलाधिकारी ने मौके पर ही समाधान किया। इस अवसर पर अतिरिक्त मजिस्टेज्ट भूमिका यादव व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहें।

### हरदोई : घर के बाहर सो रहे किसान की हत्या, जमीन पर मिला शव

**ब्यूरोचीफ शिवम गुप्ता**
**हरदोई।** अतरौली के गांव में बुधवार रात घर के बाहर सो रहे किसान की हत्या कर दी गई। तखत के नीचे शव पड़ा मिला, सिर व गले पर चोट के निशान थे। मौके से खून लगी लाठी मिली है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की पड़ताल की, फारेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाने को नमूने लिए हैं। अतरौली के ग्राम आदमपुर के केशन बुधवार रात घर के बाहर दीवार पर पड़ी पालीथिन के नीचे तखत डाल कर सो रहे थे। देर रात अज्ञात लोगों ने हमला कर दिया। बेटी के मुताबिक, पिता के कराहने की आवाज सुनकर वह घर से बाहर देखा तो तखत के नीचे पिता घायलवस्था में पड़े थे।उनके सिर और गले पर चोट के निशान थे। मुंह से खून निकल रहा था। पूछने पर बताया कि कुछ लोगों ने मारपीट की और लाठी रखकर गर्दन दबा दी। इतना कहते की उसके पिता ने दम तोड़ दिया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच की, पुलिस को मौके से खून से सनी लाठी बरामद हुई है। स्वजन ने किसी से रंजिश होने से अभी इंकार किया है। घटना में सबंधों को लेकर हत्या किए जाने की चर्चाएं है, लेकिन कोई भी व्यक्ति खुलकर कुछ नहीं बोल रहा है।

### बिजनौर प्रथम तीर्थंकर वृषभनाथ का जन्मोत्सव उत्साहपूर्वक मनाया



**रिपोर्ट आकांक्षा कुमारी**
एवं प्रथम तीर्थकर वृषभ नाथ का जन्म एवं तप कल्याणक श्री आदिनाथ दिगंबर जैन पंचायती मंदिर एवं नगर के दोनों मंदिरों में जैन समाज के अनुयायियों द्वारा प्योर धार्मिक विधि विधान पूर्वक मनाया गया सर्वप्रथम भगवान आदिनाथ को जल अभिषेक एवं शांति धारा के पश्चात श्री आदिनाथ जी की विशेष पूजा कर जन्म एवं तप कल्याणक मनाया गया भगवान श्री आदिनाथ जी के संबंध में जैन धर्म के अनुयाई अनिल जैन द्वारा अनिल जानकारियां दी गई उन्होंने बताया कि आज की अयोध्या जैन आगम में हमेशा से पूजनीय रही है उनके द्वारा बताया गया कि आदिनाथ के पुत्र भरत के नाम पर हमारे देश का नाम भारत पड़ा है इस मौके पर अनिल जैन सुनील जैन, संजय जैन, जितेंद्र जैन, अरविंद जैन, प्रदीप जैन, सुरेंद्र जैन, पारस जैन, आकाश जैन, अविनाश जैन, गौरव जैन, नीरज जैन, बबिता जैन, अंजलि जैन, प्रियंका जैन, सोनल जैन आदि अनेक जैन समाज के अनुयाई मौजूद रहे।

### अपर जिलाधिकारी न्यायिक कि अध्यक्षता में हुई अभियोजन कार्यों की समीक्षा बैठक

**ब्यूरोचीफ शिवम गुप्ता हरदोई।**
**हरदोई।** आज स्वामी विवेकानंद सभागार में अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी कि अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई । बैठक में दीवानी, राजस्व एवं फौजदारी आदि के मामलों की जो सबसे पुराने मुकदमे लंबित है उनको अभियान चला कर निस्तारण करने निर्देश दिए। बैठक मे पास्को एक्ट के मुकदमों की समीक्षा की गयी। । सरकारी भूमि कब्जे के मामले जो कोर्ट में चल रहे हैं निस्तारण करने निर्देश दिए। उन्होंने लेबर कोर्ट के लम्बित मामलों को निस्तारित करने निर्देश के दिए। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी एवं शासकीय अधिवक्ता सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# बड़ी कार्रवाई : बिजनौर में तीसरे दिन भी अवैध कॉलोनियों पर गरजा बुलडोजर झगड़ी बांगर में हंगामा

## सभी अवैध कॉलोनियों को भेजे गए नोटिस अभियान आगे भी रहेगा जारी: एसडीएम रितु रानी





**लोकतंत्र की आवाज**

**रिपोर्ट मुकेश कुमार सिंह**
बिजनौर में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत तहसील प्रशासन ने बुधवार को भी बड़ी कार्रवाई की। ग्राम झगड़ी बांगर में बिना लेआउट पास विकसित की जा रही सपा नेता की कॉलोनी पर प्रशासनिक टीम बुलडोजर लेकर पहुंची, जहां कार्रवाई के दौरान हंगामे की स्थिति बन गई।तहसील प्रशासन की टीम पहुंची तो बिना लेआउट गंगा ग्रीन सिटी वैष्णो विहार फेस-2 नाम से विकसित कॉलोनी की एक दीवार ध्वस्त कर दी। कॉलोनी से जुड़े लोगों ने विरोध शुरू कर दिया, जिससे मौके पर तनाव बढ़ गया और काम कुछ समय के लिए रुक गया। बताया जा रहा है इस कॉलोनी तहसील के दो पटवारी भी पार्टनर बताए जा रहे है। मौके पर मौजूद जेसीबी चालक सलमान को भी धमकी दी गई बाद में तहसीलदार आशीष सक्सेना मौके पर पहुंचे, प्रशासनिक हस्तक्षेप से हालात नियंत्रित किए गए। विरोध कर रहे लोगों का कहना था कि उन्हेंकार्रवाई से पहले नोटिस नहीं मिला। इस पर टीम बिना आगे की कार्रवाई किए लौट गई।हालांकि एसडीएम सदर रितु रानी ने स्पष्ट किया कि सभी अवैध कॉलोनियों को नियमानुसार नोटिस जारी किए जा चुके हैं और अभियान आगे भी जारी रहेगा। इससे पहले प्रशासन ने जोधु वाला रोड स्थित कालिका मंदिर के पास दो बिना लेआउट पास कॉलोनियों के गेट व सड़कें उखाड़ों, फरीदपुर काजी में निशान शोरूम के सामने बन रहे मार्केट को भी ध्वस्त किया गया और सड़क उखाड़ दी गई जबकि उनका कहना है कि लेआउट पास करवाने के लिए फाइल विनिर्मित क्षेत्र कार्यालय में जमा है फिर भी कार्यवाही की गई।बताया जा रहा है कि शहर में लगभग 95 कॉलोनियों का लेआउट पास नहीं है। लोगों का कहना है कि ध्वस्तीकरण की कार्रवाई सिर्फ एक वर्ग विशेष के खिलाफ होने से आक्रोश बढ़ रहा है। और चुनाव में उनका वोट पाकर संसद और विधानसभा में पहुंचने वाले नेता भी चुप्पी साधे हुए है, साथ ही सवाल उठ रहे हैं कि जब लेआउट पास ही नहीं होना है, तो धारा 80 के नाम पर मोटी रकम क्यों ली जाती है? अब प्रशासन से पारदर्शी और निष्पक्ष कार्रवाई की मांग उठ रही है।

# घाड़ क्षेत्र के 35 गांवों में 1100 से अधिक जरूरतमंदों को फूड किट वितरित किया



**लोकतंत्र की आवाज**

**असद सिद्दीकी, (ब्यूरो प्रमुख)**
देवबंद। जनहित मानव कल्याण समिति सहारनपुर द्वारा सामाजिक सेवा की मिसाल पेश करते हुए घाड़ क्षेत्र के 35 गांवों में 1100 से अधिक जरूरतमंद एवं गरीब परिवारों को फूड किट वितरित की गई। इस पहल का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद लोगों तक राहत सामग्री पहुंचाकर उनकी सहायता करना था। संस्था के कार्यकर्ताओं ने गांव-गांव जाकर जरूरतमंद परिवारों की पहचान की और उन्हें राशन सामग्री से युक्त फूड किट प्रदान की। फूड किट में आटा, चावल, दाल, तेल, नमक तथा अन्य दैनिक उपयोग की आवश्यक खाद्य सामग्री शामिल थी। इस दौरान ग्रामीणों ने संस्था के इस प्रयास की सराहना करते हुए संस्था का आभार व्यक्त किया। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि जनहित मानव कल्याण समिति लगातार समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्गों की सहायता के लिए कार्य करती रही है और आगे भी ऐसे सेवा कार्य जारी रखे जाएंगे। उन्होंने कहा कि समाज के सक्षम लोगों को भी आगे आकर गरीब एवं असहाय लोगों की मदद करनी चाहिए ताकि कोई भी परिवार भूखा न सोए। इस अवसर पर युवा नेता पूर्व मंत्री शायन मसूद, आजम सिद्दीकी नेता संस्था के सचिव नदीम अख्तर एवं उपाध्यक्ष दिलशाद अहमद के नेतृत्व में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया इस दौरान संस्था के सदस्य मोहम्मद चांद अब्दुल रहमान मोहम्मद सरवर मोहम्मद आकिब सिराज अहमद इस्माइल मोहम्मद कुरैशी शाकिर उजमा समरीनं सहित काफी संख्या में पदाधिकारी और स्वयंसेवक मौजूद रहे, जिन्होंने वितरण कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## अपर जिलाधिकारी न्यायिक कि अध्यक्षता में हुई अभियोजन कार्यों की समीक्षा बैठक



**लोकतंत्र की आवाज**

**ब्यूरोचीफ शिवम गुप्ता**
**हरदोई।** आज स्वामी विवेकानंद सभागार में अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी कि अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई । बैठक में दीवानी, राजस्व एवं फौजदारी आदि के मामलों की जो सबसे पुराने मुकदमे लंबित है उनको अभियान चला कर निस्तारण करने निर्देश दिए। बैठक मे पास्को एक्ट के मुकदमों की समीक्षा की गयी। । सरकारी भूमि कब्जे के मामले जो कोर्ट में चल रहे हैं निस्तारण करने निर्देश दिए। उन्होंने लेबर कोर्ट के लम्बित मामलों को निस्तारित करने निर्देश के दिए। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी एवं शासकीय अधिवक्ता सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मौलाना नदीम जैदी: समाज सेवा और इंसानियत की मिसाल

**लोकतंत्र की आवाज**



**असद सिद्दीकी (ब्यूरो प्रमुख)**
देवबंद नेशनल डेमोक्रेटिक फाउंडेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष मौलाना नदीम जैदी समाज सेवा के क्षेत्र में लगातार सक्रिय रहकर लोगों के दिलों में खास जगह बनाने वाले समाज सेवक मौलाना नदीम जैदी आज क्षेत्र में इंसानियत और भाईचारे की मजबूत आवाज बनकर उभरे हैं। वे लंबे समय से जरूरतमंदों की मदद, शिक्षा के प्रसार और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं।

मौलाना नदीम जैदी के नेतृत्व में ट्रस्ट द्वारा गरीब और जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक सहायता, राशन वितरण, शिक्षा सामग्री उपलब्ध कराना और सामाजिक जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं। खासकर गरीब बच्चों की पढ़ाई में मदद और जरूरतमंद मरीजों के इलाज के लिए सहयोग करना उनकी प्राथमिकता में शामिल है। समाज में आपसी भाईचारा और एकता को मजबूत करने के लिए भी मौलाना समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रमों और बैठकों का आयोजन करते रहते हैं। उनका मानना है कि समाज की तरक्की तभी संभव है जब सभी लोग मिल-जुलकर एक-दूसरे की मदद करें और शिक्षा व जागरूकता को बढ़ावा दें।उन्होंने जनता से अपील करते हुए यह भी कहा कि कुछ लोग गैस की आपूर्ति की किल्लत को लेकर सोशल मीडिया पर गलत अफवाहें उड़ा रहे हे समाज के लोग उनपर ज्यादा ध्यान मत दे ओर प्रशाशन को सहयोग करे हा कुछ लोग गैस की काला बाजारी कर रहे हे शासन प्रशासन को ऐसे लोगों पर कड़ी निगाह रखनी चाहिए तथा उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही भी की जाए। स्थानीय लोगों का कहना है कि मौलाना हमेशा हर वर्ग के लोगों के सुख-दुख में साथ खड़े रहते हैं। यही वजह है कि क्षेत्र में उन्हें एक सच्चे समाज सेवक और प्रेरणास्रोत के रूप में देखा जाता है। मौलाना का उद्देश्य समाज के कमजोर और जरूरतमंद लोगों की मदद करना है। उन्होंने युवाओं से भी अपील की कि वे आगे आकर समाज सेवा में भाग लें और एक बेहतर व जागरूक समाज के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं।

# बिजनौर जनसुनवाई में सुनी गई आमजन की समस्याएं, अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश

**लोकतंत्र की आवाज**



**सपोर्ट पायल कुमारी**
कलक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में आम नागरिकों की विभिन्न समस्याओं और शिकायतों को गंभीरता से सुना गया। जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में लोग अपनी-अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे, जिनमें राजस्व, पुलिस, विकास कार्यों बिजली, पानी और अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें प्रमुख रहीं। अधिकारियों ने एक-एक कर सभी फरियादियों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही यह भी कहा गया कि शिकायतों के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनसुनवाई के दौरान अधिकारियों ने कई मामलों का मौके पर ही समाधान कराया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागों को सौंपते हुए शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान हो और लोगों को कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। अधिकारियों ने उपस्थित विभागीय कर्मचारियों से कहा कि जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर गंभीरता से लेते हुए उनका प्रभावी निस्तारण किया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके और शासन की योजनाओं का लाभ आमजन तक सही तरीके से पहुंच सके।

# बिजनौर में गैस की किल्लत से मचा हाहाकार

**लोकतंत्र की आवाज**



**रिपोर्ट महताब अहमद**
**मंडावर ।** कस्बा और आसपास के क्षेत्रों में इन दिनों रसोई गैस की भारी किल्लत देखने को मिल रही है। गैस सिलेंडर समय पर न मिलने के कारण मंडावर क्षेत्र के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मंडावर में भारत गैस एजेंसी पर सुबह से ही उपभोक्ताओं की लंबी-लंबी कतारें लग रही हैं, लेकिन इसके बावजूद भी काफ़ी लोगों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है।मंडावर क्षेत्रवासियों का कहना है कि पिछले कई दिनों से गैस की सप्लाई नियमित रूप से नहीं हो पा रही है, जिससे घरों में खाना बनाना तक मुश्किल हो गया है। खासकर महिलाओं को अधिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। लोगों का आरोप है कि कई बार एजेंसी पर पहुंचने के बाद भी उन्हें यह कहकर लौटा दिया जाता है कि गैस खत्म हो गई है। और बुक करने पर ओटीपी नहीं आया है फोन पर गैस की इस किल्लत को लेकर मंडावर के लोगों में काफी रोष देखा जा रहा है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि जल्द ही गैस की पर्याप्त सप्लाई नहीं की गई तो वे प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि मंडावर क्षेत्र में रसोई गैस की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके। वहीं प्रशासन से इस मामले में जल्द हस्तक्षेप कर समस्या का समाधान कराने की अपील की गई है।

# प्रदेश की टॉप-5 रैंकिंग में शामिल हुआ जनपद जालौन सीएम डैशबोर्ड में पांचवां व आईजीआरएस में चौथा स्थान, माधौगढ़ तहसील प्रदेश में अव्वल

**लोकतंत्र की आवाज**



**उरई जालौन /** जनपद जालौन ने शासन की प्राथमिकताओं के प्रभावी क्रियान्वयन और जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए प्रदेश की टॉप-5 रैंकिंग में स्थान बनाया है। नवीनतम जारी रैंकिंग के अनुसार सीएम डैशबोर्ड में जनपद जालौन ने प्रदेश में पांचवां स्थान प्राप्त किया है, जो जनपद के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। वहीं जन शिकायतों के समाधान के लिए संचालित आईजीआरएस प्रणाली में भी जनपद ने बेहतर कार्य करते हुए प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त किया है। इस क्रम में जनपद की माधौगढ़ तहसील ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। सीएम डैशबोर्ड की विभागीय रैंकिंग में विकास विभाग को प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है, जबकि राजस्व विभाग को 15वां स्थान मिला है। इन सभी विभागों के समन्वित प्रयासों के आधार पर ओवरऑल प्रदर्शन में जनपद जालौन प्रदेश के शीर्ष पांच जिलों में शामिल हो गया है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने इस उपलब्धि पर सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम सभी विभागों की टीमवर्क, जिम्मेदारी और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि जन शिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण तथा शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को आगे भी प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि जनपद की रैंकिंग को और बेहतर बनाया जा सके। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से माधौगढ़ तहसील के अधिकारियों और कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि उनका उत्कृष्ट कार्य अन्य तहसीलों के लिए भी प्रेरणादायी है। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि इसी तरह सक्रियता और पारदर्शिता के साथ कार्य करते हुए जनहित से जुड़े मामलों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें।

# गांव जजनेर में ट्रैक्टर की बैटरी उड़ा ले गए चोर

**लोकतंत्र की आवाज़**



**साजिद सलमानी**
**सहारनपुर।** थाना फतेहपुर क्षेत्र में छुटमलपुर में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। बीती रात जजनेर गांव में चोरों ने एक किसान के ट्रैक्टर को निशाना बनाते हुए उसकी बैटरी चोरी कर ली। घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल है और पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं।

जानकारी के अनुसार गांव जजनेर निवासी नासिर पुत्र शरीफ खां ने अपना महिंद्रा ट्रैक्टर घर की बैठक में खड़ा किया हुआ था। देर रात अज्ञात चोर मौके पर पहुंचे और ट्रैक्टर की बैटरी निकालकर फरार हो गए। सुबह जब परिजनों ने ट्रैक्टर देखा तो बैटरी गायब मिली, जिसके बाद घटना की जानकारी आसपास के लोगों को दी गई। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं हो रही हैं। चोर कभी किसानों के घरों को निशाना बना रहे हैं तो कभी खेतों में खड़े ट्रैक्टरों से सामान चोरी कर रहे हैं। कई बार शिकायत करने के बावजूद भी चोर पुलिस की पकड़ से दूर हैं। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से रात में गश्त बढ़ाने और चोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो क्षेत्र में चोरी की घटनाएं और बढ़ सकती हैं।

## संक्षिप्त खबरें ।

### वार्षिक मूल्यांकन को लेकर छात्र -छात्राओं में उत्साह



लोकतंत्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती/ कहलगांव। प्रखंड अंतर्गत सभी सरकारी विद्यालयों में पहली कक्षा से आठवीं कक्षा तक के बच्चों का वार्षिक मूल्यांकन गुरुवार से प्रारंभ हो गया । कहलगांव के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के आदेश आलोक में वार्षिक मूल्यांकन के सफल संचालन हेतु एक विद्यालय के शिक्षक को अन्य विद्यालय में वीक्षक के रूप में प्रतिनियुक्ति की गई है । इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों एवं प्रधान शिक्षकों के नेतृत्व में विद्यालय प्रांगण को भव्य तरीके से सजाया गया और वार्षिक मूल्यांकन में भाग लेने वाले बच्चों का विशेष स्वागत किया गया । इसी कड़ी में प्राथमिक विद्यालय मिर्धाचक आदिवासी टोला के प्रधान शिक्षक अर्जुन केसरी के नेतृत्व में शिक्षकों द्वारा छात्र-छात्राओं में मूल्यांकन के प्रति जागरूकता लाने के लिए तिलक लगाकर एवं पुष्प वर्षा कर उनका विशेष स्वागत किया गया । इस अवसर पर बच्चों में वार्षिक मूल्यांकन को लेकर विशेष उत्साह देखा गया । मौके पर वरीय शिक्षक चित्तरंजन कुमार सिंह एवं वीक्षक के रुप में प्रतिनियुक्त मध्य विद्यालय नंदलालपुर की शिक्षिका कुमारी रुपम द्वारा बच्चों का मूल्यांकन किया गया ।

### डीपीओ पहुंचे रा० प्रा० वि० दौलतपुर उर्दू, विद्यालय परिवार ने किया सम्मानित



लोकतंत्र की आवाज
समस्तीपुर। डीपीओ एसएसए मो. जमालुद्दीन का आगमन वारिसनगर प्रखंड के आदर्श राजकीय प्राथमिक विद्यालय दौलतपुर उर्दू में हुआ। उनके आगमन पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजीत भारती ने पाग, चादर और पौधा देकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर सहायक शिक्षक विभाष कुमार सोनी, सुरैया परवीन, फहीम नाज, मो. एजाज, सूफिया गुलनाज अंजुम, मो. वलीउल्लाह, एजाज अख्तर, सुमन कुमारी, मीरा कुमारी तथा शिक्षा सेवक मो. एकराम हुसैन ने बुके एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।ज्ञात हो कि ओएनजीसी और आरोही विकास संस्थान देहरादून के सहयोग से विद्यालय में स्थापित कंप्यूटर लैब, डिजिटल बोर्ड एवं K-YAN डिवाइस का उद्घाटन 10 मार्च को जिलाधिकारी रौशन कुशवाहा द्वारा किया गया था। निरीक्षण के दौरान डीपीओ ने विद्यालय की विधि व्यवस्था, सुसज्जित कक्षाओं, पूर्ण पोशाक में उपस्थित बच्चों, पेयजल, शौचालय तथा दीवारों पर की गई पेंटिंग की सराहना की। साथ ही विद्यालय परिसर में आर्ट एंड क्राफ्ट, ओरिगामी पेपर वर्क, सिल्हूट आर्ट, सैंड आर्ट तथा समावेशी शिक्षा से संबंधित टीएलएम का भी बारीकी से निरीक्षण किया।समावेशी शिक्षा के लिए बेहतर टीएलएम निर्माण को लेकर सहायक शिक्षिका सुरैया परवीन को विशेष धन्यवाद देते हुए उन्होंने शिक्षकों को टीम वर्क की भावना से बच्चों के हित में बेहतर कार्य करने का सुझाव दिया।

### मध्य विद्यालय मिल्की में पर्यावरण परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न, कम कमरों से हुई परेशानी



लोकतंत्र की आवाज
मोहम्मद सबरार आलम
बिहपुर/नवगछिया। गुरुवार को बिहपुर पूर्व पंचायत के मिल्की गांव स्थित बिहार शिक्षा परियोजना के अंतर्गत संचालित मध्य विद्यालय मिल्की में कक्षा 1 से 8 तक की पर्यावरण विषय की परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। परीक्षा के दौरान विद्यालय परिसर में अनुशासन और शांति का माहौल देखने को मिला। सभी छात्र-छात्राएं विद्यालय की यूनिफॉर्म में व्यवस्थित ढंग से बैठकर परीक्षा देते हुए नजर आए। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अबुल हसन ने बताया कि विद्यालय में कुल 487 छात्र-छात्राएं नामांकित हैं, जबकि पढ़ाई और परीक्षा संचालन के लिए मात्र चार क्लासरूम ही उपलब्ध हैं। विद्यालय में कक्षा 1 से 8 तक की पढ़ाई होती है, जिससे सीमित संसाधनों के कारण शिक्षण और परीक्षा संचालन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।उन्होंने बताया कि कम कमरों की वजह से परीक्षा दो चरणों में आयोजित करनी पड़ी। पहले सत्र में कक्षा 3 से 8 तक के विद्यार्थियों की परीक्षा ली गई, जबकि दूसरे सत्र में कक्षा 1 और 2 के छात्रों की परीक्षा आयोजित की जाएगी। सीमित संसाधनों के बावजूद शिक्षकों ने बेहतर समन्वय के साथ परीक्षा को सफलतापूर्वक संपन्न कराया। परीक्षा संचालन में शिक्षिका गुफराना, शिक्षक मोनाकीब अंसारी, शिक्षक मोहम्मद अब्दुल कयूम, शिक्षक मोहम्मद मकसूद आलम, शिक्षिका नगमा, शिक्षिका नेईमा खातून, शिक्षक मोहम्मद शाहिद हुसैन तथा शिक्षिका लक्ष्मी कुमारी ने सक्रिय भूमिका निभाई और पूरी निगरानी में शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा संपन्न कराई।विद्यालय का भवन जर्जर होने तथा पर्याप्त क्लासरूम की कमी के कारण शिक्षण व्यवस्था प्रभावित हो रही है। स्थानीय लोगों और अभिभावकों ने सरकार और शिक्षा विभाग से विद्यालय में अतिरिक्त कक्षों के निर्माण तथा भवन की मरम्मत कराने की मांग की है।

## कहलगांव विक्रमशिला महोत्सव की उलटी गिनती शुरू, तैयारी जोरों पर

लोकतन्त्र की आवाज



**केदार नाथ पाण्डेय**
**पीरपैंती/कहलगांव।** तीन दिवसीय विक्रमशिला महोत्सव का उद्घाटन सत्र की उल्टी गिनती शुरू हो गई है जर्मन हैंगर निर्मित पंडाल भव्यतापूर्ण टिमटिमाते, आंख मिचौली, जगमगाते मानो आकाश में धरती से निकटतम तारे चमक रहे हो चकाचौंं करने वाला लाइट एक अलग खूबसूरती देते हुए 38' × 40' फिट का आकर्षक मंच तथा 100' × 200' फीट का पंडाल जिसके अंदर डी एरिया जहां सुसज्जित खूबसूरत फूल के गमले ठीक उसके पीछे मुख्य अतिथियों को बैठने के लिए गैलरी और उसके पीछे गण्यमान व्यक्तियों को बैठने का इंतजाम किया गया है और उसके बाद दर्शक दीर्घा भी कुर्सियों से सज कर तैयार हो चुका है, जहां शांतिपूर्ण बैठकर उद्घाटन सत्र से लेकर रस्म अदायगी के उपरांत प्ले बैक सिंगर हेमा सरदेसाई की सुरों से महफिल गूंजेमन होगा जिसका आनंद आप उठा पाएंगे।

ठीक 3:30 बजे उद्घाटन सत्र प्रारंभ होगी जहां मुख्य अतिथि माननीय सांसद भागलपुर श्री अजय कुमार मंडल तथा विशिष्ट अतिथि इंजीनियर शुभानंद मुकेश माननीय विधायक, श्री मुरारी पासवान माननीय विधायक, श्री अवनीश कुमार सिंह आयुक्त भागलपुर, श्री विवेक कुमार पुलिस महानिरीक्षक, श्री प्रमोद कुमार यादव वरीय पुलिस अधीक्षक के साथ-साथ गरीमामयी उपस्थित श्री शैलेंद्र कुमार उर्फ बूलो मंडल विधायक, ई० शैलेश कुमार विधायक, श्री ललित नारायण मंडल विधायक, श्री मिथुन कुमार विधायक, श्री रोहित पांडे विधायक, डॉ० एनके यादव सदस्य बिहार विधान परिषद, डॉ० संजीव कुमार सिंह एमएलसी, श्री विजय कुमार सिंह एमएलसी, श्री विपिन कुमार मंडल जिला परिषद अध्यक्ष होंगे ठीक 3.40 अपराह्न में दीप प्रज्वलित कर भव्य कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे इससे पहले की आए हुए सभी गण्यमान्यों का स्कूली बच्चों के द्वारा स्वागत गान से स्वागत किया जाएगा। 3:45 बजे बजे जिला पदाधिकारी भागलपुर डॉ० नवल किशोर चौधरी द्वारा स्वागत संबोधन होगा, 3:50 बजे विशिष्ट अतिथियों द्वारा भी संबोधन किया जाएगा संबोधन के उपरांत विक्रमशिला पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे इसके बाद राज्य स्तरीय एवं स्थानीय कलाकारों के द्वारा प्रस्तुति प्रस्तुत की जाएगी संध्याकालीन 7:00 बजे से बॉलीवुड पार्श्व गायिका मुंबई हेमा सरदेसाई आपके सामने उपस्थित होंगे जहां गाने की अमृत वर्षा होगी जिनका आप सीधे मनोरंजन व आनंद उठा पाएंगे।

इसी कड़ी में कई एक एकड़ में फैले पर्यटक की जमीन पर पूर्वाहन 11:00 बजे दंगल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया है जहां आप लड़के एवं लड़कियों का पहलवानी कुश्ती प्रतियोगिता देख पाएंगे जिसका भी खूब आप आनंद उठा पाएंगे।इस प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले पहलवान को मंच पर पारितोषित किया जाएगा। इस बार दो दर्जन प्रदर्शनी लगाए गए हैं जिसमें नेशनल थर्मल पावर कॉर्पोरेट के स्टॉल होंगे वहीं सिल्क, हस्तकला, जीविका, कृषि, कुटीर एवं लघु उद्योग, जीविका, बाल विकास परियोजना, मनरेगा, स्वास्थ्य, मधुबनी पेंटिंग जैसे स्टॉल से भी सुजीत किया जाएगा जिसका भी आप लाभ उठा पाएंगे।

इस बार एक महोत्सव में विशेष व्यवस्था भी आपको देखने को मिलेगा जो पहले कभी नहीं हुआ था इस पर 10 सुसज्जित स्वच्छ, स्वादिष्ट एवं चटपटे खाने का भी लुप्त उठा पाएंगे महोत्सव स्थल पर यह स्टॉल लगाया गया है जहां आप सस्ते दामों पर चाय, फास्ट फूड, नाश्ता, आइसक्रीम और खाना भी खाकर आप मनोरंजन कर पाएंगे। महोत्सव में साफ- सफाई का भी ख्याल रखती गयी है जिसकी समुचित व्यवस्था की गई है जगह पर डस्टबिन वगैरा भी रखा गया है । जहां कहलगांव नगर पंचायत की ओर से तथा ग्राम पंचायत अंतीचक की ओर से भी सफाई मजदूर की अहम भूमिका निभाई जा रही है।

महोत्सव शांतिपूर्ण हो इसके लिए विभिन्न समितियां के द्वारा अपना योगदान दी जारी है दर्शक को कोई कष्ट ना हो इसके लिए प्रशासन की ओर से पुलिस बल एवं एनसीसी के टुकुडिया समारोह स्थल पर अपनी अपनी भूमिका निभाएंगे ताकि किसी भी प्रकार का कोई कष्ट ना हो इसके अनुमंडल पदाधिकारी श्री कृष्ण चंद्र गुप्ता के अलावे प्रखंड विकास पदाधिकारी राजीव रंजन कुमार अंचलाधिकारी सुप्रिया कुमारी सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी मनीष कुमार बीपीआरओ अमित कुमार समिति से डॉक्टर प्रवीण कुमार राणा, नगर पंचायत के अध्यक्ष संजीव कुमार, मुखिया ललिता देवी, पवन कुमार भारती, नितिन कुमार, डॉक्टर पंकज कुमार, सुरेंद्र प्रसाद सिंह, पप्पू कुमार, डॉ जयप्रकाश तृषित, अंजन कुमार मिश्रा, चीकू सिंह रघुवंशी दिवाकर कुमार सिंह राजकिशोर मंडल मोहम्मद आरिफ नजीर अरुण कुमार सूरज कुमार दीपक कुमार सिटी मैनेजर राहुल कुमार बासुदेव रविदास टिंकू कुमार कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लगे हुए हैं

## समस्तीपुर में जनगणना-2027 की तैयारी तेज, डीएम रोशन कुशवाहा ने जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया उद्घाटन




लोकतंत्र की आवाज

**रामजी कुमार**
**समस्तीपुर।** भारत की जनगणना-2027 के पहले चरण को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से गुरुवार को समस्तीपुर में तीन दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। स्थानीय विधि महाविद्यालय परिसर में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना देश का एक अत्यंत महत्वपूर्ण और संवेदनशील राष्ट्रीय कार्य है। इसके सटीक आंकड़ों के आधार पर ही सरकार भविष्य की योजनाओं और नीतियों का निर्माण करती है। उन्होंने सभी चार्ज पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे प्रशिक्षण की हर बारीकी को गंभीरता से समझें ताकि फील्ड में गणना के दौरान किसी प्रकार की त्रुटि न हो। उन्होंने कहा कि जनगणना के आंकड़े विकास योजनाओं के लिए आधार तैयार करते हैं, इसलिए इसमें पारदर्शिता और शुद्धता बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है।

**कई वरिष्ठ अधिकारी रहे मौजूदः** इस अवसर पर जिले के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें उप विकास आयुक्त सूर्य प्रताप सिंह, अपर समाहर्ता ब्रजेश कुमार, सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पदाधिकारी-सह-चार्ज पदाधिकारी तथा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी-सह-चार्ज पदाधिकारी एवं संबंधित कर्मी शामिल थे।

**प्रशिक्षण में बताई गई जनगणना की रूपरेखाः** कार्यशाला के दौरान मास्टर ट्रेनर्स द्वारा जनगणना-2027 के प्रथम चरण की कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के तहत आगामी गतिविधियों की रूपरेखा इस प्रकार है स्व-गणना (Self Enumeration): 17 अप्रैल 2026 से 1 मई 2026 तक मकान सूचीकरण एवं आवास जनगणनाः 2 मई 2026 से 31 मई 2026 तक इसके अलावा प्रशिक्षण सत्र दो चरणों में आयोजित किए जा रहे हैं। पहला सत्र 12 से 14 मार्च तक तथा दूसरा सत्र 15 मार्च से 17 मार्च 2026 तक प्रतिदिन सुबह 9:30 बजे से शाम 6:00 बजे तक चलेगा।

**मोबाइल ऐप से होगा डेटा संकलनः** प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों और कर्मियों को मोबाइल ऐप और डिजिटल माध्यमों के जरिए डेटा संकलन की नई तकनीकों की भी जानकारी दी गई।

## बच्चों का स्वागत टीका और फूल वर्षाकर किया गया



**लोकतंत्र की आवाज**
**केदार नाथ पाण्डेय**
**पीरपैंती।** बिहार के सरकारी स्कूलों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 1 से 8 तक की वार्षिक परीक्षाएं 12 मार्च से शुरू हो गई हैं। शिक्षा विभाग के नए दिशानिर्देशों के तहत भागलपुर जिले सहित राज्यभर के प्राथमिक और मध्य विद्यालयों में ये परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं।इस साल की परीक्षा में प्रश्नपत्रों के वितरण में महत्वपूर्ण बदलाव किया गया है। शिक्षा विभाग ने पहली बार 'ई-शिक्षाकोष' पोर्टल के माध्यम से डिजिटल प्रश्नपत्र उपलब्ध कराए हैं। कहलगांव प्रखंड स्थित प्राथमिक विद्यालय रामराय बाग ख़ुटहरी के प्रधान शिक्षक सर्वोत्तम कुमार शर्मा ने बताया कि प्रश्नपत्र रोजाना सुबह 9:15 बजे पोर्टल पर अपलोड होते हैं। शिक्षक इन्हें डाउनलोड कर सुबह 10:00 बजे तक ब्लैकबोर्ड पर लिखते हैं, जिसके बाद छात्र उत्तर पुस्तिकाओं में अपने जवाब दर्ज करते हैं।बच्चों के स्वागत के लिए विद्यालय के शिक्षक रतन कुमार, कल्पना ,गीता, कविता ने गुब्बारे सजाकर, फूलों की गंगोली बनाकर बच्चों का स्वागत पुष्प और टीका लगाकर किए।

## पूसा कृषि विश्वविद्यालय में प्लेसमेंट की शानदार शुरुआत, 16 छात्रों का 'सुधा' फेडरेशन में चयन

लोकतंत्र की आवाज



**समस्तीपुर/पूसा।** डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा में इस वर्ष प्लेसमेंट सत्र की शुरुआत के साथ ही छात्रों के चयन का सिलसिला तेज हो गया है। विश्वविद्यालय के कृषि व्यवसाय एवं ग्रामीण प्रबंधन विद्यालय के 16 छात्रों का चयन बिहार राज्य दुग्ध सहकारी महासंघ लिमिटेड द्वारा किया गया है। बताया जाता है कि बिहार सरकार से संबद्ध इसी महासंघ द्वारा लोकप्रिय डेयरी ब्रांड 'सुधा डेयरी' का संचालन किया जाता है। इसके अलावा कुछ छात्रों का चयन टाटा रेलिस तथा प्रदान जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं में भी हुआ है। आने वाले समय में विश्वविद्यालय में प्लेसमेंट के लिए अन्य राष्ट्रीय और बहुराष्ट्रीय कंपनियों के भी आने की संभावना जताई जा रही है।

विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पी. एस. पांडेय ने चयनित छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य छात्रों को केवल उच्च शिक्षा और रोजगार तक सीमित रखना नहीं है, बल्कि उन्हें देश का एक सशक्त, जिम्मेदार और समर्पित नागरिक बनाना भी है। उन्होंने कहा कि जब विश्वविद्यालय के छात्र प्रतिष्ठित कंपनियों में चयनित होते हैं तो यह संस्थान के लिए गर्व की बात होती है। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि यहां के छात्रों की राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मांग बढ़ रही है। बेहतर प्लेसमेंट के लिए उन्होंने प्लेसमेंट समन्वयक, शिक्षकों, वैज्ञानिकों और कर्मचारियों को भी बधाई दी।

कृषि व्यवसाय एवं ग्रामीण प्रबंधन विद्यालय के निदेशक डॉ. रामदत्त ने बताया कि पिछले तीन वर्षों से संस्थान के छात्रों का 100 प्रतिशत कैंपस प्लेसमेंट हो रहा है और इस वर्ष भी सभी छात्रों के चयन की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि यदि लगातार चौथे वर्ष भी शत-प्रतिशत प्लेसमेंट होता है तो यह संस्थान के लिए एक नया रिकॉर्ड होगा।

उन्होंने यह भी कहा कि कुलपति के नेतृत्व में विश्वविद्यालय में शिक्षा, अनुसंधान और प्रसार के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है, जिसका सकारात्मक असर छात्रों के बेहतर प्लेसमेंट के रूप में सामने आ रहा है। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. पी. के. प्रणव, अनुसंधान निदेशक डॉ. ए. के. सिंह समेत विश्वविद्यालय के कई शिक्षकों और वैज्ञानिकों ने भी चयनित छात्रों को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

## पीरपैंती में लूडो खेलने के दौरान हुआ विवाद, फौजी के बेटे को मारी गई गोली, पांच लोग गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज

### भागलपुर पुलिस ने 24 घंटे में किया खुलासा



**अंकित कुमार मिश्र**
**भागलपुर ।** भागलपुर जिले के पिरपैंती थाना क्षेत्र में हुए चर्चित गोलीकांड का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है।इस घटना में फौजी के बेटे ऋषभ झा की गोली लगने से मौत हो गई थी पुलिस ने मामले में मुख्य आरोपी समेत कुल पांच लोगों को गिरफ्तार किया है जानकारी के अनुसार, 9 मार्च की रात पिरपैंती इलाके में ऋषभ झा को गोली लग गई थी गंभीर रूप से घायल होने के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों की मदद से उसे इलाज के लिए भागलपुर के मायागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान 10 मार्च को डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल बन गया था।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जांच शुरू की। कहलगांव के एसडीपीओ के नेतृत्व में पिरपैंती थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से अनुसंधान करते हुए इस कांड का खुलासा कर दिया। जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल से जुड़े कई अहम सुराग जुटाए और तकनीकी अनुसंधान के आधार पर आरोपियों तक पहुंची।पुलिस ने इस मामले में सौरभ शाह को मुख्य आरोपी बताया है।इसके अलावा भानु कुमार, प्रीतम कुमार सहित दो अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है।

कुल मिलाकर पांच लोगों को इस मामले में हिरासत में लिया गया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से पिस्तौल, कारतूस, खोखा और मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं।पुलिस की पूछताछ में यह बात सामने आई है कि घटना के समय सभी लोग आपस में परिचित थे और साथ बैठकर लूडो खेल रहे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर विवाद हो गया, जिसके बाद गोली चल गई। हालांकि गोली चलने के पीछे की असली वजह क्या थी, इसका खुलासा अभी नहीं हो पाया है।पुलिस का कहना है कि मामले में तकनीकी अनुसंधान और पूछताछ जारी है। जल्द ही पूरे घटनाक्रम की सच्चाई सामने आ जाएगी।वहीं पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है

## बिहपुर : विक्रमपुर नया टोला गौरीपुर में युवाओं ने किया दावत-ए-इफ्तार का आयोजन

लोकतंत्र की आवाज



**मोहम्मद सबरार आलम**
**बिहपुर/नवगछिया।** गुरुवार को बिहपुर प्रखंड के बिहपुर मध्य पंचायत अंतर्गत विक्रमपुर नया टोला गौरीपुर में स्थानीय युवाओं की ओर से सामूहिक दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया। पवित्र रमजान माह के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। रोजेदारों ने एक साथ बैठकर इफ्तार किया और आपसी भाईचारे, सौहार्द व शांति की दुआ मांगी।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य मोईन राईन और सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद फिरोज आलम की सक्रिय भूमिका रही। दोनों के नेतृत्व में पूरे कार्यक्रम की व्यवस्था और संचालन किया गया। इफ्तार से पूर्व सभी रोजेदारों ने देश और समाज में अमन-चैन, तरक्की और भाईचारे की कामना करते हुए दुआ की।

इस अवसर पर भागलपुर विश्वविद्यालय के सीनेट सदस्य मुजफ्फर अहमद, भागलपुर जिला कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष अमित आनंद, युवा कांग्रेस के कार्यकारी जिला अध्यक्ष प्रशांत बनर्जी, राजद नेता डॉ. गौतम कुमार प्रीतम, मुखिया मोहम्मद सलाउद्दीन, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद इरफान आलम, मुखिया गुलजार खान, सरपंच प्रमोद सिंह उर्फ लालू, पंचायत समिति प्रतिनिधि गुफरान रजा, सरपंच सुल्तान किंग, पैक्स अध्यक्ष मनोज कुमार मंडल उर्फ मंटू, शिक्षक मोहम्मद आरिफ हुसैन समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

इसके अलावा रोहित शुक्ला, शेख हस्बुल, मोहम्मद इबरार आलम, मोहम्मद सरफराज उर्फ छोटू, आयोजक मोहम्मद शहाबुद्दीन, बाबूजान अंसारी, सोनू आलम, मोहम्मद गुलफान, मोहम्मद कुर्बान, मोहम्मद सोहेल, बृजेश कुमार शाह, मोहम्मद तबरेज, मोहम्मद शाहनवाज, मोहम्मद सैफुल, मोहम्मद फैजान, मोहम्मद अंजार, संजीव कुमार, मोहम्मद नूर अली, मोहम्मद अरमान, मोहम्मद शमशेर और मोहम्मद बिलाल सहित कई युवाओं ने आयोजन को सफल बनाने में अहम योगदान दिया।

मौके पर वक्ताओं ने कहा कि रमजान का महीना आपसी भाईचारा, संयम और इंसानियत का संदेश देता है।ऐसे आयोजन समाज में एकता और सद्भाव को मजबूत करने का काम करते हैं। कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

## कहलगांव अदाणी थर्मल पावर पीरपैंती में राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का समापन

लोकतन्त्र की आवाज



**केदार नाथ पाण्डेय**
**पीरपैंती।** पीरपैंती में निर्माणाधीन अदाणी थर्मल पावर प्लांट में 55वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के समापन समारोह का आयोजन किया गया। यह सुरक्षा सप्ताह 6 मार्च से 12 मार्च तक मनाया गया, जिसका उद्देश्य कर्मचारियों और श्रमिकों के बीच कार्यस्थल पर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।इस दौरान कर्मचारियों एवं श्रमिकों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनमें सुरक्षा स्लोगन, पोस्टर एवं क्विज प्रतियोगिता शामिल थीं। सभी प्रतिभागियों ने इन प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया और सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण संदेश प्रस्तुत किए।सुरक्षा सप्ताह के समापन अवसर पर आयोजित समारोह में प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने कार्यस्थल पर सुरक्षा नियमों का पालन करने, सतर्कता बरतने तथा सुरक्षित कार्य संस्कृति को अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि सुरक्षित कार्य वातावरण ही किसी भी औद्योगिक परियोजना की सफलता का

## सभी भूमिहीनों को वासभूमि-आवास, सरकारी जमीन पर बसे पर्चा दे प्रशासन

लोकतंत्र की आवाज



**समस्तीपुर।** जिले के हसनपुर प्रखंड अंतर्गत मंगलगढ़ (सुंदरैयानगर) से उजाड़े गये 907 दलित परिवारों को पर्चा देकर बसाने सहित समस्तीपुर जिले के सभी भूमिहीनों को वासभूमि-आवास, सरकारी जमीन पर बसे को पर्चा एवं पर्चाधारी को कब्जा दिलाने की मांग को लेकर भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को शहर के मालगोदाम चौक से विशाल जुलूस निकालकर DM के समक्ष समाहरणालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। बुलडोजर एक्शन से आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने घंटे भर मांगों से संबंधित नारेबाजी करते रहे। तत्पश्चात उपस्थित मजिस्ट्रेट के आग्रह पर कार्यकर्ताओं का जत्था समाहरणालय के समक्ष सरकारी बस स्टैंड में अनिश्चितकालीन घेरा डालो-डेरा डालो आंदोलन पर बैठ गये।

मौके पर एक सभा का आयोजन किया गया। अध्यक्षता भाकपा माले जिला सचिव प्रो. उमेश कुमार ने किया। संचालन खेग्रामस के जिला अध्यक्ष उपेंद्र राय ने किया। सभा को भाकपा माले जिला स्थाई समिति सदस्य ललन कुमार, सुरेंद्र प्रसाद सिंह, अमित कुमार, दिनेश कुमार, महावीर पोद्दार, फूलबाबू सिंह, जिला कमिटी सदस्य महेश कुमार, जयंत कुमार, अनील चौधरी, रौशन कुमार, खेग्रामस जिला सचिव जीबछ पासवान, तनंजय प्रकाश, रामलाल राम, कैलाश पासवान, विनय पासवान, राहूल कुमार, अर्जून दास, अमेरिका यादव, अर्जुन कुमार, रमेश महतो, रामबाबू सदा, कमली देवी, शांति देवी, आशा देवी, सुदामा देवी, मो. आले, मुन्ना दास, युगेश्वर सहनी, नेपल सहनी, मनर दास, बैजनाथ सदा, दिलबहार सहनी, पाचू राम आदि ने संबोधित किया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में माले जिला सचिव प्रो० उमेश कुमार एवं खेग्रामस जिला सचिव जीबछ पासवान ने कहा कि हसनपुर के मंगलगढ़ (सुंदरैयानगर) में 1992 से करीब एक हजार परिवार केशरेहिंद सरकारी जमीन पर बसे हुए थे।

इन परिवारों का नाम वोटरलिस्ट में था। इन्हें राशनकार्ड, बिजली, पानी आदि तमाम सरकारी सुविधा प्राप्त था। साज़िश के तहत इन्हें पुलिस एवं सामंती गुंडा गठजोड़ उजाड़ दिया। जिले के अन्य प्रखंडों में सरकारी जमीन पर बसे दलितों-गरीबों पर बुलडोजर चलाया जा रहा है। भूमिहीनों को वास भूमि एवं आवास देने के सरकारी प्रावधान के बाबजूद उन्हें न वास भूमि दिया जा रहा है और न ही आवास दिया जा रहा है।सरकारी जमीन पर पुस्तैनी बसे परिवारों को पर्चा तक नहीं दिया जा रहा है। इससे उनके आवास योजना का राशि लौट रहा है। उन्होंने कहा कि सुंदरैयानगर के उजाड़े गये 907 परिवारों को पर्चा देकर बसाने, जिले के सभी भूमिहीनों को वासभूमि-आवास एवं सरकारी जमीन पर बसे परिवारों को पर्चा देने का प्रशासन द्वारा आश्वासन दिए जाने तक अनिश्चितकालीन घेरा डालो डेरा डालो आंदोलन जारी रहेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### डीडीसी के औचक निरीक्षण में स्कूलों की व्यवस्था पर उठे सवाल, प्रधानाध्यापकों से मांगा स्पष्टीकरण



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

**बगहा।** प्रखंड बगहा-1 के परसौनी स्थित राधेश्याम उच्च विद्यालय का उप विकास आयुक्त श्री काजले वैभव नितिन द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय के संचालन की स्थिति संतोषजनक नहीं पाई गई। विद्यालय परिसर में गंदगी देखी गई तथा स्मार्ट क्लास भी संचालित नहीं पाया गया। साथ ही पुस्तकालय की स्थिति भी संतोषजनक नहीं मिली। इन कमियों को गंभीरता से लेते हुए उप विकास आयुक्त ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक से स्पष्टीकरण मांगते हुए उनके वेतन को अवरुद्ध करने का निर्देश दिया। इसके बाद परिसर में ही संचालित राजकीय मध्य विद्यालय परसौनी का भी निरीक्षण किया गया। यहां भी स्वच्छता का अभाव पाया गया, जिस पर उप विकास आयुक्त ने प्रधानाध्यापक से स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान दोनों विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को परिसर में साफ-सफाई सुनिश्चित करने तथा डस्टबिन का नियमित उपयोग करने का निर्देश दिया गया, ताकि विद्यालय में गंदगी न फैले और छात्रों को स्वच्छ वातावरण मिल सके।

### डीडीसी ने किया राधेश्याम उच्च विद्यालय परसौनी का औचक निरीक्षण, गंदगी और अव्यवस्था पर जताई नाराजगी



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

**बगहा।** पश्चिम चंपारण जिले के उप विकास आयुक्त (डीडीसी) काजले वैभव नितिन ने बगहा प्रखंड के राधेश्याम उच्च विद्यालय, परसौनी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय परिसर में गंदगी और अव्यवस्था पाए जाने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। निरीक्षण में पाया गया कि विद्यालय संचालन की स्थिति संतोषजनक नहीं है। विद्यालय परिसर में जगह-जगह गंदगी फैली हुई थी। इसके अलावा विद्यालय में स्मार्ट क्लास संचालित नहीं हो रही थी और पुस्तकालय की स्थिति भी काफी खराब पाई गई। इन अनियमितताओं को गंभीरता से लेते हुए उप विकास आयुक्त ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक से स्पष्टीकरण मांगा और उनका वेतन रोकने का निर्देश दिया। इसके साथ ही परिसर में संचालित राजकीय मध्य विद्यालय, परसौनी का भी निरीक्षण किया गया। यहां भी स्वच्छता का अभाव देखने को मिला। इस पर डीडीसी ने राजकीय मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक से भी स्पष्टीकरण मांगने का निर्देश दिया। डीडीसी ने दोनों विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को सख्त निर्देश दिया कि विद्यालय परिसर में स्वच्छता बनाए रखने के लिए डस्टबिन का नियमित उपयोग सुनिश्चित किया जाए, ताकि परिसर में गंदगी न फैले और बच्चों को स्वच्छ वातावरण मिल सके। अगर चाहें तो मैं इसे और ज्यादा अखबार स्टाइल (बाइलाइन, छोटा बॉक्स, या 2-कॉलम स्टाइल) में भी सजा कर दे सकता हूँ।

### दहेज हत्या के आरोपी को न्यायालय ने सुनाई दस साल कारावास व 20 हजार रुपये अर्थदंड

**ब्यूरो प्रमुख मोतिहारी**

**पूर्वी चंपारण।** मोतिहारी पुलिस द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य एवं समर्पित चार्जशीट के आधार पर न्यायालय एडीजे-2 ने दहेज हत्या के आरोपी को दस साल कारावास व 20 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। साथ ही अर्थदंड की राशि नही जमा करने पर छह माह की अतिरिक्त सजा सुनाई है...न्यायालय ने उक्त सजा मुफ्फसिल थाना कांड संख्या 644/23 के अभियुक्त थाना क्षेत्र के मठिया पतौरा गांव निवासी सुनील शुक्ला के पुत्र प्रिंस कुमार को सुनाई है। कांड के वादी छतौनी थाना क्षेत्र के बड़ा बरियारपुर निवासी चंद्रिका सिंह के पुत्र रामजी सिंह तथा अनुसंधानकर्ता पुअनि राकेश कुमार राय उपस्थित थे।

# केंद्रीय कारा मोतिहारी के 2440 कैदीयों ने खाई दवा, फाइलेरिया जैसे गम्भीर रोग से बचाव के लिए जरूरी है सर्वजन दवा: जेल अधीक्षक

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो प्रमुख मोतिहारी शशिकांत**

**मोतिहारी।** 12 मार्च फाइलेरिया उन्मूलन के लिए जिले के 27 प्रखंडों में इस समय मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) मॉप अप अभियान स्वास्थ्य कर्मियों के सहयोग से तीव्र गति से चलाई जा रही है। इस दौरान केंद्रीय कारा मोतिहारी में जेलर सहित 2440 को फाइलेरिया (हाथी पाँव) से बचाव को सर्वजन दवा जिसमें डी ईसी एवं एल्बेंडाजोल की दवा खिलायी गई। वहीं कारा अधीक्षक एवं कारा चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नन्द किशोर कुमार की देखरेख में स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों के टीम द्वारा महिला व पुरुष कैदियों को उम्र अनुसार निर्धारित डोज के अनुसार दवा खिलाई गई। मौके पर दवा सेवन करते हुए कारा अधीक्षक एवं कारा चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नन्द किशोर कुमार ने कहा कि फाइलेरिया जैसे गम्भीर रोग से बचाव के लिए सर्वजन दवा का सेवन जरूरी है। उन्होंने बताया कि सर्वजन दवा का सेवन कर मंडल कारा मोतिहारी के कैदी अब सुरक्षित हो गए हैं। उन्होंने बताया कि पहले भी कैदीयों को दवा का सेवन कराया गया था, इसबार भी स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर दवा सेवन करने को यह टीम फाइलेरिया की दवाओं के साथ जिला कारागार में पहुंची।वही जिला यक्षमा अस्पताल के अनिल कुमार ने कहा की 15 फ़रवरी तक छूटे हुए लोगों का सर्वजन दवा का सेवन कराया जा रहा है।उन्होंने बताया की यह सरकार की बड़ी अच्छी पहल है। कैदियों को दवा खिलाने से पहले इस बात की पड़ताल की गई कि दवा खाने वालों में कोई खाली पेट या गंभीर रोग से पीडित न हो।

**लगातार 5 वर्ष दवा सेवन करने पर होंगे सुरक्षित:** पिरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि पप्पु कुमार ने कहा कि कैदियों को इस बात की भी जानकारी दी गई कि, लगातार पांच साल तक फाइलेरिया की दवा खाने के बाद किसी के शरीर में फाइलेरिया के कृमि होते भी हैं तो वह समाप्त हो जाते हैं।

**समय- समय पर कैदियों की होती है स्वास्थ्य की जांच :** जिला यक्षमा पदाधिकारी डॉ संजीव ने बताया कि समय- समय पर कैदियों टीबी, एचआईवी, बीपी, शुगर, वजन सहित कई प्रकार की स्वास्थ्य की जांच की जाती है ताकि कैदी गंभीर रोग से सुरक्षित रहें। इस मौके पर जेल अधीक्षक एवं कारा चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नन्द किशोर कुमार, कार्यक्रम पदाधिकारी संचारी रोग, अनिल कुमार, गांधी फेलो, मेडिकल फेलो, करुणा फेलो, आशा, डी ए सुपरवाइजर व अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## मोतिहारी: जिला पदाधिकारी के निर्देश के आलोक में उद्यम स्थापित करने हेतु समीक्षा बैठक सह ऋण वितरण शिविर का आयोजन



लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो प्रमुख शशिकांत**

**मोतिहारी।** दिनांक 12.03.26 को समाहरणालय स्थित राधाकृष्णन सभागार भवन में उद्योग विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के अंतर्गत ऋण की स्वीकृति एवं भुगतान के लिए समीक्षा बैठक -सह- ऋण वितरण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र पूर्वी चंपारण एवं एलडीएम सहित बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। इस बैठक में जिला में संचालित सभी बैंक का पीएमईजीपी, पीएमएफएमई एवं पीएम विश्वकर्मा योजना का प्रगति का समीक्षा किया गया। वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न बैंकों के द्वारा 76 निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध कुल-93 ऋण आवेदन स्वीकृत एवं 28 लाभुकों को ऋण का भुगतान किया गया है। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन योजना के अंतर्गत विभिन्न बैंकों के द्वारा 440 निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध कुल-284 ऋण आवेदन स्वीकृत एवं 139 लाभुकों को ऋण का भुगतान किया गया है। महा प्रबंधक जिला उद्योग केंद्र मोतिहारी द्वारा कहा गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 समाप्ति की ओर है इसलिए सभी बैंक अविलंब अपने लक्ष्य को पूर्ण करें एवं निर्देश दिया गया कि सभी बैंकर्स को निर्देश दिया गया कि जिले में जो भी लोग उद्यम स्थापित करने के लिए इच्छुक हैं, उन्हें चिन्हित कर पीएमईजीपी एवं पीएमएफएमई योजना के तहत आवेदन करा कर अविलंब ऋण का स्वीकृति एवं भुगतान करें । विभिन्न बैंकों के द्वारा आश्वासन दिया गया की अगले 10 दिनों में पीएमईजीपी एवं पीएमएफएमई योजना के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण कर लिया जायेगा। इस ऋण वितरण शिविर में कुल 53 लाभार्थियों का कुल 304.14 लाख रुपए का ऋण स्वीकृत एवं 35 लाभार्थियों को कुल 239.98 लाख रुपए की ऋण राशि का वितरण किया गया। इस ऋण वितरण शिविर लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति एवं वितरण पत्र प्रदान किया गया।

## मोतिहारी में सीएसआर के तहत इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के महाप्रबंधक द्वारा एंबुलेंस भेंट किया गया




लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो प्रमुख मोतिहारी**

**पूर्वी चम्पारण।** मोतिहारी सीएसआर के तहत इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी पूर्वी चंपारण मोतिहारी को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के बिहार झारखंड महाप्रबंधक अभिमन्यु जोशी के द्वारा एम्बुलेंस भेट किया गया। एंबुलेंस की चाबी रेड क्रॉस सोसाइटी के उपाध्यक्ष सह अपर समाहर्ता लोक शिकायत निवारण शैलेंद्र कुमार भारती के द्वारा ग्रहण किया गया। इस अवसर जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल की गरिमामय उपस्थिति रही। इस दौरान एसबीआई के पदाधिकारीगण एवं जिलाधिकारी के द्वारा हरी झंडी दिखाकर एंबुलेंस को रेड क्रॉस सोसाइटी के लिए रवाना किया गया। इस मौके पर कई पदाधिकारीगण एंव अन्य लोग उपस्थित रहें।

## भारतीय स्टेट बैंक, पटना मण्डल के द्वारा मोतिहारी में जिविका समूहों के लिए क्रेडिट कैंप का आयोजन किया

लोकतंत्र की आवाज




**ब्यूरो प्रमुख शशिकांत मोतिहारी**

दिनांक 12/03/2026 को जीविका समूहों के लिए मेगा क्रेडिट कैंप का आयोजन महात्मा गांधी प्रेक्षा गृह मोतिहारी में किया गया। इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य महाप्रबंधक, पटना मंडल, अनुराग जोशी, आर नटराजन, महाप्रबंधक उत्तर बिहार नेटवर्क पटना मंडल, विमलेंदु विकाश, महाप्रबंधक कोर्डिनेसन कारपोरेट कार्यालय मुंबई, प्रफुल्ल कुमार झा, उप महाप्रबंधक मुजफ्फरपुर संजीव कुमार सिंह, क्षेत्रीय प्रबंधक, मोतिहारी, विभिन्न शाखाओं के शाखा प्रबंधक एवं क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय, मोतिहारी के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिलाधिकारी, सौरभ जोरवाल, पूर्वी चंपारण (मोतिहारी) की गरिमामयी उपस्थिति रही। वहीं जीविका के तरफ से पुष्पेन्द्र तिवारी, राज्य परियोजना प्रबंधक बिहार, विभिन्न प्रखंड परियोजना प्रबंधक एवं अन्य अधिकारियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। इस मेगा क्रेडिट कैंप में 1700 से अधिक जीविका दीदीयों ने भाग लिया। इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक की विभिन्न शाखाओ को भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जोड़ा गया था जहाँ से अनेक समूह की सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर पूरे पटना मण्डल की तरफ से एसएचजी (जीवीका समूह) को 350 करोड़ रुपये का ऋण प्रदान किया गया, जिसका सांकेतिक चेक दीदियों को प्रदान किया। इसमे क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय, मोतिहारी द्वारा 51 करोड़ का योगदान दिया गया। उक्त ऋण वितरण कैंप में जीविका के अतिरिक्त विभिन्न बीसीएस के 10 सीएसपीएस ने री-केवाईसी, केवाईसी तथा अन्य संबंधित कार्यों का निष्पादन किया। इसके अलावा जीवीका समूह के द्वारा 10 स्टॉल पर हस्तनिर्मित विभिन्न उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। जिसका मुख्य महाप्रबंधक महोदय तथा जिलाधिकारी महोदय ने अवलोकन किया। इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक ने समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए रेड क्रॉस सोसाइटी मोतिहारी को आज एक एम्ब्युलेन्स प्रदान किया, जिसका शुभारंभ मुख्य महाप्रबंधक महोदय तथा जिलाधिकारी महोदय ने किया, जिससे जिले के लोगों को स्वास्थय संबंधी सहायता मिलेगी। इस अवसर पर मौजूद मुख्य महाप्रबंधक ने भारतीय स्टेट बैंक के समाज के उत्थान के प्रति प्रतिवधता पर जोर दिया एवं महिला सशक्तिकरण पर बल दिया।

# बगहा : पालकी और 50 बैलगाड़ियों के साथ निकली अनोखी बारात, 11 रुपये में हुआ दहेज-मुक्त विवाह

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

बगहा अनुमंडल के थारू जनजाति बहुल क्षेत्र हरनाटांड़ के कटैया गांव में सोमवार को एक अनोखी और यादगार शादी देखने को मिली। आधुनिक दौर में लग्जरी गाड़ियों की जगह यहां दूल्हा पालकी पर सवार होकर करीब 50 बैलगाड़ियों के साथ बारात लेकर ससुराल पहुंचा, जिसे देखने के लिए आसपास के गांवों के लोग उमड़ पड़े। बगहा अनुमंडल के थारू जनजाति बहुल हरनाटांड़ स्थित महअवा कटहारवा पंचायत के कटैया गांव में सोमवार को परंपरा, सादगी और सामाजिक संदेश से भरपूर एक अनोखी शादी संपन्न हुई। इस विवाह में आधुनिक तामझाम की जगह पारंपरिक तरीके को अपनाया गया। दूल्हा देवशील महतो पालकी पर सवार होकर करीब 50 बैलगाड़ियों के साथ बारात लेकर ससुराल पहुंचे। इस अनोखी बारात को देखने के लिए आसपास के गांवों के लोगों की भारी भीड़ जुट गई। बारात ढोल-ताशा और पारंपरिक वाद्य यंत्रों की धुन पर कटैया से मोहना और मटियारिया गांव होते हुए फिर कटैया पहुंची। रास्ते भर बाराती नाचते-गाते रहे और पूरा माहौल उत्सव जैसा बना रहा। बताया जाता है कि स्वर्गीय शिक्षक मनबहाली महतो और नंदकिशोर महतो बचपन के घनिष्ठ मित्र थे और दोनों खेती-किसानी से जुड़े हुए थे। वर्ष 2007 में दोनों मित्रों ने अपनी दोस्ती को रिश्तेदारी में बदलने का फैसला किया और अपने बच्चों की बाल उम्र में ही सगाई कर दी थी। उसी समय से यह रिश्ता तय था, जो वर्षों बाद सोमवार को पूरे रीति-रिवाज और पारंपरिक तरीके से विवाह में परिणत हुआ।

विवाह पूरी तरह हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार संपन्न हुआ। सबसे पहले वर-वधू ने वरमाला की रस्म निभाई, इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अन्य सभी विवाह संस्कार पूरे किए गए। पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि ज्योति नारायण खतईत ने बताया कि पंचायत में पहली बार इतनी पारंपरिक शैली में शादी का आयोजन हुआ है। दूल्हा देवशील महतो पेशे से इंजीनियर हैं और सरकारी एनसीसीटीटी में कार्यरत हैं। वर्तमान में उनकी पोस्टिंग असम में है। वहीं दुल्हन सोनिया कुमारी वाल्मीकिनगर स्थित स्वाभिमान बटालियन में कार्यरत हैं। इस विवाह की खास बात यह रही कि इसे पूरी तरह दहेज-मुक्त रखा गया। दुल्हन के पिता नंदकिशोर महतो ने कन्यादान में मात्र 11 रुपये लेकर शादी कराई, ताकि समाज में दहेज-मुक्त विवाह का संदेश दिया जा सके। विवाह के बाद नवविवाहित जोड़े ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए आम के पौधे भी लगाए। इस अनोखी शादी ने सादगी, परंपरा और सामाजिक जागरूकता का एक सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया।

# 'नारी लीड्स स्वच्छता' थीम के तहत बगहा नगर परिषद में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विविध कार्यक्रम

लोकतंत्र की आवाज




**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

**बगहा।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के अवसर पर नगर विकास एवं आवास विभाग के निर्देशानुसार ''नारी लीड्स स्वच्छता'' थीम के तहत नगर परिषद बगहा में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर नगर परिषद बगहा के कार्यपालक पदाधिकारी सरोज कुमार बैठा एवं स्वच्छता पदाधिकारी अब्दुल बाकी के निर्देशन में स्वच्छता साथी एवं स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की महिलाओं द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में कई गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रम के तहत मेहंदी प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, कम्युनिटी मोबिलाइजेशन, जन-जागरूकता अभियान तथा महिला सफाई कर्मियों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसके साथ ही एसएचजी की महिलाओं, स्वच्छता साथी एवं सफाई कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। नगर के विभिन्न स्कूलों में भी स्वच्छता शपथ दिलाई गई तथा स्वच्छता के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान स्वच्छता पदाधिकारी अब्दुल बाकी ने बताया कि भारत सरकार एवं बिहार सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं के माध्यम से आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि नगर परिषद की उपसभापति रश्मि रंजन भी महिलाओं से जुड़ी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेती हैं और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं।

कार्यक्रम में दीक्षा कुमारी, कोमल कुमारी, मुस्कान मुकरी, अंजू कुमारी सहित सभी महिला स्वच्छता साथी, महिला सफाई कर्मी एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं। अगर चाहें तो मैं इसे और भी प्रोफेशनल अखबार स्टाइल (छोटा इंट्रो, बॉक्स न्यूज़, या 2 हेडिंग वाला) बनाकर भी दे सकता हूँ, जिससे पेपर में और अच्छा लगे।

# ''प्रशासन आपके द्वार'' कार्यक्रम में 28 विभागों के स्टॉल, सैकड़ों मामलों का ऑन-द-स्पॉट समाधान

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

**बगहा।** जिला प्रशासन, पश्चिम चंपारण के तत्वावधान में गुरुवार को बगहा-1 प्रखंड कार्यालय परिसर में ''प्रशासन आपके द्वार'' कार्यक्रम का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी तरनजोत सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी और लाभ सीधे आमजन तक पहुंचाना है। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के कुल 28 स्टॉल लगाए गए, जिनमें सामाजिक सुरक्षा, पशुपालन, स्वास्थ्य, आपूर्ति, समाज कल्याण, शिक्षा, कृषि, पंचायती राज, आरटीपीएस, राजस्व, जीविका, आईसीडीएस, सहकारिता, श्रम संसाधन, अल्पसंख्यक कल्याण, डीआरसीसी, विद्युत एवं उद्योग विभाग सहित अन्य विभाग शामिल रहे। इस दौरान 250 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से कई मामलों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन किया गया, जबकि शेष आवेदनों को संबंधित विभागों को अग्रसारित कर दिया गया। इससे बड़ी संख्या में ग्रामीणों को त्वरित राहत मिली और योजनाओं से संबंधित आवश्यक जानकारी भी प्राप्त हुई। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण किया और संबंधित पदाधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने लाभुकों से सीधे संवाद कर योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी स्थिति की जानकारी ली और ग्रामीणों की समस्याएं सुनते हुए उनके समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा दिव्यांगजनों को बैट्री चालित ट्राइसाइकिल प्रदान की गई। वहीं आईसीडीएस स्टॉल पर एक बच्चे का अन्नप्राशन संस्कार भी कराया गया। डीआरसीसी स्टॉल के माध्यम से दो युवाओं को स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड प्रदान कर उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित किया गया। अपने संबोधन में जिलाधिकारी ने कहा कि ''प्रशासन आपके द्वार'' कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रशासन और आमजन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है, ताकि लोगों की समस्याओं को मौके पर ही सुनकर उनका समाधान किया जा सके। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार की सात निश्चय-3 योजना के तहत आमजन का जीवन आसान बनाने के लिए कई पहल की गई हैं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को सभी सरकारी कार्यालयों में पदाधिकारी और कर्मी आमजन से मिलने के लिए उपलब्ध रहेंगे, ताकि लोग अपनी समस्याओं को सीधे अधिकारियों तक पहुंचा सकें। वहीं उप विकास आयुक्त काजले वैभव नितिन ने कहा कि सात निश्चय-3 के अंतर्गत शुरू की गई यह पहल प्रशासन और जनता के बीच दूरी कम करने का प्रयास है।



## मोतिहारी शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी के यहाँ जीएसटी का छापा, टैक्स चोरी को लेकर जीएसटी विभाग की बड़ी कार्रवाई

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**

**पूर्वी चंपारण।** मोतिहारी में जीएसटी विभाग की विशेष टीम ने बड़े पैमाने पर छापेमारी की। राज्य कर अपर आयुक्त (प्रशासन), मुजफ्फरपुर, वाणिज्य कर विभाग के निर्देशानुसार छापेमारी द्वारा कर चोरी, फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट के दावों और बोगस बिलिंग संबंधी तथ्थी के आधार पर मोतिहारी के दो प्रमुख व्यवसायिक प्रतिष्ठानों आभा इन्दरप्राईजेल एवं पानऔर वर्क कनेक्ट प्रा०लि० का निरीक्षण किया गया। छापेमारी दल द्वारा मौके पर ही व्यापारिक खाताबही कर बीजक, बैंक स्टेटमेन्ट, भौतिक स्टॉक जब्त किये गए। छापेमारी की जानकारी मिलते ही अन्य कारोबारियों में अफरातफरी मब गई। छापेमारी दल द्वारा करोड़ रुपये से अधिक की संभावित कर थोरी का प्रारंभिक खुलासा किया गया है। फिलहाल अधिकारियों द्वारा जाँच जारी था। संतोष कुमार, राज्य कर संयुक्त आयुक्त (प्रभारी), पूर्वी चम्पारण ने बताया कि उक्त दोनों व्यवसायियों द्वारा छड़ सिमेन्ट का बोगस बिलिंग करते हुए ठेकेदारी/कार्य-संवेदकों को फर्जी तरीके से इनपुट टैक्स क्रेडिट का हस्तांतरण किया जा रहा था। निरीक्षण के दौरान व्यवसायियों द्वारा गलती स्वीकार करते हुए फिलहाल 60 लाख रूपये का जीएसटी भुगतान कर दिया गया है। छापेमारी के उपरांत संबंधित प्रतिष्ठानों पर जीएसटी अधिनियम के अंतर्गत सक्षम प्राधिकार द्वारा कर, ब्याज एवं पेनल्टी की राशि अधिरोपित कर वसूली की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि वालोच्य अवधि 2025-26 के अंतिम माह मार्च-2026 में सभी व्यवसायी विधिसम्मत् ससमय जीएसटी विवरणी दाखिला एवं कर भुगतान करना सुनिश्चित करें।

## संक्षिप्त खबरें ।

### वार्षिक परीक्षा में शामिल हुए बच्चे



धर्मेंद्र कुमारशर्मा

**पकरीबरावा।** पकरीबरावा प्रखंड में प्राथमिक विद्यालय एवं मध्य विद्यालयों में बच्चों का वार्षिक परीक्षा शुरू हुई। पहले दिन वर्ग तीन से आठ के बच्चों ने पर्यावरण अध्ययन/ सामाजिक विज्ञान की परीक्षा में शामिल हुए। जबकि द्वितीय पाली में वर्ग एक एवं दो के बच्चों की भाषा की मौखिक परीक्षा हुई। प्रश्नपत्र ई शिक्षाकोष से डाउनलोड किया गया। बच्चों को उत्तर पुस्तिका उपलब्ध कराई गई। इस बीच बगल के विद्यालयों को वीक्षण कार्य में लगाया गया। परीक्षा के शांतिपूर्ण समापन के लिए नियंत्रण कक्ष बनाए गए है। इस बीच प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी राहुल रंजन ने कई विद्यालयों में परीक्षा का जायजा लिया।

### बिजली विभाग ने 15 लोगों पर कराई प्राथमिकी

धर्मेंद्र कुमार शर्मा

**पकरीबरावा।** पकरीबरावा प्रखंड स्थित विभिन्न गांव में बिजली विभाग नेपकरीबरावां एवं धमौल थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में बिजली चोरी एवं बकाया राशि के विरुद्ध अभियान चलाया है। सहायक अभियंता नवीन कुमार एवं कनीय अभियंता अनिल कुमार के नेतृत्व में अलग- अलग छापेमारी की गई। इस दौरान पकरीबरावां थाना क्षेत्र के दिऔरा, खरान्ट, विशनपुर, भलुकी, एरुरी में 12 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई। जबकि धमौल थाना क्षेत्र के रेहड़ी, ढोढा एवं दुधाइला गांव में तीन लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। सभी पर जुर्माना भी लगाया गया है।

### एंबुलेंस से नाश्ता करने जा रहीं हेल्थ मैनेजर, सीएस के निरीक्षण में खुली लापरवाही; 9 कर्मियों का वेतन बंद

**बिहारशरीफ।** जिले के स्वास्थ्य विभाग में लापरवाही का मामला सामने आया है। सिविल सर्जन डॉ. जयप्रकाश सिंह ने चंडी और नगरनौसा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया, जिसमें कई अनियमितताएं मिलीं। इसके बाद डॉक्टर समेत नौ स्वास्थ्य कर्मियों के अनुपस्थित दिनों का वेतन बंद करने का निर्देश दिया गया।निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन ने रास्ते में देखा कि नगरनौसा अस्पताल की स्वास्थ्य प्रबंधक पुष्पा कुमारी सरकारी एंबुलेंस से होटल में नाश्ता करने जा रही थीं। इस पर उन्होंने कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि एंबुलेंस आपातकालीन सेवा के लिए होती है और इसका निजी उपयोग गंभीर लापरवाही है।जांच में नगरनौसा अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी बिना सूचना के अनुपस्थित मिले। वहीं एएनएम सुनीला कुमारी भी ड्यूटी से गायब पाई गईं। चंडी अस्पताल में भी बीसीएम अमर कबीर, क्लर्क प्रवीण कुमार, डॉ. शिवानी, डॉ. श्वेता प्रिया, दर्शनी और संगीता त्रिपाठी अनुपस्थित मिले।सिविल सर्जन ने सभी कर्मियों से स्पष्टीकरण मांगते हुए अनुपस्थित दिनों का वेतन बंद करने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी कर्मियों को समय पर ड्यूटी पर उपस्थित रहकर मरीजों को बेहतर इलाज देना होगा।

### मैजिक व ट्रक की टक्कर में युवक की मौत, दो घायल

**समस्तीपुर।** कल्याणपुर थाना क्षेत्र के समस्तीपुर-दरभंगा मुख्य मार्ग पर ध्रुवगामा पेट्रोल पंप के समीप बुधवार देर रात ट्रक और पैसेंजर मैजिक वाहन की टक्कर में एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान चकमेहसी थाना क्षेत्र के कोठिया गांव निवासी कामेश्वर राय के 35 वर्षीय पुत्र चंदन कुमार के रूप में हुई है। घायल युवकों की पहचान दरभंगा जिले के विशनपुर थाना क्षेत्र के डगहरोल गांव निवासी मनीष कुमार तथा हरि कृष्ण कुमार के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार तीनों युवक ड्रगहरोल गांव से समस्तीपुर दरियाबाद जा रहे थे। इसी दौरान ध्रुवगामा पेट्रोल पंप के पास ट्रक के बैक करने के दौरान मैजिक वाहन उससे टकरा गया, जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। चंदन कुमार की इलाज के दौरान दरभंगा स्थित डीएमसीएच में मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवार और गांव में कोहराम मच गया। पुलिस ने दोनों दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को जब्त कर थाना ले आई है। थानाध्यक्ष रणवीर कुमार राउत ने बताया कि परिजनों से आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# अंचल अमीन मोटी रकम लेकर केवाला नंबर 94 जगह 95 दर्शाकर भुमि रखवा को बढ़ाकर किया रिपोर्ट

लोक तंत्र की आवाज

**अंचल अधिकारी कहते हैं मेरा बात कोई अमीन नहीं सुनता है**



**सुपौल।** जिले के त्रिवेणीगंज अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार का बोल वाला है ऐसा प्रतीत हो रहा है कि पैसा के बल पर आप यहा कुछ भी कर सकते हैं एक तरफ बिहार सरकार राज्य में भूमि सुधार के क्षेत्र दिन प्रति दिन ठोस कदम उठाने की बात करते हुए उसमें व्यापक रूप सुधार आने की दावे करती नजर आती है,राज्य सरकार इसके लिए कई ठोस और कड़े कदम उठाने की भी बात करती है लेकिन दूसरी उसके ठोस परिणाम के रूप जमीनी तौर त्रिवेणीगंज अंचल में कहीं दिखाई देती हुई सामने नजर नहीं आ रही है. पदाधिकारी सुधरने के बजाए उलटे और बड़े पैमाने और व्यापक रूप से मनमाने तौर पर कार्य करने से बाज नहीं आ रहे है जिसका जीता जागता उदाहरण है सुपौल जिले के त्रिवेणीगंज अंचल में पद स्थापित अंचल अमीन अभिषेक कुमार के द्वारा खुलेआम पैसे के बल पर दस्तावेज नंबर बदलकर अधिक भूमि का रिपोर्ट किया है। जानकारी के मुताबिक जलालुद्दीन वगैरह मौज मानगंज खाता नंबर 627 खेसरा 2522 में नौ कट्टा एक धुर जमीन खरीद की, जिस जमीन को अवैध रूप से डोमी साह व रघुनंदन साह कब्जा कर लिया। डोमि साह व रघुनंदन साह के दस्तावेज अनुसार जमाबंदी नंबर 2142 खाता 625 खेसरा 2460 रकवा नौ कट्टा एक धुर ,खाता 627 खेसर 2509 एवं 2522 दोनो मिलजमुना 9 कट्टा एक धुर प्राप्त है, पंजी 2 में तीनों मिलाकर 18 कट्ठा है डोमि साह व रघुनंदन साह के केवाला में स्पष्ट रूप से अलग-अलग खाता खेसरा रखवा अंकित है। लेकिन डोमी साह वो रघुनंदन शाह के द्वारा 2225 में ही 75 डिसमिल कब्जा कर रखा है, जिसको लेकर जलालुद्दीन के पुत्र पप्पू आलम ने अंचल अधिकारी को आवेदन दिया, हल्का कर्मचारी के रिपोर्ट पर अंचल अधिकारी के द्वारा मापी करने का आदेश दिया, माफी हेतु ऑनलाइन की गई उक्त जमीन की मापी करने हेतु अंचल अधिकारी के द्वारा अभिषेक कुमार को प्रतिनुयुक्ति किया गया। आरोप यह है कि अंचल अमीन अभिषेक आनंद पप्पू आलम से मोटी रकम की मांग की नहीं देने पर आक्रोश अंचल अमीन अभिषेक आनंद ने डोमि साह वह रघुनंदन शाह के केवाला नंबर 94 के जगह 95 दर्शाकर खेसरा 2225 में कुल रकवा 17 चार धुर यानी 75 डिसमिल चढ़ा कर अंचल अधिकारी को रिपोर्ट समर्पित कर दिया। जबकि डोमी साह वो रघुनंदन साह के दस्तावेज 94 दिनांक 3/1/1962 अनुसार खाता 627 खेसर 2509 एवं 2522 दोनो मिलजमुना 9 कट्टा एक धुर प्राप्त ही है ।इस मामले को लेकर अंचल अधिकारी प्रियंका सिंह से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि अंचल अमीन मेरा नहीं सुनता है आप (डीसीएलआर) साहब से बात कर लीजिए। अब सवाल जिला प्रशासन से आखिर किनके सहारे त्रिवेणीगंज अंचल को छोड़ दिए हैं क्या त्रिवेणीगंज की आम जनता को न्याय के लिए कहां-कहां भटकना पड़ेगा। न्याय की उम्मीद में बैठे लोग आपसे पूछ रहा है क्या हर एक काम के लिए पैसा देना ही त्रिवेणीगंज अंचल का मकसद बन गया है, हालांकि इस मामले को लेकर पीड़ित ने ऐसे भ्रष्ट अंचल अमीन अभिषेक आनंद पर सख्त कार्रवाई की मांग की है, हालांकि देखना दिलचस्प होगा कि ऐसे भ्रष्ट अंचल अमीन अभिषेक आनंद पर क्या कुछ कार्रवाई हो पाती है जिस पर सब की नजर टिकी हुई है।

## निर्माणाधीन अदानी सीमेंट ग्राइंडिंग यूनिट में 55वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का समारोहपूर्वक हुआ समापन



लोकतंत्र की आवाज

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):**-वारिसलीगंज स्थित निर्माणाधीन सीमेंट प्रोजेक्ट में 55 वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का समापन बुधवार को समारोह पूर्वक आयोजित किया गया।कार्यक्रम में प्रोजेक्ट के अधिकारियों,कर्मचारी,ठेकेदार प्रतिनिधि तथा श्रमिक ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम का उद्देश्य कार्यस्थल पर सुरक्षा के न प्रति जागरूकता बढ़ाना और सुरक्षित कार्य संस्कृति को मजबूत करना रहा। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों,अधिकारियों और कर्मचारियों का हेड सेफ्टी रंजीत सिंह द्वारा स्वागत किया गया।उन्होंने अपने संबोधन में सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सुरक्षा केवल एक नियम या प्रक्रिया नहीं, बल्कि हमारी कार्य संस्कृति और जिम्मेदारी का महत्वपूर्ण हिस्सा है। कार्यक्रम की शुरुआत प्रोजेक्ट हेड संजय शर्मा ने ध्वजारोहण कर किया। तत्पश्चात उपस्थित लोगों ने कार्यस्थल पर सुरक्षा नियमों का पालन करने और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए हमेशा सतर्क रहने का संकल्प लिया। इस दौरान सेफ्टी टीम द्वारा सुरक्षा विषय पर एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया।लघु नाटक के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि यदि हम छोटी-छोटी सावधानियां बरतें और सुरक्षा नियमों का पालन करें,तो बड़ी से बड़ी दुर्घटनाओं से भी बचा जा सकता है।इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में दो प्रतिभागियों द्वारा सुरक्षा पर आधारित एक प्रेरणादायक सेफ्टी सौंग भी प्रस्तुत किया गया। इस गीत ने सभी कर्मचारियों को यह याद दिलाया कि सुरक्षा पहले है। हर कार्य से पहले सुरक्षा को प्राथमिकता देना आवश्यक है। मौके पर प्रोजेक्ट में उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन करने वाले तथा सुरक्षा नियमों का अनुकरणीय पालन करने वाले करीब 60 कर्मचारियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## खानपुर एवं वारिसनगर प्रखंड में वार्षिक मूल्यांकन परीक्षा शुरू

लोकतंत्र की आवाज

**समस्तीपुर।** जिले के खानपुर एवं वारिसनगर प्रखंड के विद्यालयों में गुरुवार से वार्षिक मूल्यांकन परीक्षा शुरू हो गई। इस वर्ष करीब 55 हजार से अधिक छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। परीक्षा को निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त बनाने के लिए कई विद्यालयों में दूसरे विद्यालयों के शिक्षकों को प्रतिनियुक्त किया गया है। राजकीय प्राथमिक विद्यालय पचगछिया में प्रधानाध्यापक मनोज कुमार पासवान की निगरानी में परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संचालित हुई। प्रथम पाली में पर्यावरण विषय की परीक्षा ली गई।

इस दौरान वरीय शिक्षिका लता कुमारी, सीमा कुमारी, भारती कुमारी, सोनम कुमारी, सरिता कुमारी एवं कुमार सानू सहित अन्य शिक्षक वीक्षक के रूप में ड्यूटी निभाते नजर आए। प्रधानाध्यापक मनोज कुमार पासवान ने बताया कि परीक्षा के संचालन में विभागीय गाइडलाइन का पूरी तरह पालन किया जा रहा है। वहीं उच्च माध्यमिक विद्यालय के एचएम सह सीआरसी संचालक संतोष कुमार एवं समन्वयक मृत्युंजय कुमार ठाकुर ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया। इधर वारिसनगर प्रखंड के 20 संकुलों के 51 मध्य विद्यालय एवं 65 प्राथमिक विद्यालयों में भी परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से शुरू हुई। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी दुर्गेश कुमार झा ने विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण किया। लेखापाल अनीश कुमार एवं मास्टर ट्रेनर संजय रजक ने बताया कि कहीं से कोई शिकायत नहीं मिली है।

## सुपौल : दो तीन हजार का सामग्री देकर शिक्षा सेवक से साक्षरता डीपीओ प्रवीण कुमार लिया 12000 हजार

लोकतंत्र की आवाज



**सुपौल।** सुपौल जिले में शिक्षा विभाग से जुड़ा एक नया मामला सामने आया है, बिहार सरकार के द्वारा महादलित अक्षर आंचल योजना संचालित हेतु सभी शिक्षा सेवक एवं टोला सेवक के खाता में सामग्री मद के 12 हजार रुपये राशि प्रदान की गई, जिसका टोला सेवक एवं तालिमी मरकज को ₹12000 रुपए की किसी भी दुकान से सामग्री खरीद करना था। लेकिन डीपीओ साक्षरता प्रवीण कुमार के द्वारा अपने चिन्हित दुकानदारों से सामान खरीदने का आदेश दिए। जिसमें अहम भूमिका तालिमी मरकज के जिला अध्यक्ष ने निभाई, जिला अध्यक्ष और डीपीओ प्रवीण कुमार ने डरा धमका कर 12000 रुपए उठाकर जमा ले लिया। आपको सुनकर हैरानी होगी उस ₹12000 में सभी तालिनी मरकज एवं टोला सेवक को दो से तीन हजार रुपये का सामान दिया गया है।जबकि जिले में 266 टोला सेवक और तालीमी मरकज हैं। जब एक शिक्षा सेवक ने इसका विरोध किया तो डीपीओ और जिला अध्यक्ष। उनके खिलाफ कार्रवाई की धमकी देने लगे। इधर मामला उजागर होने के बाद शिवसेना उत्तर बिहार प्रमुख रामदेव यादव ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर कथित रूप से जिले में शिक्षा सेवकों को उपलब्ध कराई गई सामग्री की जांच तथा डीपीओ साक्षरता प्रवीण कुमार के कार्यकाल में अक्षर आंचल योजना के तहत निकासी की गई रुपए की जांच मांग की रामदेव यादव ने उस पत्र में कहा डीपीओ प्रवीण कुमार सुपौल जिला में लूट घसोट का अड्डा बना दिया है, सेवक सेवा नहीं करके लुटेरा शासन के जैसे लूट रहा है ऐसे साक्षरता डीपीओ प्रवीण कुमार के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की आवश्यकता है, इस लूट में डीपीओ के अतिरिक्त कुछ टोला सेवक ताली मरकज में काम करने वाले विचोलियां का कार्य करता हैं वैसे सेवक जिसका मनसा पढ़ाई नहीं करके शिक्षा को लूट का माध्यम बना दिया है, डीपीओ प्रवीण कुमार की चल एवं अचल संपत्ति की भी जांच करने की मांग की है, उन्होंने जिला प्रशासन सावन कुमार से तीन सदस्य तीन गठित कर डीपीओ के द्वारा उपलब्ध कराई गई सामग्री की निष्पक्ष जांच करवाने की मांग की है रामदेव यादव कहा अगर निष्पक्ष जांच होती है, 25 लाख से अधिक रुपया गमन होने की खुलासा होगी। इस मामले में डीपीओ प्रवीण कुमार से पूछा गया उन्होंने कुछ भी बताने से परहेज कर दिया।

## बिहार नवनिर्माण अभियान के तहत गया जी पहुंचे प्रशांत किशोर, बोले- बिहार के नेताओं को अपने बेटों की चिंता है जनता की नहीं

लोकतंत्र की आवाज



**गया जी।** जन सुराज पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर गुरुवार को गया जी पहुंचे हैं। बता दें कि प्रशांत किशोर बिहार नवनिर्माण अभियान के तहत बिहार के तमाम जिलों का दौरा कर रहे हैं। हर एक जिले में जाकर संगठन के नेताओं व कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर रहे हैं। इसी क्रम में वे आज गया जिले में पहुंचे, जहां पर उन्होंने राय काशीनाथ मोड़ के पास स्थित सभागार में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की है। इस दौरान प्रशांत किशोर ने कहा कि चुनाव परिणाम के बाद जन सुराज के नेताओं ने पश्चिम चंपारण में स्थित गांधी भितिहरवा आश्रम में एक दिन का उपवास रखा था। उस दौरान जन सुराज ने ये घोषणा की थी कि बिहार में जो नई सरकार बनी है उसके वादे को पूरा करने के लिए 6 महीने का समय देंगे। इसके बाद बिहार नवनिर्माण अभियान के तहत जनता के पास घर-घर जाएंगे। लोगों को उनकी बात बताएंगे। प्रशांत किशोर ने कहा कि बिहार नव निर्माण अभियान को अगले 5 साल तक सही से चलाने के लिए हर जिले में जाकर संगठन को पुनर्गठित करने का काम कर रहे हैं। साथ ही जन सुराज के साथियों के साथ विचार-विमर्श किया जा रहा है कि नव निर्माण अभियान किस तरह चलाया जाना है। किन बिंदुओं को शामिल करना है। निशांत कुमार के राजनीति में आने पर बोले पीके कहा-यह ऐसी घटना है जिसपर बिहार के लोगों को विचार करना चाहिए। निशांत कुमार के राजनीति में आने के सवाल पर प्रशांत किशोर ने निशाना साधते हुए कहा यह एक और ऐसी घटना है जो कि बिहार के लोगों को विचार करना चाहिए। बिहार के नेताओं को अपने बेटों की चिंता तो है इसलिए उनके लिए सिंहासन की व्यवस्था है, लेकिन बिहार की जनता को अपने बच्चों की चिंता नहीं है इसलिए आपके बच्चे अशिक्षित और बेरोजगार हैं। बिहार के बच्चों को पलायन करना पड़ रहा है। हम पिछले तीन साल से बिहार के लोगों को यही समझा रहे हैं कि आप नेताओं की चिंता छोड़कर अपने बच्चों की चिंता किजिए।

## घरेलू गैस सिलेंडर की कालाबाजारी पर जिला प्रशासन की पैनी नज़र, जिलाधिकारी, पटना ने जारी किए आवश्यक निदेश

लोकतंत्र की आवाज

संवाददाता विनोद प्रसाद



**पटना,** जिलाधिकारी, पटना के निदेश पर प्रखंड स्तर पर एलपीजी घरेलू गैस सिलेंडर से संबंधित शिकायतों के निवारण एवं सिलेंडर की जमाखोरी की रोकथाम हेतु 28 धावा दल का गठन किया गया है। इन धावा दलों में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों, प्रखंड आपूर्ति निरीक्षकों एवं सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारियों को नोडल पदाधिकारी के तौर पर तैनात किया गया है। ये सभी नोडल पदाधिकारी उपभोक्ताओं/नियंत्रण कक्षों से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए शिकायतों का निवारण करेंगे। सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत प्रखंड स्तरों पर घरेलू एलपीजी गैस से संबंधित शिकायतों के निवारण हेतु गठित धावा दलों/व्यवस्था के वरीय प्रभारी पदाधिकारी के तौर पर नामित किया गया है। घरेलू एलपीजी गैस से संबंधित मामलों के अनुश्रवण हेतु जिला स्तर पर हेल्पलाईन/जिला नियंत्रण कक्ष (दूरभाष संख्या 0612-2219810) क्रियाशील है। कोई भी उपभोक्ता या आम जनता इस संबंध में सूचना, शिकायत या जानकारी इस हेल्पलाईन नम्बर पर 09:00 बजे पूर्वाह्न से 06:00 बजे अपराह्न तक दे सकते हैं। जिला प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई की जाएगी। जिला नियंत्रण कक्ष में प्राप्त सूचनाओं, शिकायतों एवं सुझावों को विहित प्रपत्र में पंजी में संधारित किया जा रहा है। इन पर विधिवत कार्रवाई हेतु जिला नियंत्रण कक्ष में पालीवार पदाधिकारियों एवं कर्मियों को तैनात किया गया है। सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को भी अपने अनुमंडलों में नियंत्रण कक्षों को क्रियाशील रखने का निदेश दिया गया है। जिलाधिकारी के निदेश पर पटना जिला अंतर्गत सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों एवं सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारियों का अवकाश प्रशासनिक दृष्टिकोण से कार्यहित में अगले आदेश तक रद्द कर दिया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि एलपीजी घरेलू गैस उपभोक्ताओं को कोई समस्या न हो इसके लिए सम्पूर्ण प्रशासनिक तंत्र सजग एवं तत्पर है। किसी भी स्तर पर किसी भी प्रकार की शिथिलता, लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अपर जिला दंडाधिकारियों एवं अन्य जिला-स्तरीय पदाधिकारियों, अनुमंडल पदाधिकारियों/अनुमंडल-स्तरीय पदाधिकारियों तथा प्रखंड-स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा एलपीजी गैस डीलर्स एवं वितरकों के यहाँ नियमित तौर पर निरीक्षण तथा छापामारी की जा रही है। उपभोक्ताओं तथा आम जनता से फीडबैक भी लिया जा रहा है। ब्लैकमार्केटिंग, होर्डिंग या अधिक दाम पर बिक्री की शिकायत आने पर दोषी एजेंसियों/संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध तुरत प्राथमिकी दर्ज करने एवं गिरफ्तार करने का निदेश दिया गया है।

## अनाज प्रोफाइलिंग विथ हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग विषयक तीन दिवसीय कार्यशाला का टीपीएस कॉलेज में भव्य समापन

लोकतंत्र की आवाज

संवाददाता विनोद प्रसाद



पटना, ठाकुर प्रसाद सिंह महाविद्यालय में 10 से 12 मार्च 2026 तक ''अनाज प्रोफाइलिंग विथ हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग'' विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों को अनाजों में उपस्थित पोषक तत्वों-विशेषकर प्रोटीन, विटामिन आदि के विश्लेषण की आधुनिक तकनीकों से परिचित कराना तथा हाई परफॉर्मेंस लिक्विड क्रोमैटोग्राफी एवं यूवी-विस स्पेक्ट्रोफोटोमीटर पर व्यावहारिक (हैंड्स-ऑन) प्रशिक्षण प्रदान करना था। समापन सत्र में मुख्य वक्ता प्रो. तपन कुमार शांडिल्य ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि भारत जैसे कुपोषण की समस्या वाले देश में अनाज प्रोफाइलिंग के माध्यम से भोजन के पोषक तत्वों, विशेषकर प्रोटीन, की सटीक जानकारी प्राप्त कर अनाजों का उचित वर्गीकरण एवं गुणवत्ता सुधार संभव है। प्रो. श्यामल किशोर (प्राचार्य, रामेश्वर दास महाविद्यालय) ने अपने संबोधन में कहा कि अनाज प्रोफाइलिंग' जैसे प्रासंगिक विषय पर कार्यशाला आयोजित करना अत्यंत सार्थक है। डॉ. शशि प्रभा दुबे (कार्यशाला समन्वयक) ने कहा कि इस प्रकार की प्रशिक्षण आधारित कार्यशालाएँ विद्यार्थियों और शोधार्थियों को आधुनिक वैज्ञानिक उपकरणों के प्रयोग में दक्ष बनाती हैं तथा अनुसंधान की गुणवत्ता को भी सुदृढ़ करती हैं। डॉ. रेखा कुमारी (स्नातकोत्तर विभागाध्यक्ष, प्राणिविज्ञान विभाग) ने कहा कि आज के समय में पोषण और खाद्य गुणवत्ता का अध्ययन अत्यंत आवश्यक है। आईक्यूएसी समन्वयक प्रो. रूपम ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएँ महाविद्यालय में अनुसंधान संस्कृति को मजबूत बनाती हैं और विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ती हैं। डॉ. राकेश कुमार ( मुख्य प्रशिक्षक ने महाविद्यालय की प्रयोगशाला सुविधाओं की सराहना करते हुए कहा कि टीपीएस कॉलेज की प्रयोगशाला में उपलब्ध आधुनिक उपकरणों के कारण प्रतिभागियों को वास्तविक शोध वातावरण में प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिला। इस अवसर पर प्रो. कृष्णानंदन प्रसाद (कॉलेज निरीक्षक, पटलिपुत्र विश्वविद्यालय) ने कहा कि टीपीएस कॉलेज द्वारा आयोजित यह कार्यशाला उच्च शिक्षा में कौशल आधारित प्रशिक्षण का उत्कृष्ट उदाहरण है। कार्यशाला के अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में डॉ. उमेश कुमार, डॉ. मुकुंद कुमार, अंकित तिवारी, शिवम कुमार, विशाल कुमार, डॉ. अमरेंद्र धारी द्विवेदी, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. विनय भूषण कुमार सहित अनेक शिक्षक एवं शोधार्थियों ने सक्रिय सहभागिता की। कार्यक्रम का सफल संचालन शोध छात्र कृष्ण कुमार ने किया, जबकि डॉ. नरेश कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

## आंगनबाड़ी के बच्चों के बीच जीविका दीदियों द्वारा सिले कपड़ों का वितरण

लोकतंत्र की आवाज

धर्मेंद्र कुमार शर्मा



**पकरीबरावा।** पकरीबरावां प्रखंड परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉक्टर मृत्युंजय कुमार तथा जीविका की प्रखंड परियोजना प्रबंधक पूनम प्रजापति के संयुक्त नेतृत्व में आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ने वाले बच्चों के बीच कपड़ों का वितरण किया गया। यह कपड़े जीविका से जुड़ी दीदियों द्वारा सिलाई कर तैयार किए गए थे।कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने बच्चों के बीच कपड़े वितरित किए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर बीडीओ ने कहा कि जीविका समूह की महिलाएं आत्मनिर्भर बनने के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर भाग ले रही हैं। बच्चों के लिए कपड़े तैयार कर उनका वितरण करना एक सराहनीय पहल है।वहीं जीविका की प्रखंड परियोजना प्रबंधक ने बताया कि जीविका से जुड़ी महिलाओं को सिलाई-कढ़ाई सहित विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है। इसी कड़ी में आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ने वाले बच्चों के लिए कपड़े सिलकर उनका वितरण किया गया, ताकि जरूरतमंद बच्चों को इसका लाभ मिल सके।इस अवसर पर आंगनबाड़ी सेविका, जीविका समूह की दीदियां तथा प्रखंड कार्यालय के कई कर्मी मौजूद रहे। बच्चों को नए कपड़े मिलने से उनके चेहरे खिल उठे और अभिभावकों ने भी इस पहल की सराहना की।

## संक्षिप्त खबरें ।

### प्रज्ञा प्रवाह के संपर्क महा अभियान के कार्यक्रम आयोजित

लोकतंत्र की आवाज

सासाराम। प्रज्ञा प्रवाह के संपर्क महा अभियान के क्रम में प्रज्ञा प्रवाह के क्षेत्र संयोजक देवव्रत जी का प्रवास अपने शहर सासाराम में हुआ। उनके साथ प्रज्ञा प्रवाह के विभाग संयोजक डॉक्टर अरुण पाठक का भी आगमन सासाराम की धरती पर हुआ। संपर्क के क्रम में दोनों संयोजक का अवधूत भगवान राम महाविद्यालय सासाराम के प्राचार्य डॉक्टर विनोद कुमार सिंह के द्वारा अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया। मौके पर जिला सहसंयोजक शशिकांत चौबे, शिक्षक विनोद कुमार सिंह, ऋषिकेश झा के साथ महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ ओम प्रकाश सिंह के साथ-साथ लगभग 50 की संख्या में अन्य प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित थे। देवव्रत जी ने प्रज्ञा प्रवाह के उद्देश्य के बारे में जानकारी देते हुए भारत के गौरवपूर्ण इतिहास को जन-जन तक पहुंचाने के लिए समाज के बुद्धिजीवी शिक्षकों प्राध्यापकों का आह्वान किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विनोद कुमार सिंह समाज के प्रत्येक नागरिकों को अपने प्राचीन ज्ञान विज्ञान की उपलब्धी जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से इस तरह के कार्यक्रम की आवश्यकता पर बल दिया। बाद में संपर्क अभियान को बढ़ाते हुए प्रभाकर पाठक के नेतृत्व में अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं शिक्षकों के बीच विचार रखा गया। तदुपरांत नारायण सिंह विश्वविद्यालय में कॉमर्स एवं एमबीए विभागाध्यक्ष आशुतोष द्विवेदी एवं डॉक्टर विवेक शर्मा के साथ-साथ विश्वविद्यालय के अस्सिटेंट रजिस्टार मिथिलेश जी से भी विचारों का आदान-प्रदान हुआ। बाद में क्षेत्र संयोजक औरंगाबाद जिले में संपर्क अभियान को गति देने के लिए शाम 5:00 बजे प्रस्थान किये। इस प्रकार आज का दिन प्रज्ञा प्रवाह के विस्तार को समर्पित रहा।

### रोहतासः जमुहार स्थित गोपाल नारायण विश्वविद्यालय में विधि (लॉ) छात्रा की संदिग्ध मौत

लोकतंत्र की आवाज

सासाराम। जमुहार स्थित गोपाल नारायण विश्वविद्यालय में विधि (लॉ) की एक छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु होने की खबर सामने आई है। घटना के बाद विश्वविद्यालय परिसर में हड़कंप मच गया है । पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार ने बताया कि पुलिस की टीम तथा फॉरेंसिक टीम घटनास्थल पर मौजूद है और मामले की गहन जांच की जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि छात्रा के परिजनों को सूचना दे दी गई है तथा वे भी घटनास्थल पर पहुंच चुके हैं। पुलिस के अनुसार परिजनों तथा साथियों के बयान दर्ज करने के साथ-साथ तकनीकी अनुसंधान किया जा रहा है। जांच पूरी होने के बाद ही अद्यतन और स्पष्ट जानकारी दी जाएगी। घटना के बाद विश्वविद्यालय परिसर में मीडिया कर्मियों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई, जिससे कई सवाल भी उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इससे पहले भी विश्वविद्यालय एवं कॉलेज परिसर में कई घटनाएं हो चुकी हैं, जिन पर कथित रूप से पर्दा डाल दिया गया। कुछ लोगों का आरोप है कि कॉलेज एक बड़े राजनीतिक नेता से जुड़ा होने के कारण कई मामलों को दबाने की कोशिश की जाती है। हालांकि इस संबंध में आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है।

### राजपुर में ईद व रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण मनाने को लेकर थानाध्यक्ष ने की बैठक, डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध का ऐलान

लोकतंत्र की आवाज

राजपुर। गुरुवार को राजपुर थाना परिसर में आगामी ईद और रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से मनाने के लिए थानाध्यक्ष उमूस सलमा की अध्यक्षता में शांति समिति की विशेष बैठक आयोजित की गई । बैठक में थाना क्षेत्र के सभी प्रबुद्धजन,जनप्रतिनिधि,शांति समिति के सदस्य और अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे । बैठक में उपस्थित लोगों ने पर्वो को शांति, सौहार्द और सामाजिक सद्भाव के साथ मनाने के लिए अपने सुझाव साझा किए । इस अवसर पर थानाध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि किसी भी पर्व पर डीजे का पूर्ण प्रतिबंध रहेगा और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी । उन्होंने सभी से सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया । उमूस सलमा ने कहा कि पुलिस और शांति समिति मिलकर पर्वो के दौरान सुरक्षा,व्यवस्था और सार्वजनिक शांति बनाए रखने के लिए पूरी सतर्कता बरतेगी । उन्होंने कहा कि यह पहल सभी समुदायों के बीच भाईचारा बनाए रखने और त्योहारों को सुरक्षित वातावरण में मनाने के लिए महत्वपूर्ण है । बैठक के अंत में सभी उपस्थित गणमान्य लोगों ने थानाध्यक्ष के निर्देशों का समर्थन किया और पर्वो के दौरान सहयोग का आश्वासन दिया । इस बैठक से क्षेत्र में ईद और रामनवमी के पर्वो को शांतिपूर्ण,सुव्यवस्थित और उल्लासपूर्ण तरीके से मनाने की तैयारी मजबूत हुई है ।

### सूरत हादसे में रोहतास के मजदूरों की मौत पर महागठबंधन का सरकार पर हमला

लोकतंत्र की आवाज

कोचस। सूरत की केमिकल फैक्ट्री में हुए हादसे में मजदूरों की मौत को लेकर महागठबंधन के नेताओं ने सरकार की संवेदनहीनता पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। नेताओं ने कहा कि हादसे में रोहतास जिले के चार मजदूरों की मौत हुई है, जिनमें कोचस प्रखंड के कपासिया गांव निवासी संदीप पासवान और महेंद्र पासवान भी शामिल हैं। महागठबंधन के नेताओं ने पीड़ित परिवारों के प्रति गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि घटना के बाद भी सरकार की ओर से अब तक कोई ठोस सहायता या आश्वासन नहीं मिला है, जिससे मजदूर परिवारों में आक्रोश है। कांग्रेस नेता अखिलेश त्रिपाठी ने कहा कि सरकार ने पहले घोषणा की थी कि इस तरह की दुर्घटनाओं में जान गंवाने वाले मजदूरों के परिजनों को एक सरकारी नौकरी दी जाएगी। सरकार को अपने इस वादे को पूरा करना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार अक्सर बड़े-बड़े वादे करती है, लेकिन गरीब और असहाय लोगों को उसका लाभ नहीं मिलता। यदि सरकार गंभीर है तो पीड़ित परिवार के एक सदस्य को तत्काल सरकारी नौकरी देने की घोषणा करे। उन्होंने पीड़ित परिवारों को हर संभव सहयोग दिलाने का भरोसा भी दिया। इस मौके पर रामप्रवेश कुशवाहा (पूर्व बीडीसी), सुरेंद्र दुबे (पूर्व पैक्स अध्यक्ष, कोचस), मुन्ना पासवान (पूर्व जिला परिषद सदस्य, रोहतास), मुरारी ठाकुर, मनु पासवान (मुखिया, अकोरा पंचायत), विनोद पासवान तथा मनोज पासवान (पूर्व सांसद प्रतिनिधि) सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### ऋण न चुकाने पर न्यायालय सख्त, भेजा गया जेल

लोकतंत्र की आवाज

सासाराम। चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड शाखा सासाराम द्वारा दायर एग्जेक्युटिव केश नंबर 53/2018 में ऋण की बकाया राशि जमा नहीं करने पर न्यायालय ने सख्त रुख अपनाते हुए ग्राहक पक्ष के व्यक्ति को जेल भेजने का आदेश दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कंपनी द्वारा ऋण की बकाया राशि की वसूली के लिए ग्राहक भिखम प्रसाद के विरुद्ध न्यायालय में वाद दायर किया गया था। न्यायालय द्वारा कई बार नोटिस दिए जाने के बावजूद ग्राहक पक्ष द्वारा न्यायालय में उपस्थिति दर्ज नहीं कराई गई और न ही निर्धारित सेटलमेंट राशि भी जमा की गई। न्यायालय के आदेशों की अवहेलना को गंभीरता से लेते हुए अदालत ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया। आदेश के अनुपालन में संबंधित व्यक्ति को हिरासत में लेकर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसके बाद न्यायालय ने भिखम प्रसाद के पुत्र (ग्राहक पक्ष) को न्यायिक हिरासत में जेल भेजने का आदेश दिया। इस दौरान चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड की ओर से लीगल मैनेजर मतीन्द्र कुमार गौतम तथा लीगल एग्जीक्यूटिव अभिषेक कुमार एवं अधिवक्ता सुनील कुमार राय न्यायालय में उपस्थित रहे।

## महिलाओं को आगे बढ़ने से ही देश होगा खुशहाल : माया श्रीवास्तव

लोकतंत्र की आवाज



सासाराम। समर्थ नारी समर्थ भारत का पांचवीं स्थापना दिवस एवं महिला दिवस पर तीन दिवसीय कार्यक्रम की समाप्ति पर संकल्प सभा का आयोजन किया गया। समर्थ नारी समर्थ भारत की राष्ट्रीय सह संयोजिका बिहार, झारखण्ड वेस्ट बंगाल की प्रभारी माया श्रीवास्तव ने समर्थ नारी समर्थ भारत और महिला दिवस की शुभकामनाएं देती हुई कहीं कि आप सभी को पता होगा ही 1910 में कालरा नाम की महिला ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बुनियाद रखी थी।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस या महिला दिवस, कामगारों के आंदोलन से निकला था, जिसे बाद में संयुक्त राष्ट्र संघ के साथ पूरे विश्व ने भी सालाना जश्न के तौर पर मान्यता दिया। आगे श्रीमती श्रीवास्तव ने कहा कि एक पुरुष शिक्षित होता है। एक परिवार शिक्षित होता लेकिन एक महिला शिक्षित होती है तो पूरा समाज शिक्षित होता है। उदाहरण के तौर पर कहा कि छात्रपति शिवाजी महाराज के व्यक्तित्व के निर्माण में उनकी माता राजमाता जीजा बाई ही थी। सच्चाई यही है कि संस्कारों पहली पाठशाला मां ही होतीं हैं। श्रीवास्तव ने कहा किमहिला को सम्मान मिलेगा तो अपना राष्ट्र और राज्य खुशहाल होगा। यह अपनी सभ्यता संस्कृति भी है और पौराणिक मान्यता भी है कि जब जब महिलाओं पर अत्याचार हुआ है तब तब राष्ट्र कि अस्मिता पर संकट छाया है। श्रीमती श्रीवास्तव ने कहा कि महिलाओं की अधिकार के रक्षा के लिए हम सभी महिलाओं को एकजुट होकर आगे आना होगा जिसमें महिलाये अपने जीवन में आने वाली हर एक चुनौतियों का सामना खुद कर सके। मैं हमेशा सभी अन्य राज्यों में जाती रहती हूँ और जो भी बेसहारा महिलाएं हैं उन्हें उनकी हुनर के अनुसार रोज़गार की व्यवस्था करती हूँ ताकि उन्हें उनके हुनर से उनके रोज़गार से उनकी पहचान मिल सके। श्रीमति

श्रीवास्तव ने कहा कि समर्थ नारी समर्थ भारत का कहना है कि रोटी से रोजगार तक शस्त्र से शास्त्र तक .आज 5 साल पूरा होने तक समर्थ भारत समर्थ नारी ने अपने हिन्दुस्तान में ही नहीं विश्व के अन्य देशों में भी अपना परचम लहराया है। श्रीमती श्रीवास्तव आज संगठन की ओर से पुनाईचक स्थित संगठन के कार्यालय में संगठन की स्थापना दिवस, महिला दिवस पर आयोजित तीन दिवसीय संकल्प सभा में उपस्थित महिलाओं को सम्बोधित कर रही थी। आगे श्रीमती श्रीवास्तव ने कहा कि हमें भी संकल्प लेने की जरूरत है कि आर्थिक रूप से पिछड़े महिलाओं को उन्हें केंद्र और राज्य सरकार से मिलने वाली योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के साथ उन्हें सुविधा भी दिलाए।

प्रसंकल्प सभा कि अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष पुष्पा पाठक, मंच संचालन मीरा रानी धन्यवाद ज्ञापन संगीता दुबे ने किया। पुष्पा पाठक, सरिता सिंह, संगीता तिवारी, संगीता सिंह, अर्चना कुमारी ,लक्ष्मी कुमारी जुली घोष, पूनम देवी सहित सभी उपस्थित महिलाओं ने कहीं की

हमारी कोशिश है कि सभी जिलों में जा कर उन बेसहारा को सरकार से मिलने वाली सुविधा प्रदान कराये , साल में कम से कम दस महिलाओं को ऊपर उठाए। संगठन की पाँचवीं स्थापना दिवस

पर उपस्थित सैंकड़ों महिलाओं ने केक काट कर एक दूसरे को शुभकामनाएं देकर खुशी जिमका इजहार और नाच गाने से लोगों को मन्त्रमुग्ध किया। संगीता सिंह, सरिता सिंह, नीरू सिंह, पल्वी कुमारी, अर्चना झा, बेबी देवी, पूनम देवी, ज्ञानदेवी, चुन्नी देवी, सुनीता देवी, राधा कुमारी, गुंजन कुमारी, कामनी देवी, पूजा देवी, रीता देवी, सोनी देवी ऊषा देवी, वीना कारण, मनीषा अंबष्ट, रिंकी दास, कंचन घोष, सुनीता दुबे, आराध्या पंडित, सालजा देवी, ममता रानी, ऋतिका सिन्हा, अंजू श्रीवास्तव, अंशिका वर्मा, राधा सिन्हा, मीना झा, प्रीति पाठक, सुविधा सेन, निशु घोष, संजू देवी, अनीता मिश्रा, रूबी देवी, आरती कुमारी, निशा कुमारी, रजनी देवी अनुराधा कुमारी, सुगंधा कुमारी, बबीता देवी, प्रीति घोष सैकड़ों महिला उपस्थित थी।

## बहन की डोली उठने से पहले ही भाई की अर्थी उठ गई, सड़क हादसे में गई जान

लोकतंत्र की आवाज

बिक्रमगंज। जिस घर में बहन की शादी की खुशियां गूंज रही थीं, जहां रिश्तेदारों की भीड़ और मंगलगीतों की आवाज गूंज रही थी, उसी घर में कुछ ही देर बाद चीख-पुकार और मातम छा गया। बहन की डोली उठने से पहले ही भाई की अर्थी उठ गई। बुधवार की देर रात बिक्रमगंज-डेहरी मुख्य मार्ग (एनएच-120) पर हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में 19 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जिससे पूरा परिवार सदमे में डूब गया।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बिक्रमगंज नगर परिषद के वार्ड संख्या 16 श्यामनगर निवासी दिनेश प्रसाद के 19 वर्षीय पुत्र मोहन कुमार अपनी होंडा साइन बाइक से बहन की शादी में आए बारातियों के लिए पानी लेकर घर लौट रहे थे। रात करीब 9:30 बजे जैसे ही वह रेलवे क्रॉसिंग के पास पहुंचे, उसी दौरान मवेशियों से लदे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयानक थी कि मोहन कुमार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुटने लगी। जुटते हुए भीड़ को देखते ही ट्रक चालक और सह चालक मवेशियों से लदे ट्रक को वहीं छोड़कर फरार हो गए। इधर जब इस हादसे की खबर उस घर तक पहुंची, जहां मोहन की बहन की शादी की रस्में चल रही थीं, तो खुशियों से भरा आंगन पलभर में मातम में बदल गया। जब परिजन और रिश्तेदार घटनास्थल पर पहुंचे और मोहन का निर्जीव शरीर सड़क पर पड़ा देखा, तो चीख-पुकार से पूरा माहौल गूंज उठा। अपनी शादी के सपने संजो रही बहन अपने भाई के शव को देखकर फूट-फूटकर रोने लगी। माता-पिता और रिश्तेदारों का भी रो-रोकर बुरा हाल हो गया। वहां मौजूद हर शख्स की आंखें इस हृदयविदारक दृश्य को देखकर नम हो गई। घटना से आक्रोशित लोगों ने मुख्य मार्ग को जाम कर दिया और प्रशासन के खिलाफ जमकर नाराजगी जताई। लोगों ने अधिकारियों के समक्ष नो एंट्री पर सवाल खड़ा कर दिया। जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। यदि समय रहते प्रशासन ने सख्त कदम नहीं उठाया तो ऐसी घटनाएं होती रहेंगी और आम लोग यूं ही काल के गाल में समाते रहेंगे, जिसकी सारी जवाबदेही अनुमंडल प्रशासन की होगी।

सूचना मिलते ही बिक्रमगंज एसडीपीओ सिंधु शेखर सिंह और थानाध्यक्ष ललन कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। अन्य पुलिस पदाधिकारी भी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों के काफी समझाने-बुझाने के बाद आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम समाप्त किया। एसडीपीओ सिंधु शेखर सिंह ने बताया कि दुर्घटना को अंजाम देने वाले ट्रक पर कुल 56 बछड़े लदे हुए थे। ट्रक को जब्त कर थाना लाया गया है और विधि सम्मत कानूनी कार्रवाई करते हुए सभी मवेशियों को सासाराम गौशाला भेज दिया गया है। वहीं मृतक के शव को कानूनी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेजा गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

## रामनवमी को लेकर इंद्रपुरी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक



लोकतंत्र की आवाज

इंद्रपुरी। थाना परिसर में रामनवमी पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता थाना अध्यक्ष प्रियंका कुमारी गुप्ता ने की। बैठक में क्षेत्र से आए हुए जनप्रतिनिधि, पूजा समिति सदस्यों व मोहर्रम कमेटी सदस्यों को बताया कि शोभायात्रा के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि जुलूस के दौरान डीजे पर अश्लील गाना बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध है सामाजिक तत्त्वों व शराब कारोबारी पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी मौके पर बडीहा गांव के पंच व 20 सूत्री सदस्य आनंद कुमार पांडे, वार्ड सदस्य शिव पूजन सिंह, वार्ड पार्षद राजेश चौधरी, सरपंच प्रतिनिधि श्रवण गुप्ता, भोला सिंह, सब इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार समेत अन्य लोग उपस्थित हुए।

## राजस्व वसूली को लेकर घर-घर पहुंच रही विभागीय टीम, बकायेदारों का कनेक्शन विच्छेदन अभियान तेज

लोकतंत्र की आवाज

बिक्रमगंज। विद्युत विभाग द्वारा बकाया बिजली बिल की वसूली को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत विभागीय पदाधिकारी एवं कर्मचारी घर-घर जाकर राजस्व संग्रहण के साथ-साथ बकायेदार उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन विच्छेदन की कार्रवाई भी तेजी से कर रहे हैं। इस संबंध में विद्युत कार्यपालक अभियंता, सासाराम ई. ब्रवीम ने बताया कि राजस्व वसूली को प्रभावी बनाने के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है।

इन टीमों को बकायेदार उपभोक्ताओं से बिल संग्रहण करने तथा आवश्यकतानुसार बिजली कनेक्शन काटने की जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा लाइन काटने का कार्य युद्ध स्तर पर चलाया जा रहा है। बुधवार को चलाए गए अभियान के दौरान 100 से अधिक बकायेदार उपभोक्ताओं का बिजली कनेक्शन विच्छेद किया गया, जबकि 335 उपभोक्ताओं ने बकाया राशि का भुगतान किया।

इस अभियान के तहत 4 लाख 97 हजार रुपये की राजस्व वसूली की गई। इसके साथ ही चालू माह में 31 लोगों के विरुद्ध बिजली चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराई गई है, जिन पर कुल 11.34 लाख रुपये का जुर्माना अधिरोपित किया गया है। गौरतलब है कि मुख्यालय द्वारा मार्च माह में सभी प्रशाखाओं को कम से कम 25 प्राथमिकी दर्ज करने का लक्ष्य दिया गया है। साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, पटना के निर्देशानुसार शहरी क्षेत्रों में 5000 रुपये से अधिक तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 20000 रुपये से अधिक बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं द्वारा बिजली बिल जमा नहीं करने पर उनका कनेक्शन काटा जा रहा है।

कनेक्शन कटने के बाद पुनः आपूर्ति बहाल कराने के लिए उपभोक्ताओं को निर्धारित री-कनेक्शन शुल्क देना होगा, जिसमें सिंगल फेज के लिए 100 रुपये तथा तीन फेज छोटे उद्योगों के लिए 900 रुपये निर्धारित है। विभाग द्वारा समय पर बिजली बिल भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष छूट का प्रावधान भी किया गया है। बिल जारी होने के 15 दिनों के भीतर भुगतान करने पर 1.5 प्रतिशत की छूट तथा ऑनलाइन भुगतान करने पर 1 प्रतिशत अतिरिक्त छूट दी जा रही है। साथ ही स्मार्ट प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं की निगरानी भी बढ़ाई जा रही है।

जिन क्षेत्रों में मीटर बाईपास कर बिजली चोरी की आशंका है, वहां डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफॉर्मर पर विशेष मीटर लगाकर ऑनलाइन मॉनिटरिंग की व्यवस्था की जा रही है। यदि बिजली खपत और बिलिंग के आंकड़ों में अंतर पाया जाता है तो 31 मार्च तक संबंधित उपभोक्ताओं पर कड़ी कार्रवाई की जा सकती है। फिलहाल स्मार्ट प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं को प्रति यूनिट 25 पैसे की रियायत मिलती रहेगी। विद्युत विभाग ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे समय पर बिजली बिल का भुगतान करें, ताकि अनावश्यक असुविधा से बचा जा सके तथा विभाग द्वारा दी जा रही सुविधाओं का लाभ प्राप्त किया जा सके।

## रामनवमी व ईद पर्व को लेकर समहुता पंचायत में शांति समिति की बैठक



लोकतंत्र की आवाज

रोहतास। आगामी रामनवमी एवं ईद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर रोहतास प्रखंड के समहुता पंचायत भवन परिसर में गुरुवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में प्रखंड विकाश पदाधिकारी, ऋषिकेश कुमार, पंचायत सचिव, सरपंच, पंचायत प्रतिनिधियों एवं स्थानीय ग्रामीणों ने भाग लिया। बैठक में उपस्थित लोगों से अपील की गई कि सभी लोग आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ दोनों पर्व मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। साथ ही प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करने की बात कही गई।

इस मौके पर प्रेम शंकर सिंह, रामवृक्ष सिंह, चंदन राम, विजय प्रसाद सिंह, गजेंद्र सिंह, संतोष कुमार, अनिल कुमार (वार्ड सदस्य), मुकेश सिंह, धनेश्वर कुमार, प्रह्लाद कुमार, राजेश कुमार, दीपक कुमार सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

बैठक के अंत में सभी लोगों ने एकजुट होकर शांति और भाईचारे के साथ रामनवमी व ईद पर्व मनाने का संकल्प लिया।

## कड़ी निगरानी में हो रही वर्ग 1 से 8 की वार्षिक परीक्षा, 98% छात्रों की उपस्थिति

■ संकुल के आठ विद्यालयों में कुल 1562 छात्रों का नामांकन है

लोकतंत्र की आवाज

कोचस। प्रखंड क्षेत्र के श्री शिव पूजन शास्त्री +2 उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरवर-भागीरथा के कॉम्प्लेक्स रिसोर्स सेंटर के अंतर्गत वर्ग 1 से 8 तक की वार्षिक परीक्षा 2026 कड़ी निगरानी के साथ शांतिपूर्ण तरीके से संचालित की जा रही है।

कॉम्प्लेक्स रिसोर्स सेंटर के समन्वयक भारत प्रसाद सिंह ने बताया कि संकुल के आठ विद्यालयों में कुल 1562 छात्रों का नामांकन है, जिनमें से 1524 छात्र परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 38 छात्र अनुपस्थित रहे। इस प्रकार लगभग 98 प्रतिशत छात्रों की उपस्थिति दर्ज की गई। उन्होंने बताया कि संकुल के अंतर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय हरिदासपुर, प्राथमिक विद्यालय भरहुआं, प्राथमिक विद्यालय भगतगंज, प्राथमिक विद्यालय धनछुआं, राजकीय आदर्श मध्य विद्यालय नरवर-भागीरथा, मध्य विद्यालय नरवर, मध्य विद्यालय खुदरू तथा उत्क्रमित मध्य विद्यालय सारोसेर में परीक्षा सख्त निगरानी में आयोजित की जा रही है।

निष्पक्ष परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए शिक्षकों की ड्यूटी उनके मूल विद्यालय से हटाकर आसपास के विद्यालयों में लगाई गई है, ताकि परीक्षा पारदर्शी और नकलमुक्त वातावरण में संपन्न हो सके।

समन्वयक ने बताया कि इस व्यवस्था से बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास और मानसिक कौशल का विकास होगा। आगे चलकर जब छात्र बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना द्वारा आयोजित मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षा में शामिल होंगे, तो वे उसी अनुशासन और तैयारी के साथ बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार के निर्देशों को धरातल पर लागू करते हुए शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाना ही इस पहल का मुख्य उद्देश्य है।

## शादी समारोह में जा रहे तीन दोस्तों की बाइक पेड़ से टकराई, एक की मौत

लोकतंत्र की आवाज

काराकाट/रोहतास। काराकाट थाना क्षेत्र में बुधवार रात एक सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। दहियारी और कर्मा के बीच पक्की सड़क पर शादी समारोह में शामिल होने जा रहे तीन दोस्तों की बाइक पेड़ से टकरा गई। मृतक की पहचान सिकरिया गांव निवासी 24 वर्षीय हरीश पंडित के रूप में हुई है, जो अपने परिवार का इकलौता बेटा था।

यह घटना बुधवार रात करीब 11:30 बजे की बताई जा रही है। हरीश पंडित अपनी बाइक पर सिकरिया गांव के शंकर महतो के पुत्र सूरज महतो और नासरीगंज थाना क्षेत्र के पोखराहा गांव निवासी सुजीत पंडित के पुत्र दीपक पंडित के साथ शादी में शामिल होने जा रहे थे। दहियारी और कर्मा के बीच पक्की सड़क पर अचानक बाइक अनियंत्रित होकर एक पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि हरीश पंडित के माथे पर गंभीर चोटें आईं और उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। बाइक पर पीछे बैठे सूरज महतो को मामूली चोटें आईं, जबकि बीच में बैठे दीपक पंडित की हालत गंभीर बनी हुई है।

सूचना मिलते ही काराकाट थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने तीनों को गोडारी स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने हरीश को मृत घोषित कर दिया। दीपक पंडित को प्राथमिक उपचार के बाद सासाराम सदर अस्पताल रेफर किया गया, जहां से उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बनारस रेफर कर दिया गया। सूरज महतो को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

मृतक हरीश पंडित के शव को पोस्टमार्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया गया है। काराकाट थाना अध्यक्ष विवेक कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई, जबकि एक घायल की हालत स्थिर है और तीसरे को सासाराम सदर अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इकलौते बेटे की मौत से हरीश पंडित के परिवार में मातम छा गया है। परिजन गहरे सदमे में हैं।

## सासाराम में डॉक्टर शराब पीकर कमिश्नर की पत्नी का इलाज करने पहुँचे, डीएम के निर्देश पर सिविल सर्जन ने डीएस को शो-कॉज नोटिस जारी किया

लोकतंत्र की आवाज

सासाराम। बिहार के सासाराम में बुधवार देर रात एक चिकित्सकीय घटना ने प्रशासनिक हलकों में हलचल पैदा कर दी। पटना प्रमंडल के आयुक्त अनिमेष पराशर की पत्नी के इलाज के लिए पहुंचे एक डॉक्टर के व्यवहार पर संदेह जताए जाने के बाद मामला जांच तक पहुंच गया। आरोप है कि डॉक्टर इलाज के दौरान शराब के प्रभाव में थे।

**पहाड़ी से लौटते समय पैर में कांटा चुभा :** सूत्रों के अनुसार, आयुक्त की पत्नी मां मुंडेश्वरी धाम से लौट रही थीं। इसी दौरान पहाड़ी इलाके में उनके पैर में कांटा चुभ गया। इसके बाद प्राथमिक उपचार के लिए मेडिकल टीम को बुलाया गया। घटनास्थल पर पहुंचे सदर अस्पताल के कार्यकारी उपाधीक्षक डॉ. असित रंजन ने कांटा निकालने की कोशिश की। इसी दौरान उनके व्यवहार और बातचीत को लेकर संदेह उत्पन्न हुआ।

**व्यवहार पर संदेह, प्रशासन को दी गई सूचना:** मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार, डॉक्टर की स्थिति को लेकर आयुक्त की पत्नी को संदेह हुआ कि उन्होंने शराब का सेवन किया हो सकता है। इसकी जानकारी तुरंत जिला प्रशासन को दी गई। सूचना मिलने के बाद जिलाधिकारी उदिता सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के निर्देश दिए।

**जांच की भनक लगते ही डॉक्टर के जाने की चर्चा:** जिलाधिकारी के निर्देश पर सिविल सर्जन कार्यालय में डॉक्टर को बुलाकर शराब सेवन की जांच कराने की प्रक्रिया शुरू की गई। सूत्रों के अनुसार, डॉक्टर कुछ समय तक कार्यालय में मौजूद रहे। इसी बीच उन्हें यह जानकारी मिलने की चर्चा है कि उनका सैंपल लेकर जांच की जा सकती है। इसके बाद वे किसी बहाने से बाहर निकले और अपनी कार से वहां से चले गए। नगर थाना पुलिस द्वारा उनका पीछा किए जाने की भी बात सामने आई, हालांकि उन्हें रोका नहीं जा सका।

**पहले भी विवादों में रहा है नाम:** स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों के अनुसार, संबंधित चिकित्सक का नाम पहले भी विवादों में सामने आता रहा है। पूर्व में ड्यूटी के दौरान शराब सेवन के आरोप में पुलिस कार्रवाई और जुर्माना भरने की घटना की भी चर्चा रही है। इसके अतिरिक्त उनके खिलाफ व्यवहार से जुड़े अन्य आरोप भी लगाए जाने की बातें विभागीय स्तर पर सामने आती रही हैं।

**स्पष्टीकरण तलब, कार्रवाई के संकेत :** सिविल सर्जन ने बताया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्यकारी उपाधीक्षक डॉ. असित रंजन से लिखित स्पष्टीकरण मांगा गया है। उनके अनुसार, यदि जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया तो स्वास्थ्य विभाग के नियमों के अनुसार आगे विभागीय कार्रवाई की जाएगी। यह घटना प्रशासनिक और स्वास्थ्य व्यवस्था से जुड़े कई सवाल खड़े कर रही है, जबकि जांच पूरी होने के बाद ही पूरे मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## पडुरी में पुस्तकालय व ज्ञानकेन्द्र का उद्घाटन हुआ

लोकतंत्र की आवाज



नासरीगंज। प्रखण्ड के पडुरी पँचायत के पडुरी गांव स्थित नवनिर्मित पँचायत सरकार भवन में पंचायती राज विभाग से 15 वीं वित्त योजना से अनटाइड मद से लगभग चार लाख रुपये की लागत से पुस्तकालय व ज्ञानकेन्द्र का उद्घाटन प्रमुख योगेश कुमार, बीडीओ मो० नौशाद आलम सिद्दीकी, बीपीआरओ प्रगति सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

बीडीओ ने कहा कि सरकार के दिशा निर्देश के अनुसार इस पंचायत में पुस्तकालय खोला गया है। पुस्तक पढ़ने से ज्ञान की प्राप्ति होती है.पुस्तक से अच्छा कोई मित्र नहीं है। इस पुस्तकालय में प्रतियोगी पुस्तकों के अलावा अन्य ज्ञानवर्द्धक पुस्तकें भी रखी गयी है। युवाओं को कहा कि कभी भी वे अपने आप को अकेला महसूस करें उस वक्त पुस्तक का सहारा लें।

प्रमुख ने कहा कि पुस्तकालय वह स्थान है जहां पढ़ने की आदत को प्रोत्साहित किया जाता है जिससे छात्रों की आत्मनिर्भरता बढ़ती है और पढ़ने की चाह रखने वाले छात्रों को एक बेहतर साधन उपलब्ध कराता है। ग्रामीण प्रतिभाशाली एवं मेघावी छात्र छात्रा लाभान्वित होंगें। बीपीआरओ ने कहा कि यह पुस्तकालय वाई फाई, टीवी, कंप्यूटर, सीसीटीवी कैमरा सहित अन्य सुविधाओ से लैस रहेगा। पुस्तकालय छात्रों के ज्ञानवर्धन में सहायक सिद्ध होगा। पुस्तक हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है। इस पुस्तकालय में गरीब परिवार के बच्चों को पठन-पाठन में सहायता मिलेगी।

उन्होंने लोगों को यह भी बताया कि पुस्तकालय पंचायत के लिए उस वक्त कारगर होगा जब लोग अपने बेकार समय में यहां पहुंचकर पुस्तकों से अपना रिश्ता जोड़ेंगे। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि वीरेंद्र चौधरी, पँचायत सचिव राहुल कुमार, अनिल कुमार रजक, कार्यपालक सहायक निखिल कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### विष्णुगढ के हास्पिटल चौक संकट मोचन मंदिर राम नवमी पूजा कमेटी का गठन



लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरोचीफ हजारीबाग (झारखंड)
बिष्णुगढ़ संकट मोचन मंदिर अस्पताल चौक मंदिर परिसर मे बैठक का आयोजन किया गया बैठक की अध्यक्षता मुन्ना कुमार ने किया जिसमें मुख्य रूप से रामनवमी पूजा धूमधाम से मनाने एवं झांकी निकालने को लेकर विचार विमर्श किया गया और निर्णय लिया गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी पूजा धूमधाम से मनाया जाएगा और शांतिपूर्वक तरीके से भव्य झांकी निकाला जाएगा पूजा को संपन्न करने के लिए एक कमेटी का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष सुमीत कुमार उपाध्यक्ष राजू श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष अरविंद कुमार लहकार सचिव दीपू अकेला कार्यकारिणी कुंदन वर्मा मुन्ना सागर को नियुक्त किया गया इस बैठक में मुख्य रूप से मुकेश कुमार चंद्र भूषण मिश्रा विशाल कुमार अमरदीप पांडे सुनील कुमार अकेला रवि पांडे आकाश कुमार रोशन कुमार बालाजी इत्यादि लोग शामिल थे।

### कतरास के नए प्रभारी बने प्रवीण कुमार, असित कुमार बनें बैंक मोड़ के नए थाना प्रभारी





लोकतंत्र की आवाज़
धनबाद कतरास
ब्योरो चीफ, रिपोर्टर = पप्पु गुप्ता । बैंक मोड़ थाना क्षेत्र के कार्यकाल में थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने बहुत ही तरिके से समाज और पुलिस के बीच बिठाया सामंजस्य। उधर कतरास थाना प्रभारी असित कुमार भी काफी तेज तर्रार पुलिस अधिकारी माने जातें हैं। जो अब बैंक मोड़ के नए थाना प्रभारी के रुप में पदभार ग्रहण करेंगे। बताते चलें कि सुत्रों की मानें तों धनबाद जिला से आधा दर्जन से अधिक थाना प्रभारी हुए इधर से उधर! पुलिस महकमे में हुआ फेरबदल! बैंक मोड़ थाना प्रभारी प्रवीण कुमार बनें कतरास थाना प्रभारी। कतरास थाना प्रभारी असित कुमार बैंक मोड़ थाना प्रभारी हुए नियुक्त। तोपचांची थाना प्रभारी अजीत भारती बनें निरसा थाना प्रभारी। निरसा थाना प्रभारी अनिल शर्मा जोड़ापोखर सर्किल थाना में हुए नियुक्त! जोड़ापोखर सर्किल इंस्पेक्टर आशुतोष कुमार चिरकुंडा बनें थाना प्रभारी।चिरकुंडा थाना प्रभारी रामजी राय साइबर थाना में हुए नियुक्त। लव कुमार ट्रैफिक थाना प्रभारी से बने तोपचांची थाना प्रभारी। #जयप्रकाश साइबर थाना से ट्रैफिक थाना प्रभारी हुए नियुक्त। राजेश कुमार अभियोजन कोषांग प्रभारी से बनें सिंदरी थाना प्रभारी। #संजय कुमार सिंदरी थाना प्रभारी से कोर्ट सिक्योरिटी में हुए नियुक्त। मोहम्मद रुस्तम कोर्ट सिक्योरिटी से पहुंचे कतरास सर्किल। कतरास सर्किल से मुकेश कुमार अभियोजन कोषांग प्रभारी हुए नियुक्त।

### विधानसभा में गूंजा रसोइयों और सेविकाओं के अधिकारों का मुद्दा

लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरोचीफ
हजारीबाग (झारखंड)



हजारीबाग के विधायक प्रदीप प्रसाद ने झारखंड विधानसभा में सरकारी विद्यालयों में कार्यरत रसोइयों और सेविकाओं की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने सरकार से इन कर्मियों के मानदेय में वृद्धि, नियमित वेतन व्यवस्था, पेंशन, पीएफ और सामाजिक सुरक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की। विधायक ने कहा कि रसोइये और सेविकाएं वर्षों से विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन योजना को सफलतापूर्वक संचालित कर बच्चों के पोषण और शिक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं, इसलिए उन्हें सम्मानजनक वेतन और स्थायित्व मिलना चाहिए। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि रसोइयों और सेविकाओं के हित में जल्द सकारात्मक निर्णय लिया जाए।

### बंसानाथ स्थल पर विश्व कल्याणार्थ महारुद्र यज्ञ आयोजन





लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरो चीफ गिरिडीह
झारखंड (2026.03.12)। महारुद्र यज्ञ भगवान शिव की कृपा और आशीर्वाद प्राप्त करने हेतु की जाती है महारूद्र यज्ञ सुख समृद्धि एवं शांति रोगों से मुक्ति नकारात्मक ऊर्जा से मुक्ति हेतु किया जाता है।सर्व विदित है इन्हें महामृत्युंजय कहा जाता है तात्पर्य भगवान शिव मृत्यु को भी जीत सकते हैं भगवान शिव में मृत्यु को भी जीतने की क्षमता है ऐसे देवों के देव महादेव का महाकाल का विश्व कल्याणार्थ महारुद्र यज्ञ का आयोजन किया जाता है धन्य है मानजोरी पंचायत के सभी निवासी धन्य है उसे क्षेत्र के बुजुर्ग महिला नवयुवक एवं कार्यकर्ता सभी श्रद्धा के पात्र हैं। एक से बढ़कर एक इस यज्ञ में आर्थिक ऊर्जा, सहयोग प्रदान कर रहे लोगों का योगदान भी सराहनीय है।

# धनबाद में मिलावटखोरों पर बड़ी कार्रवाई, बस से 1400 किलो नकली पनीर व 90 किलो घी जब्त

लोकतंत्र की आवाज़

**ब्योरो चीफ, पप्पु गुप्ता**
**धनबाद कतरास** । धनबाद 12 मार्च 2026 में खाद्य मिलावट के खिलाफ जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में नकली पनीर और घी जब्त किया है। बिहार से आने वाली एक बस से 1400 किलो नकली पनीर और 90 किलो नकली घी बरामद किया गया है।

उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा के मामलों में जिला प्रशासन द्वारा जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जा रही है। इसी के तहत खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजा कुमार के नेतृत्व में गुरुवार तड़के करीब 3 बजे धनबाद बस स्टैंड पर मिलावटखोरों के खिलाफ विशेष जांच अभियान चलाया गया।

गुप्त सूचना के आधार पर जांच के दौरान बिहार से आने वाली बुंदेला बस (BR-21P-3632) की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान बस से 1400 किलो नकली पनीर, 90 किलो नकली घी (6 टीन) और अन्य खाद्य सामग्री बरामद की गई। कार्रवाई के दौरान बस के ड्राइवर और खलासी को हिरासत में लेकर बस सहित धनबाद थाना को सौंप दिया गया है।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि बरामद पनीर पटना से धनबाद लाया जा रहा था, जिसे लगन और त्योहारों के दौरान बाजार में खपाने की योजना थी। उन्होंने कहा कि धनबाद में इतनी बड़ी मात्रा में मिलावटी पनीर पहली बार पकड़ा गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मिलावटखोरों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। इसके साथ ही बिहार से आने वाली बसों में भी सघन जांच जारी।



- **पटना से आ रहा था नकली पनीर, धनबाद बस स्टैंड पर बड़ी कार्रवाई**
- **लगन के बाजार में खपाने की थी तैयारी, बस से भारी मात्रा में पकड़ा गया**
- **रात 3 बजे बस स्टैंड पर छापा, 1400 किलो मिलावटी पनीर और घी बरामद**
- **खाद्य सुरक्षा टीम की बड़ी कार्रवाई, बस से नकली डेयरी उत्पाद जब्त**






## धनबाद असर्फी अस्पताल में मरीज का शव परिजनों को सौंपने को लेकर हुआ विवाद, पहुंचे नवनिर्वाचित मेयर, की वार्ता



लोकतंत्र की आवाज़

**धनबाद कतरास**
**ब्योरो चीफ, रिपोर्टर = पापु गुप्ता ।** प्रतिष्ठित असर्फी अस्पताल में मरीज के शव को लेकर विवाद हो गया. सड़क हादसे में घायल झरिया निवासी संजीत सिंह (54 वर्ष) की मौत के बाद 20,864 रुपये बकाया होने के कारण विवाद हो गया था. सूचना मिलने पर नवनिर्वाचित मेयर संजीव सिंह तुरंत अस्पताल पहुंचे। अपने पैर में चोट होने के बावजूद मेयर ने अपने निजी कोष से बकाया राशि का भुगतान किया, जिसके बाद मृतक का शव परिजनों को सौंपा गया। इस घटना में मेयर के साथ पहुंचे जनता मजदूर संघ के संगठन सचिव अमित गुप्ता ने कहा कि "सिंह मेंशन हर दुखियारी परिवार के साथ मजबूती से खड़ा है

## धनबाद बाघमारा डुमरा में ज्वेलरी शॉप पर बड़ा हाथ साफ, 16-17 लाख की ज्वेलरी चोरी -DVR डिलीट कर चोर हुए फरार

लोकतंत्र की आवा

**धनबाद कतरास**
**ब्योरो चीफ, रिपोर्टर = पप्पु गुप्ता ।** बाघमारा थाना क्षेत्र अंतर्गत डुमरा स्थित बीसीसीएल रीजनल अस्पताल के सामने भगवती अलंकार ज्वेलर्स में शातिर चोरों ने बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम देते हुए करीब 16 से 17 लाख रुपये की ज्वेलरी पर हाथ साफ कर दिया। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। दुकान के मालिक शिवलाल स्वर्णकार ने बताया कि चोर काफी शातिर तरीके से दुकान में घुसे और चोरी को अंजाम दिया। चोरी के बाद चोरों ने दुकान में लगे CCTV कैमरों की दिशा बदल दी, DVR से सारे वीडियो फुटेज डिलीट कर दिए और कैमरों के तार व वायर भी नोच दिए, ताकि घटना का कोई सबूत न मिल सके।



घटना की सूचना मिलते ही बाघमारा थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए क्राइम ब्रांच सीआईडी की स्पेशल टीम बोकारो से डुमरा पहुंची और घटनास्थल की बारीकी से जांच की।जांच के दौरान सीआईडी डॉग स्क्वॉड भी मौके पर पहुंचा। बोकारो से आए डॉग स्क्वॉड में जॉनसन कुमार आइन्ड अपने प्रशिक्षित डॉग "न्यूटन" के साथ जांच में शामिल हुए, वहीं डॉग स्क्वॉड के सुमन कुमार शर्मा भी जांच में मौजूद थे। हालांकि काफी प्रयास के बावजूद अभी तक कोई ठोस सुराग या सबूत हाथ नहीं लग पाया है।

घटना की सूचना मिलते ही बाघमारा थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए क्राइम ब्रांच सीआईडी की स्पेशल टीम बोकारो से डुमरा पहुंची और घटनास्थल की बारीकी से जांच की।जांच के दौरान सीआईडी डॉग स्क्वॉड भी मौके पर पहुंचा। बोकारो से आए डॉग स्क्वॉड में जॉनसन कुमार आइन्ड अपने प्रशिक्षित डॉग "न्यूटन" के साथ जांच में शामिल हुए, वहीं डॉग स्क्वॉड के सुमन कुमार शर्मा भी जांच में मौजूद थे। हालांकि काफी प्रयास के बावजूद अभी तक कोई ठोस सुराग या सबूत हाथ नहीं लग पाया है।

घटना की सूचना पाकर प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी अंकित सिन्हा और हरिहरपुर थाना प्रभारी भी घटनास्थल पर पहुंचे और हर एक बिंदु पर गहन जांच की। फिलहाल बाघमारा थाना पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और चोरों की तलाश में छापेमारी की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

## 581 कामगारों के नियोजन की सहमति के बाद कामगारों का आंदोलन खत्म

लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**टंडवा (चतरा)।** गुरुवार आम्रपाली परियोजना में ठेका मजदूर, सीसीएल और खनन कंपनी एनसीसी के प्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा ग्रामीणों की मौजूदगी में हुई सफल वार्ता के बाद मजदूरों द्वारा आंदोलन समाप्ति की घोषणा की गई। इस बाबत जानकारी देते हुवे ग्राम विकास समिति के सांसद प्रतिनिधि अर्जुन राम ने बताया कि अंबे ज्वाइंट वेंचर और बीएलए के ठेका मजदूरों ने एनसीसी कंपनी में नियोजन की मांग को लेकर आंदोलित थे।जिसपर सांसद के निर्देश से आम्रपाली परियोजना प्रबंधन द्वारा त्वरित संज्ञान ली गई।



आयोजित बैठक की अध्यक्षता परियोजना पदाधिकारी मो. अकरम एवं संचालन थाना प्रभारी उत्तम तिवारी ने किया जहां एनसीसी कंपनी प्रबंधन की ओर से के. उदय राजू, बी. के. ठाकुर समेत अन्य लोग मौजूद रहे। विचार विमर्श के बाद 6 दिसंबर 2025 को मजदूर प्रतिनिधियों के साथ हुई वार्ता में 581 कामगारों को योग्यतानुसार एनसीसी कंपनी में सर्वसम्मिति से शीघ्रताशीघ्र नियोजन करने की लिखित घोषणा की गई, जिसके बाद मजदूरों ने आंदोलन को वापस ले लिया गया। सकारात्मक हुई वार्ता पर मजदूर प्रतिनिधि रमेश वर्मा ने संतोष व्यक्त किया है।इस मौके पर मंटू सिंह, महेश वर्मा, बिजय साहु, अमलेश दास, रविन्द्र वर्मा समेत सैंकड़ों कामगार व अन्य मौजूद थे।

## हजारीबाग प्रमंडलीय आईजी सुनील भास्कर ने अपराध समिक्षा बैठक कर दिया निर्देश

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरोचीफ**
**हजारीबाग (झारखंड)।** झारखंड के हजारीबाग में जोनल लेवल क्राइम मीटिंग आयोजित की गई।इस बैठक में बोकारो रेंज के आईजी सुनिल भास्कर ने उत्तरी छोटानागपुर क्षेत्र के दो रेंज के पुलिस अधिकारियों के साथ अपराध नियंत्रण और आगामी त्योहारों को लेकर समीक्षा की।बैठक में विशेष रूप से रामनवमी, ईद एवं सरहुल को लेकर सुरक्षा तैयारियों का जायजा लिया गया।

हजारीबाग में आयोजित इस उच्च स्तरीय बैठक में उत्तरी छोटानागपुर क्षेत्र के सभी जिलों के एसपी और वरीय पुलिस अधिकारी शामिल हुए। बैठक में जिलेवार अपराध की स्थिति, लंबित मामलों की जांच और कानून-व्यवस्था की समीक्षा की गई। आईजी सुनील



भास्कर ने बताया कि पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों पर कितना अमल हुआ है, इसकी भी विस्तृत समीक्षा की गई। साथ ही सभी एसपी को अपने-अपने क्षेत्रों में शांति व्यवस्था बनाए रखने और पुराने मामलों के अनुसंधान को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया गया।

आगामी त्योहार रामनवमी और ईद को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए गए। आईजी ने बताया कि हाल ही में निकला मंगल जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ है और आने वाले पर्व भी इसी तरह शांति और भाईचारे के साथ संपन्न हों, इसके लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क है।उन्होंने लोगों से अपील की कि सभी पर्व-त्योहार उमंग और सौहार्द के साथ मनाएं, लेकिन कानून व्यवस्था को बिगाड़ने की इजाजत किसी को नहीं दी जाएगी।

## गिद्धौर: बाल विवाह रोकथाम को लेकर कार्यशाला आयोजित

लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**गिद्धौर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत बाल विवाह मुक्त पंचायत बनाने को लेकर बारीसाखी गांव में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन अधिकार मित्र पवन कुमार के द्वारा किया गया ।



उपस्थित लोगों ने पंचायत को बाल विवाह मुक्त बनाने का सामूहिक संकल्प लिया।इस दौरान बताया गया कि बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के अनुसार लड़की की शादी 18 वर्ष के बाद तथा लड़के की शादी 21 वर्ष के बाद करना ही कानूनी रूप से मान्य है।इससे पहले विवाह करना कानुनन अपराध है ,और ऐसा करने वाले को दंड और सजा का प्रावधान है ।

कार्यक्रम में यह भी निर्णय लिया गया कि, यदि कहीं बाल विवाह की सूचना मिलती है, तो इसकी जानकारी तुरंत चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, पुलिस हेल्पलाइन नंबर 100 और महिला हेल्पलाइन नंबर 181 पर सूचना देकर बाल विवाह को रोका जा सकता है।

## खेरौन यज्ञ मंडप के सुंदरीकरण के लिए हज़ारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने उपलब्ध कराया 7500 फेबर ब्लॉक

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरोचीफ**
**हजारीबाग (झारखंड)।** हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल द्वारा बरही विधायक मनोज कुमार यादव के प्रयास से बरही प्रखंड के खेरौन स्थित यज्ञ मंडप परिसर के सुंदरीकरण के लिए करीब साढ़े सात हजार फेबर ब्लॉक उपलब्ध कराया गया है। इन फेबर ब्लॉकों के माध्यम से यज्ञ मंडप में फेरी (परिक्रमा पथ) का सुंदरीकरण किया जा रहा है।बताया गया कि चुनाव से पहले ही सांसद मनीष जायसवाल ने खेरौन यज्ञ मंडप के सुंदरीकरण का आश्वासन दिया था। उसी वादे को पूरा करते हुए यज्ञ से पहले मंडप परिसर में फेबर ब्लॉक लगाकर सुंदरीकरण का कार्य कराया जा रहा है।



उल्लेखनीय है कि यहां 19 मार्च से भव्य यज्ञ का आयोजन किया जाना है, जिसे लेकर गांव और आसपास के क्षेत्रों में उत्साह का माहौल है। फेबर ब्लॉक उपलब्ध कराए जाने के दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, बरही विधानसभा सह सांसद प्रतिनिधि रंजीत चंद्रवंशी, जिला परिषद सदस्या प्रीति कुमारी, बरही पश्चिमी मंडल सांसद प्रतिनिधि भगवान केशरी, बरही पश्चिमी मंडल अध्यक्ष नागेश्वर रजक तथा केदारूत मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर ने कहा कि सांसद मनीष जायसवाल व विधायक मनोज यादव क्षेत्र के विकास को लेकर हमेशा गंभीर रहते हैं और उनके प्रयास से क्षेत्र में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं।

खेरौन यज्ञ मंडप के सुंदरीकरण के लिए फेबर ब्लॉक उपलब्ध कराना भी इसी कड़ी का हिस्सा है, जिससे यज्ञ में आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी। वहीं बरही विधानसभा सह सांसद प्रतिनिधि रंजीत चंद्रवंशी ने कहा कि सांसद मनीष जायसवाल द्वारा किए गए वादों को लगातार पूरा किया जा रहा है। खेरौन में होने वाले यज्ञ को लेकर लोगों में काफी उत्साह है और मंडप के सुंदरीकरण से कार्यक्रम और भी भव्य होगा। यज्ञ समिति के सदस्यों ने सांसद मनीष जायसवाल और विधायक मनोज कुमार यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सहयोग से यज्ञ मंडप का सुंदरीकरण संभव हो सका है, जिससे श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा मिल पाएगी।

मौके पर इंद्रदेव ठाकुर, भोला सिंह, अशोक सिंह, शम्भू सिंह, देवेन्द्र सिंह (यज्ञ कमेटी अध्यक्ष), बीरेन्द्र सिंह, अवधेश सिंह, राधेश्याम सिंह, डॉ. एस.एन. सिंह, अरुण सिंह, शंकर सिंह, रामाधीन यादव, राधेश्याम सिंह तथा नितेश सिंह सहित कई ग्रामीण और यज्ञ समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### पल्सर बाइक से तस्करी कर रहे दो शराब कारोबारी गिरफ्तार, 97 पीस अंग्रेजी शराब जब्त



लोकतंत्र की आवाज
रामगढ़ (कैमूर)। बिहार में पूर्ण शराबबंदी को सफल बनाने के उद्देश्य से रामगढ़ पुलिस लगातार अभियान चला रही है। इसी कड़ी में पुलिस ने जल्दाहा चेक पोस्ट के समीप इमलिया मोड़ के पास घेराबंदी कर दो शराब कारोबारियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इस कार्रवाई की पुष्टि थानाध्यक्ष हरिप्रसाद शर्मा ने की ।थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि बाइक के जरिए शराब की एक खेप ले जाई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने इमलिया मोड़ के पास सघन चेकिंग अभियान शुरू किया। तभी एक पल्सर मोटरसाइकिल (रजिस्ट्रेशन नंबर: BR33AL3216) पर सवार दो संदिग्धों को रोका गया। जाँच करने पर उनके पास से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद हुई। पकड़े गए कारोबारियों का विवरण: गिरफ्तार किए गए शराब कारोबारियों की पहचान प्रीतम कुमार, और बिट्टू कुमार, के रूप में हुई ।दोनों निवासी: ग्राम– पचपोखरी, थाना– कुदरा, जिला– कैमूर।
बरामदगी की सूची : पुलिस ने कारोबारियों के पास से निम्नलिखित सामग्री जब्त की है। अंग्रेजी शराब: 180 ml की कुल 97 पीस 8 PM फ्रूटी (कुल मात्रा: 17 .460 लीटर)। वाहन: तस्करी में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाइकिल।
अग्रिम कार्रवाई: पुलिस ने बताया कि पकड़े गए दोनों कारोबारियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है ।आगे की करवाई में जुटी

### कैमूर में मां मुंडेश्वरी धाम में राम नवमी पर लगेगा वृहद मेला, प्रशासन जुटा तैयारी में





लोकतंत्र की आवाज
कैमूर । जिला के भगवानपुर प्रखण्ड में अवस्थित कैमूर का चर्चित स्थान मां मुंडेश्वरी धाम में हर वर्षों के भांति इस बार भी रामनवमी और चैत्र नवरात्र को लेकर प्रशासन कमर कस लिया है । तैयारी में कोई कमी नहीं रह जाएं । इसको लेकर न्यास समिति के द्वारा सफ़ाई एवं रंग पोताई का कार्य शुरू कर दिया गया है। जहां कि सफाई कर्मियों के द्वारा मां मुंडेश्वरी मंदिर के आस पास स्थानों का सफ़ाई किया जा रहा है। उनका मंदिर और सिढी का सुंदरता बढ़े। इसके लिए बेहतर रंगों से पोताई किया जा रहा है। वहीं पेयजल , शौचालय की व्यवस्था दुरुस्त हो ताकि श्रृद्धालुओं कोई परेशानी नहीं उठाना पड़े। इस पर भी प्रशासन का खास ध्यान है। बताया जाता है कि मां मुंडेश्वरी धाम में राम नवमी और चैत्र नवरात्र को वृहद मेला का आयोजन होता है । इसमें बड़ी संख्या में पूरे कैमूर जिला के अलावा अन्य राज्यों से भी श्रृद्धालुओं भाग लेते हैं। जहां कि भीड़ में नियंत्रित करने के लिए सुरक्षा व्यवस्था का कड़ा इंतजाम किया जाता है। और इस बार भी मेला में कोई चूंक नहीं हो। इसलिए पूरी तैयारी के लिए इस्को सफल बनाने में लग गई है।

### भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के तत्वाधान में कुर्मी चेतना के महानायक सतीश कुमार का भाव भीनी श्रद्धांजलि



लोकतंत्र की आवाज
भभुआ कैमूर। भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के कार्यालय में शोक सभा का आयोजन संस्था के कार्यालय में किया गया जिसमे कुर्मी चेतना रैली के महानायक और पूर्व विधायक स्वर्गीय सतीश कुमार के दिवंगत आत्मा के प्रति सम्मान, प्रेम और शोक व्यक्त करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दिया गया। इसी बीच भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष श्री जय प्रकाश नारायण सिंह ने बताया की 12 फ़रवरी 1994 में पटना के गाँधी मैदान में कुर्मी चेतना महारैली का आयोजन कुर्मी महानायक स्वर्गीय सतीश कुमार द्वारा सफल आयोजन किया गया था। जिसमे भारत के कई राज्यों से कुर्मी समाज के लोग आये थे। इस रैली से अपने समाज की एक नयी पहचान बनी थी। स्वर्गीय सतीश कुमार मूल रूप से शेखपुरा जिला के बरबीघा प्रखंड के सर्वा ग्राम के निवासी थे ।उनका जन्म 1948 में हुआ था, वे सामाजिक और राजनैतिक रूप से सक्रिय नेताओ में गिने जाते रहे है। अंत में दो मिनट का मौन रख कर दिवंगत आत्मा के शांति के लिये प्रार्थना किया गया। जिसमे जय प्रकाश नारायण सिंह, सत्यप्रकाश सिंह, राकेश कुमार सिंह, मुरारी प्रसाद चौधरी, राजा जय कृष्णा चंद, काशी नाथ सिंह, दिलीप कुमार सिंह, संतोष कुमार, हरित कुमार (अधिवक्ता), मनोज सिंह, शैलन्द्र सिंह, आशुतोष कुमार सिंह, विवेक पटेल, नीरज पटेल आदि उपस्थित रहे।

# मोहनिया : गैस किल्लत की अफवाहों के बीच उमड़ी भीड़, सूचना मिलने के बाद 3 घंटे पर पहुंचा प्रखंड प्रशासन

लोकतंत्र की आवाज



मोहनिया । ईरान इजरायल युद्ध के बीच गैस किल्लत की अफवाह सोशल मीडिया पर तेजी से फैल रहा है। जिसको देखते हुए लोग चाह रहे हैं कि वह गैस का पर्याप्त स्टॉक कर ले की गैस की किल्लत न झेलनी पड़े। पिछले एक हफ्ते से कैमूर जिले के अलग-अलग गैस एजेंसीयों पर लगातार लोगों की भीड़ देखी जा रही है।

लोग अपने जरूरी काम धंधा को छोड़कर गैस एजेंसी पर गैस लेने की लाइन में लगे हैं। लेकिन जिला प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि गैस उन्हीं को मिलेगा जिनके नंबर 25 दिन के बाद लगेगा और जिनके पास ओटीपी आएगा, उनको गैस देना है और गैस का वितरण प्रशासन की उपस्थिति में होगा। जिससे कि किसी भी अनहोनी की आशंका से बचा जा सके। लेकिन मोहनिया थाना क्षेत्र के दड़वा के पास इंडियन गैस एजेंसी पर लोगों की भीड़ सुबह 6 बजे से गैस लेने को लेकर उमड़ पड़ी थी। प्रशासन को सूचना भी दे दिया गया लेकिन प्रशासन सूचना के दो घंटे के बाद पहुंची। जिससे बढ़ रही धूप मे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ।

पंडेहरिया के अमित कुमार बताते हैं कि कई बार बुकिंग को लेकर फोन किया जा रहा है ना तो बुकिंग हो पा रहा है ना ही मेरे पास ओटीपी आ रहा है। पिछले चार-पांच दिनों से हम परेशान हैं। अंत में थक हार कर आज गैस लेने के लिए एजेंसी पर आए हैं देखते हैं कि मुझे गैस मिल पाता है कि नहीं । मोहनिया के मंजीव गुप्ता ने बताया कि मैं गैस के लिए तीन दिनों से दौड़ रहा हूं। कल आधा किलोमीटर लंबी लाइन थी मैं लाइन में लगा था लेकिन पहुंचने से पहले ही गैस खत्म हो गई। आज फिर लाइन में लगे हैं उम्मीद है कि आज गैस मिल जाएगा ।

गैस एजेंसी के मालिक प्रदीप कुमार ने बताया मैं सुबह 7:30 बजे गैस एजेंसी पर आ गया था 8:30 बजे मेरा



गैस का ट्रक भी आ गया 7:30 बजे सुबह में मैं प्रशासन को सूचना दे दी थी। प्रशासन के लोगों ने कहा कि मेरे आने के बाद ही आप गैस का वितरण कराईएगा, 2 घंटे बीत गया लेकिन पुलिस और प्रशासन कोई नहीं पहुंचा है । मोहनिया के प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया सभी को मिलेगा गैस पर्याप्त मात्रा में है किसी को पैनिक होने की जरूरत नहीं है।

## अधौरा चिड़ियाखाना के पास ट्रैक्टर और बाइक की टक्कर, तीन में एक की मौत, दो लोग हुए रेफर



लोकतंत्र की आवाज

कैमूर। जिले के अधौरा चिड़ियाखाना के पास गुरुवार सुबह एक सड़क दुर्घटना में एक की मौत हो गई दो गंभीर रूप से घायल है। यह हादसा अधौरा चिड़ियाखाना के पास गुरुवार करीब 11 बजे हुआ, जब एक ट्रैक्टर और बाइक के बीच जोरदार टक्कर हो गई। जानकारी के अनुसार, मृतक युवक की पहचान अधौरा थाना क्षेत्र के जोरदाग आथन गांव निवासी अवधेश उरांव के 21 वर्षीय पुत्र रविशंकर कुमार के रूप में कि गई है। जबकि घायलों में गोइयां गांव निवासी गोरख उरांव के 22 वर्षीय पुत्र अनीश उरांव तथा राम इकबाल उरांव के 25 वर्षीय पुत्र कुंदन उरांव के रूप में की गई है।

बताया जाता है कि तीनों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर अधौरा के भिवफोर गांव से अपने गांव जा रहे थे। इसी दौरान अधौरा चिड़ियाखाना के पास सामने से आ रहे ट्रैक्टर से उनकी बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि तीनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तुरंत अधौरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में इलाज के लिए ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें भभुआ सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल पहुंचे घायलों का इलाज कर रहे चिकित्सक डॉ. श्यामाकांत ने बताया कि सड़क दुर्घटना में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हैं और अभी तक उन्हें होश नहीं आया है।

उनकी हालत चिंताजनक देखते हुए बेहतर इलाज के लिए प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया था। लेकिन रेफर के बाद रविशंकर कुमार का सदर अस्पताल में ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची भभुआ थाना की पुलिस ने शव का पंचनामा किया। उसके बाद हिंदूवादी संगठन के प्रमुख उत्तम पटेल भी पहुंचे। जहां पुलिस की उपस्थिति में पोस्टमार्टम कराया गया है। वही उत्तम पटेल द्वारा परिजनों की आर्थिक मदद के लिए सहायता भी किया गया। पुलिस इस मामले को लेकर जांच में जुट गई है।

## यूपीएससी में इंदू व आकाश को चयनित होने पर बारी संघ ने मिठाई बांटी





लोकतंत्र की आवाज
विनोद कुमार राम

भभुआ कैमूर। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) में बारी समाज से उत्तर प्रदेश के कुशीनगर के निवासी राम एकबाल बारी के पुत्री इंदू बारी 230 वीं रैंक एवं अरविंद बारी के पुत्र आकाश बारी 438वीं रैंक लाने पर कैमूर बारी संघ डॉ रमेंद्र बारी वर्मा, महासचिव सह अधिवक्ता राकेश बारी, अजय विक्रांत बारी, श्रीमती गीता बारी, पुष्पा बारी, कल्याणी बारी, पवन कुमार बारी, आदर्श बारी, उत्कर्ष बारी, मदन बारी, सदन बारी, अवधेश प्रसाद बारी, रामधनी भारती बारी, विशाल बारी, पंकज बारी, मोहित बारी, संजय बारी, कृपा शंकर बारी, अरुण कुमार बारी, श्रीमती चिंता देवी, आदि लोगों ने बधाई दिया और कहा कि शिक्षा तस्वीर ही नहीं तकदीर बदल देती है।

## सरस्वती शिशु मंदिर बंदीपुर में कार्यकारिणी की बैठक डिजिटल शिक्षा और +2 स्तर तक विस्तार का बना रोडमैप

लोकतंत्र की आवाज



रामगढ़ (कैमूर)। प्रखंड के बंदीपुर स्थित विद्या भारती द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर में गुरुवार को विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में आगामी सत्र के बजट और विद्यालय के भविष्य के विकास कार्यों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

**मुख्य अतिथि का संबोधन और बजट पारित :** बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रोहतास विभाग के विभाग निरीक्षक धरणीकांत पाण्डेय ने सत्र 2026-27 के लिए आय-व्यय का संकल्प (बजट) पारित किया। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि बजट किसी भी संस्थान के विकास का आधार होता है। पाण्डेय जी ने विश्वास जताया कि इस सुनियोजित विकास के माध्यम से आगामी दो वर्षों में विद्यालय को प्लस टू (+2) स्तर तक उन्नत कर दिया जाएगा।

**विकास के मुख्य बिंदु: आधुनिकता और गुणवत्ता:** बैठक के दौरान विद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए:

डिजिटल शिक्षा: तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए इंटरएक्टिव पैनल लगाने पर सहमति बनी।

बुनियादी ढांचा: माध्यमिक स्तर के छात्रों के लिए आधुनिक प्रयोगशाला (Lab) और एक समृद्ध पुस्तकालय (Library) की स्थापना की जाएगी।

शिशुवाटिका: छोटे बच्चों के लिए खेल-कूद और आधुनिक शिक्षण सामग्री की विशेष व्यवस्था होगी।

**उपस्थिति और सक्रिय भागीदारी :** बैठक में समिति की सक्रियता पर जोर देते हुए विभाग निरीक्षक ने कहा कि विद्या भारती का मूल उद्देश्य भैया-बहनों का सर्वांगीण विकास है। इस महत्वपूर्ण बैठक में विद्यालय के प्रधानाचार्य राजीव रंजन दुबे सहित कई गणमान्य सदस्य मौजूद रहे: देवेंद्र नारायण सिंह (रोहतास विभाग संयोजक सह विद्यालय सचिव), डॉ. सतेंद्र कुमार विद्यार्थी (अध्यक्ष, समिति), राजीव रंजन दुबे (प्रधानाचार्य), बैलिस्टर सिंह (उपाध्यक्ष), शिवाजी पाण्डेय (सहसचिव), दीनदयाल वर्मा , सुनील गुप्ता, सिमी गुप्ता, ज्योति विश्वकर्मा, जीवन राठौर, कृष्णलता कुमारी एवं अन्य ।विभाग निरीक्षक ने निर्देश दिया कि सभी विकास कार्य पूरी पारदर्शिता और समय सीमा के भीतर पूरे किए जाएं ताकि छात्रों को जल्द से जल्द इन सुविधाओं का लाभ मिल सके।

## सदर अस्पताल में दिनदहाड़े टेंपो की बैटरी चोरी, गार्ड की लापरवाही पर उठे सवाल

लोकतंत्र की आवाज



भभुआ। सदर अस्पताल परिसर में गुरुवार को दिनदहाड़े एक टेंपो की बैटरी चोरी हो जाने से अस्पताल परिसर की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए। बताया जाता है कि चोरी की यह घटना गेट पर तैनात गार्ड के सामने ही हुई, जिससे मरीजों और उनके परिजनों में नाराजगी देखी गई।

जानकारी के अनुसार रामगढ़ थाना क्षेत्र के पिपरिया गांव निवासी कन्हैया साह के पुत्र शिवानंद गुप्ता अपनी भाभी शांति देवी को खाना पहुंचाने के लिए गुरुवार करीब 12 बजे टेंपो से सदर अस्पताल पहुंचे थे।

उनकी भाभी का हाल ही में सदर अस्पताल में डिलीवरी हुआ है और वह अस्पताल में भर्ती हैं। शिवानंद ने बताया कि उन्होंने अपना टेंपो अस्पताल के गेट के पास ड्यूटी कर रहे गार्ड के सामने ही बाउंड्री के पास खड़ा कर दिया और खाना देने के लिए अस्पताल के ऊपरी तल्ले पर चले गए। करीब दो घंटे बाद जब वह वापस लौटे और टेंपो स्टार्ट करने की कोशिश की तो गाड़ी स्टार्ट नहीं हुई। जांच करने पर पता चला कि टेंपो की बैटरी चोरी हो चुकी है।

इस संबंध में जब गार्ड से पूछताछ की गई तो उसने घटना की जानकारी से इनकार कर दिया। गार्ड के सुपरवाइजर विनोद कुमार ने बताया कि उस समय उनकी ड्यूटी नहीं थी, लेकिन यह गार्ड की लापरवाही मानी जाएगी कि उसके सामने से बैटरी चोरी हो गई। वहीं अस्पताल में मौजूद अन्य मरीजों के परिजनों ने बताया कि गार्ड अक्सर कुर्सी पर बैठकर ड्यूटी करते हैं। इससे पहले भी अस्पताल परिसर से कई बाइक चोरी होने की घटनाएं हो चुकी हैं।

पीड़ित शिवानंद गुप्ता ने इस मामले में भभुआ थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।

## भभुआ: ग्रामीण क्षेत्रों में खेलकूद क्लब की क्रियाशील हेतु बैठक संपन्न

लोकतंत्र की आवाज



भभुआ कैमूर। संयुक्त सचिव खेल विभाग बिहार सरकार पटना के आलोक में कैमूर जिले के सभी ग्राम/ नगर पंचायत में गठित खेल क्लब को क्रियाशील बनाने हेतु बृहस्पतिवार को उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा कार्यालय जगजीवन स्टेडियम भभुआ में उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा कैमूर ओमप्रकाश कुमार के अध्यक्षता में शारीरिक शिक्षकों की बैठक आहूत की गई जिसमें पंचायत स्तरीय खेल क्लब में संबंधित विद्यालय के शारीरिक शिक्षकों को चिन्हित कर खेल क्लब से टैग करने हेतु सभी शारीरिक शिक्षकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

इस संबंध में जिला खेल मीडिया प्रभारी डॉक्टर तुलसी प्रसाद सिंह ने बताया कि कैमूर जिला में 146 ग्राम पंचायत 06 नगर पंचायत कुल 150 ग्राम/ नगर पंचायत में खेल क्लब का गठन कर लिया गया है जिसमें अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष के साथ ही मेंबर का भी चुनाव कर लिया गया है विभागीय पत्र के आलोक में सभी ग्राम/ नगर पंचायत के खेल मैदान खेल क्लब को क्रियाशील करने हेतु नजदीकी सरकारी विद्यालय में कार्यरत शारीरिक शिक्षकों को चिन्हित कर खेल क्लब से जोड़ने हेतु जिले के शारीरिक शिक्षकों को इस कार्य के सफल हेतु प्रखंडवार शारीरिक शिक्षकों को लगाया गया है जिसमें भभुआ प्रखंड हेतु श्री दिलीप कुमार पटेल इम्तियाज अली अशरफ अली, मोहनिया प्रखंड, जीरान अली कुदरा प्रखंड कमलेश कुमार, दुर्गावती प्रखंड अमजद अंसारी, चांद प्रखंड पप्पू कुमार चैनपुर अनिल कुमार राजीव कुमार, भगवानपुर रंजीत कुमार उमेश प्रसाद, रामपुर प्रखंड डॉक्टर तुलसी प्रसाद सिंह धीरज कुमार, अधौरा शौकत अली गद्दी, रामगढ़ संजय कुमार नुआंव विजेंद्र कुमार खरवार को लगाया गया है उन्होंने बताया कि सभी ग्राम/ नगर पंचायत के खेल क्लब खेल मैदान को नजदीकी सरकारी स्कूल के शारीरिक शिक्षकों को चिन्हित कर खेल क्लब से टैग किया जाएगा। विदित हो कि खेल क्लब को क्रियाशील बनाने से संबंधित कार्य को राज्य सरकार द्वारा घोषित - 7 निश्चय पार्ट- 3 में शामिल किया गया है।

## पैक्स मतदाता सूची का फाइनल प्रकाशन

लोकतंत्र की आवाज



चांद । प्रखंड में चार पैक्स में हो रहे चुनाव को लेकर निवार्चन पदाधिकारी सह बीडीओ ने वृहस्पतिवार को फाइनल मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया ।इस संबंध में जानकारी देते हुए निर्वाचन पदाधिकारी सह बीडीओ मो हदीद ख़ान ने कहा मतदाता सूची में डाली गई दावा आपत्ति का निराकरण करने के बाद मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। उन्होंने ने कहा पैक्स निर्वाचन प्राधीकार में मतदाता सूची भेज दी गई है।

बीडीओ ने कहा प्राधीकार से पैक्स चुनाव की तिथि घोषित करने के बाद चुनावी प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। प्रखंड में लोहदन सौखरा सिरहिरा एवं भरारी कला पैक्स में चुनाव होने हैं। चुनाव की आहट मिलते ही राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। 28 फरवरी को प्रकाशित मतदाता सूची में 10 तक दावा आपत्ति लेने के बाद वृहस्पतिवार को फाइनल मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है।

28 फरवरी को प्रकाशित पारूप मतदाता सूची एवं फाइनल मतदाता सूची प्रकाशन एक समान है। वर्तमान पैक्स अध्यक्ष के द्वारा बढ़ाया गये मतदाताओं से चुनाव में केवल औपचारिकता रह गई है। पैक्स अध्यक्ष के विरुद्ध खड़े होने वाले उम्मीदवारों के बढ़ाए गए मतदाताओं का नाम हटाने की मांग खारिज कर दी गई है।

## मानव भारती हेरिटेज स्कूल में गूँजा आधुनिक शिक्षा का मंत्र: नीदरलैंड के शिक्षाविद् पियर स्टालिन ने किया अभिभावकों को संबोधित

लोकतंत्र की आवाज



चाँद (कैमूर)। मानव भारती हेरिटेज विद्यालय, चाँद में गुरुवार को 'अभिभावक-विद्यालय संवाद' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर नीदरलैंड के विख्यात शिक्षाविद् पियर स्टालिन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य विषय "Modern Education, Child Development and the Role of Parents" (आधुनिक शिक्षा, बाल विकास और अभिभावकों की भूमिका) रहा।

**शिक्षा का उद्देश्य केवल अंक नहीं, सर्वांगीण विकास: प्राचार्य :** कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय परिवार द्वारा अतिथि के गर्मजोशी से स्वागत के साथ हुई। विद्यालय के प्राचार्य विकास कुमार पांडेय ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा: "शिक्षा का उद्देश्य मात्र परीक्षा में अंक लाना नहीं, बल्कि बच्चों में जिज्ञासा और संवेदनशीलता जगाना है। संस्थापक डॉ. दुर्गा प्रसाद पांडेय के विजन के अनुरूप, हम बच्चों को स्वतंत्र चिंतन और समाज के प्रति जिम्मेदार बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।"

**विदेशी शिक्षाविद् के महत्वपूर्ण सुझाव:** मुख्य अतिथि पियर स्टालिन ने अपने संबोधन में आधुनिक युग की शैक्षणिक चुनौतियों पर चर्चा की। उनके संबोधन के मुख्य बिंदु रहे:

सकारात्मक वातावरण: घर और स्कूल का तालमेल ही बच्चे के व्यक्तित्व को सृजनात्मक बनाता है।

दबाव मुक्त बचपन: अभिभावक बच्चों पर अंकों या प्रतिस्पर्धा का बोझ न डालें।

रचनात्मकता को बढ़ावा: बच्चों की स्वाभाविक रुचियों और जिज्ञासा को प्रोत्साहित करना अनिवार्य है।

अनुभव आधारित शिक्षा: रटने के बजाय प्रकृति से जुड़ाव और जीवन कौशल (Life Skills) पर ध्यान दें।

**नए सत्र की नई पहल :** प्राचार्य ने आगामी शैक्षणिक सत्र की योजनाओं को साझा करते हुए बताया कि विद्यालय अब गतिविधि आधारित शिक्षा (Activity-based Learning), कला, पर्यावरण जागरूकता और नैतिक मूल्यों के निर्माण पर विशेष केंद्रित रहेगा।

**संवाद से बढ़ी समझ :** कार्यक्रम के दौरान एक इंटरैक्टिव सत्र भी हुआ, जहाँ अभिभावकों ने अपने प्रश्न रखे और शिक्षाविद् व प्राचार्य से मार्गदर्शन प्राप्त किया। उपस्थित अभिभावकों ने विद्यालय की इस पहल की सराहना करते हुए इसे बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए एक मील का पत्थर बताया।

## संक्षिप्त खबरें ।

### नशा उन्मूलन जागरूकता रैली से दिया संदेश, एनएसएस शिविर के छठवें दिन मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित



लोकतंत्र की आवाज
करीम खान
परसपुर (गोण्डा)। महाकवि तुलसीदास स्नातकोत्तर महाविद्यालय परसपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में कम्पोजिट विद्यालय पूरे राम भरोसे पाण्डेय में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के छठवें दिवस का शुभारम्भ बुधवार को कार्यक्रमाधिकारी डॉ. सीमा तिवारी एवं डॉ. अजीत सिंह तथा शिवगोपाल शुक्ल व प्रधानाचार्या वन्दना वर्मा द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात दोनों कार्यक्रमाधिकारियों के नेतृत्व में 'नशा उन्मूलन जागरूकता रैली' शिविर स्थल से निकालकर सिताबी पुरवा तक ले जाई गई, जिसमें स्वयं सेवक-सेविकाओं ने युवाओं तथा अन्य ग्रामीण जनों को नशा के दुष्परिणामों के बारे में बताते हुए नशा न करने का आह्वान किया। रैली में खुशबू सिंह, नैन्सी सिंह, काजल, महिमा, लक्ष्मी पाण्डेय एवं अर्पित मिश्र ने जन-जन को नशा से होने वाली हानियों के प्रति जागरूक किया। बौद्धिक सत्र में स्वयं सेविकाओं द्वारा मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम स्थान खुशबू सिंह राठौर, द्वितीय स्थान सोनिया गौतम तथा तृतीय स्थान नैन्सी सिंह व मोहिनी गौतम ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में अंग्रेजी विभाग के शिवम पाण्डेय एवं पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ मुरलीधर मिश्र ने नशा से होने वाली सामाजिक एवं आर्थिक हानियों पर व्यापक जानकारी दी। उन्होंने नशा को एक सामाजिक कुरीति की संज्ञा दी। वहीं डॉ. दयाशंकर मिश्र ने अपने अवधी गीत 'नशा उन्मूलन चलयबय, बलम तोहरे संग नचलबय' के माध्यम से उपस्थित सभी लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर शिविर में डॉ .दिनेश मिश्र, डॉ.नरेन्द्रनाथ पाण्डेय, डॉ. अनूप शुक्ल सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### ट्रक से 557 लीटर अवैध शराब जब्त, एक गिरफ्तार



लोकतंत्र की आवाज
जगदीशपुर, भोजपुर। मद्यनिषेध विभाग ने बुधवार की रात कार्रवाई करते हुए एक ट्रक से भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त की। यह कार्रवाई जगदीशपुर-पीरो पथ के केशवा-दलीपपुर मोड़ के पास की गई। ट्रक की तलाशी के दौरान 59 कार्टन विदेशी शराब और 4 कार्टन बीयर बरामद की गई। जब्त शराब की कुल मात्रा करीब 557 लीटर बताई गई है। जानकारी के अनुसार मद्यनिषेध विभाग के सहायक आयुक्त रजनीश कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि उत्तर प्रदेश के बलिया से शराब की खेप पीरो की ओर भेजी जा रही है। सूचना के आधार पर निरीक्षक अनिल कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम बनाई गई। टीम ने केशवा-दलीपपुर मोड़ के पास घेराबंदी कर ट्रक को रोका और तलाशी ली, जिसमें अवैध शराब बरामद हुई। कार्रवाई के दौरान बक्सर जिले के बैगन गोला निवासी बिट्टू कुमार पिता जरीन यादव को गिरफ्तार किया गया। बताया जाता है कि वह शराब की खेप को छुपाकर पीरो में डिलीवरी करने की योजना बना रहा था। जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया के निर्देश पर जिले में अवैध शराब के खिलाफ लगातार छापेमारी और वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है।

### टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करने को बुलंद को आवाज



लोकतंत्र की आवाज
शिवम गुप्ता ब्यूरोचीफ
हरदोई। शाहाबाद ब्लॉक संसाधन केंद्र शाहाबाद पर प्राथमिक व जूनियर शिक्षक संघ की संयुक्त बैठक तहसील प्रभारी पंकज त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। शिक्षकों से जुड़े एक विशेष मुद्दे पर चर्चा करते हुए आपसी विचार-विमर्श किया गया। ब्लॉक अध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने कहा कि भारत सरकार से मांग की जा रही है कि आरटीई से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करने के लिए कानून बनाया जाए। जूनियर शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष प्रेम कुमार ने सभी शिक्षकों से चार अप्रैल को दिल्ली के रामलीला मैदान पहुंचने का आह्वान किया। तहसील प्रभारी पंकज त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षक अब तक दो बार जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेज चुके हैं और सांसदों को भी ज्ञापन सौंपा गया है।कई सांसदों ने संसद में यह मुद्दा उठाया है, लेकिन अभी तक शिक्षा मंत्रालय की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।उन्होंने सभी शिक्षकों से अपील की कि चार अप्रैल को दिल्ली के रामलीला मैदान पहुंचकर अपनी सेवा को सुरक्षित करने के लिए आवाज बुलंद करें। संघर्ष समिति अध्यक्ष मोहित त्रिपाठी, मंत्री विजय राजपूत, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामगोपाल यादव, विनय यादव, सुनील कुमार, राजेंद्र, रफी खान, आसिम खान, राजेश कुमार, अनिल कुमार, आशीष वाजपेई, शादाब मलिक, हरिमोहन त्रिवेदी, विशाल सिंह, स्वीटी मिश्रा, मंजू देवी, संजय, प्रीति तिवारी, सर्वेश पांडेय, अतुल मिश्र, गुलशन, मनोकांति, अखिलेश त्रिपाठी, आशुतोष, तनु गौतम, निमिषा गुप्ता सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

### आगामी त्योहारों में शांति बनाए रखने की अपील



लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरोचीफ शिवम गुप्ता
हरदोई।आगामी ईद, नवरात्र व रामनवमी को देखते हुए कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता कोतवाल विद्यासागर पाल ने की। ग्राम प्रधान और सभ्रात नागरिक को और विभिन्न धर्मो के धर्म गुरुओं ने हिस्सा लिया अधिकारियों ने त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश दिए। विद्युत जलापूर्ति और स्वच्छता व्यवस्था को भी सुचारू रखने पर जोर दिया। इस दौरान संभावित समस्याओं पर भी चर्चा की। उनके दलित समाधान के उपाय सुझाए गए। उन्होंने सभी से त्योहार को आपसी सौहार्द भाईचारे और शांति के साथ मनाने की अपील की।

# गिरिडीह उपायुक्त की अध्यक्षता में कार्यकारी एजेंसियों की समीक्षा बैठक

## पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता- उपायुक्त ,गिरिडीह

**लोकतंत्र की आवाज**



**ब्यूरो चीफ गिरिडीह**
**झारखंड** ( 2026. 03.12)। समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव की अध्यक्षता में कार्यकारी एजेंसियों के माध्यम से क्रियान्वित की जा रही विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में चल रही आधारभूत संरचना, पेयजल, सड़क निर्माण, भवन निर्माण, स्वास्थ्य, शिक्षा सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं की प्रगति का विस्तृत आकलन किया गया।

इस दौरान उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों एवं कार्यकारी एजेंसियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से योजनाओं को पूरा करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त ने एक-एक कर सभी योजनाओं की स्थिति की जानकारी ली और निर्माण कार्यों की प्रगति, वित्तीय व्यय तथा लंबित कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सरकार की विकास योजनाओं का मुख्य उद्देश्य आम जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है, इसलिए योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं के कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करें तथा स्थल निरीक्षण कर कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करें। समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने विशेष रूप से सड़क निर्माण, भवन निर्माण, पेयजल योजनाओं तथा अन्य आधारभूत विकास कार्यों की प्रगति पर जोर दिया। उन्होंने संबंधित एजेंसियों से कहा कि जिन योजनाओं का कार्य धीमी गति से चल रहा है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा किया जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप हो, ताकि आम जनता को योजनाओं का स्थायी लाभ मिल सके।

उपायुक्त ने बैठक में मौजूद कार्यकारी एजेंसियों के प्रतिनिधियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि कार्य में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी योजना में तकनीकी समस्या या अन्य किसी कारण से कार्य प्रभावित हो रहा है तो उसकी जानकारी तुरंत जिला प्रशासन को दें, ताकि समय रहते समाधान किया जा सके।

उन्होंने यह भी कहा कि सभी एजेंसियां आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। बैठक में उपायुक्त ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि योजनाओं की प्रगति की जानकारी नियमित रूप से अद्यतन करते रहें तथा कार्यों से संबंधित रिपोर्ट समय पर उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसलिए सभी विभाग और एजेंसियां पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करें।इसके अलावा उपायुक्त ने लंबित योजनाओं की सूची तैयार कर उन्हें शीघ्र पूरा करने के लिए कार्य योजना बनाने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि विकास कार्यों की गति तेज करने के लिए सभी संबंधित विभागों को समन्वय बनाकर कार्य करना होगा। यदि किसी योजना में अनावश्यक विलंब पाया जाता है तो संबंधित एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई भी की जा सकती है।

## घर में घुस बच्ची से दुष्कर्म: पड़ोसी ने घर छोड़ने के बहाने की वारदात, गिरफ्तार

**लोकतंत्र की आवाज**



**उरई जालौन ।** उरई कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक रिक्शा चालक ने घर छोड़ने के बहाने एक मासूम के साथ दुष्कर्म किया। बच्ची के शोर मचाने पर आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए केस दर्ज कर आरोपी को हिरासत में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित परिवार मूल रूप से एक गांव का रहने वाला है। वर्तमान में उरई के तुलसी धाम के पास किराए के मकान में रहता है। पीड़ता के पिता ने बताया कि इन दिनों गांव में मटर की फसल की कटाई चल रही है। जिसके कारण वह अपनी पत्नी के साथ गांव गया हुआ था। चूंकि बच्चों की परीक्षाएं चल रही थीं, इसलिए उन्होंने बच्चों को उरई स्थित घर पर ही छोड़ा था।

**माता-पिता गए थे गांव:** बच्चों की 11 मार्च को परीक्षा समाप्त होने के बाद बच्चे अपनी नानी के घर राजेंद्र नगर गए थे। लेकिन वहां किसी के न होने के कारण वे बाहर खेल रहे थे। इसी बीच, नानी के घर के सामने रहने वाले चार्ली महाराज रिक्शा चालक है। बच्चों को अकेला देखकर उन्हें अपने जाल में फंसा लिया। उसने बच्चों से कहा कि वह रिक्शा लेकर उनके कमरे की तरफ ही जा रहा है और उन्हें घर छोड़ देगा।

**घर में घुसकर किया रेप:** आरोपी ने बच्चों को उनके घर पहुंचाया और कुछ देर बाद पीछे से कमरे के अंदर दाखिल हो गया। घर में मासूम बच्ची और उसका भाई मौजूद था। आरोपी ने चालाकी से भाई को किसी बहाने से बाहर भेज दिया। कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। इसके बाद उसने मासूम के कपड़े उतार कर उसके साथ गलत हरकत करते हुए दुष्कर्म किया। मासूम इस अचानक हुए हमले से सहम गई और उसने रोना, शोर मचाना शुरू कर दिया। बच्ची के चिल्लाने की आवाज सुनकर आरोपी घबरा गया। उसे मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया।

परिजनों ने घटना की तहरीर, पुलिस को दी और त्वरित कार्रवाई की मांग की जब परिजन शाम को वापस लौटे, तो बदहवास बच्ची ने रोते हुए अपने माता-पिता को पूरी आपबीती सुनाई। यह सुनकर परिजनों के पैरों तले जमीन खिसक गई। वे तुरंत बच्ची को लेकर उरई कोतवाली पहुंचे और आरोपी के खिलाफ लिखित तहरीर दी। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए उरई कोतवाली पुलिस तत्काल सक्रिय हुई। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक हरिशंकरी चंद्र के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दबिश देकर आरोपी चार्ली महाराज को हिरासत में ले लिया। उरई कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हरिशंकरी ने बताया, पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर रेप का केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है। पीड़ित बच्ची को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला महिला अस्पताल भेजा गया है।

## पत्रकार पर दबंगों का हमला, केस

**लोकतंत्र की आवाज**



**करीम खान**
**गोण्डा ।**जिले के परसपुर थाना क्षेत्र में दबंगों द्वारा एक पत्रकार पर हमला करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार थाना परसपुर क्षेत्र के ग्राम पूरे अजब निवासी ज्ञान प्रकाश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 11 मार्च 2026 की सुबह लगभग 9 बजे शाहपुर बाजार को जा रहा था, कि रास्ते में बाबा कुटी मोड़ के पास विपक्षी सोनू यादव पुत्र सूरजपाल निवासी उपरोक्त मुकदमे में सुलह कराने की बात को लेकर प्रार्थी को मूका थप्पड़ से मारने लगे। प्रार्थी के हल्ला गुहार करने पर उक्त व्यक्ति प्रार्थी को भद्दी-भद्दी गाली व जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। घटना के बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी सोनू यादव के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 115(2), 351(3) व 352 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। थानाध्यक्ष परसपुर का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## गोण्डा जिले के कौड़िया में भूमि विवाद में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत, तीन आरोपी गिरफ्तार

**लोकतंत्र की आवाज**



**करीम खान**
**गोण्डा।** जिले के कौड़िया थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट में गंभीर रूप से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और उनकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त दो डंडे भी बरामद किए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के रुकमंगदपुर गांव में 7 मार्च को महेश बाजपेई और रक्षाराम पक्ष के बीच जमीन को लेकर विवाद हो गया था। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। इस दौरान महेश बाजपेई के भाई रमेश कुमार को गंभीर चोटें आ गईं। परिजनों ने घायल रमेश कुमार को उपचार के लिए पहले मेडिकल कॉलेज गोंडा में भर्ती कराया, जहां हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया। लखनऊ में दो दिन तक इलाज चलने के बाद 9 मार्च को रमेश कुमार की मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के भाई महेश बाजपेई ने थाना कौड़िया में तहरीर देकर सूरज उर्फ रक्षाराम, शिवम बाजपेयी और ओमप्रकाश वाजपेयी के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का आरोप लगाया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को आर्यनगर-छितौनी नहर मार्ग के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त दो डंडे भी बरामद किए गए हैं। बताया जा रहा है कि घटना के बाद मृतक के परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी तक अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया था। सूचना मिलने पर सीओ कर्नलगंज अभिषेक दवाच्या मौके पर पहुंचे और परिजनों को उचित कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया, जिसके बाद अंतिम संस्कार किया गया। सीओ कर्नलगंज अभिषेक दवाच्या ने बताया कि 7 मार्च को हुई मारपीट में घायल रमेश कुमार की 9 मार्च को इलाज के दौरान मौत हो गई थी। मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है तथा पूरे प्रकरण की गहनता से जांच की जा रही है।

## खेत में काम करते किसान की तबीयत बिगड़ी, उरई में इलाज के दौरान मौत

**लोकतंत्र की आवाज**



**उरई जालौन।** जालौन के एट थाना क्षेत्र में खेत पर काम करते समय एक किसान की अचानक तबीयत बिगड़ गई। परिजन उन्हें तुरंत राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई ले गए, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार, एट थाना क्षेत्र के ग्राम बड़ा धगुवां कला निवासी 57 वर्षीय बलादीन बुधवार को अपने खेत पर काम कर रहे थे। परिजनों के मुताबिक, काम करते समय अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी और वह चक्कर खाकर जमीन पर गिर पड़े। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत परिजनों को इसकी सूचना दी। परिजन और ग्रामीण उन्हें तुरंत इलाज के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों का कहना है कि बलादीन खेत पर सामान्य रूप से काम कर रहे थे, तभी अचानक उनकी तबीयत खराब हुई और वह बेहोश होकर गिर पड़े। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की स्पष्ट जानकारी मिल सकेगी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## हाटपोखर मोड़ के पास एनएच-319 पर मोपेड और बाइक की टक्कर में किसान की मौत

**लोकतंत्र की आवाज**



**जगदीशपुर/भोजपुर।** आरा-मोहनिया एनएच-319 पर जगदीशपुर थाना क्षेत्र के हाटपोखर मोड़ के समीप गुरुवार की दोपहर मोपेड और बाइक के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में मोपेड सवार एक किसान की मौत हो गई, जबकि बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की सूचना पर हाईवे एंबुलेंस 1033 की मदद से तीनों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में ही मोपेड सवार किसान ने दम तोड़ दिया। वहीं घायल दोनों युवकों का इलाज आरा सदर अस्पताल में चल रहा है।

मृतक की पहचान धनगाई थाना क्षेत्र के सोनवर्षा गांव निवासी स्व. लाल मोहर सिंह के 56 वर्षीय पुत्र हीरालाल सिंह के रूप में हुई है। वे खेती-बारी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। हादसे में घायल युवकों में पीरो थाना क्षेत्र के बसावन टोला गांव निवासी हंसराज राम का 18 वर्षीय पुत्र सोनू कुमार और संतोष बैठा का 18 वर्षीय पुत्र अमित कुमार शामिल हैं।

परिजनों के अनुसार हीरालाल सिंह बुधवार की शाम मोपेड से जगदीशपुर थाना क्षेत्र के देव टोला गांव स्थित अपनी बड़ी बेटी तेतरी देवी के ससुराल गए थे। गुरुवार की दोपहर वह वापस अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान हाटपोखर मोड़ के पास सामने से आ रही बाइक से उनकी जोरदार भिड़ंत हो गई, जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही जगदीशपुर थाना के अपर थानाध्यक्ष प्रभात कुमार, एसआई मोहम्मद इसराफिल और विवेक कुमार मौके पर पहुंचे। पुलिसकर्मियों ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को वाहन में लादकर तुरंत आरा सदर अस्पताल भेजा। बताया जाता है कि मृतक के तीन पुत्र सोहराई सिंह, हरेराम सिंह और भुअर सिंह तथा दो पुत्री तेतरी देवी और सुनीता देवी हैं। उनकी पत्नी का निधन कुछ वर्ष पहले हो चुका है। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

## उरई में मिट्टी खनन माफियाओं का दबदबा क्षेत्र में जारी फिर भी तहसील प्रशासन चुप्पी सादे बैठा

**लोक तंत्र की आवाज**



**उरई (जालौन)।** जनपद जालौन के जिला मुख्यालय उरई तहसील क्षेत्र के आस पास , व विकास खंड डकोर, और कुकर गांव के रहने वाले दबंग मिट्टी माफियाओं के अवैध मिट्टी खनन का धंधा जोरो पर किस सत्तारूढ़ दल के इशारे पर संचालित हो रहा है।जिसको रोक पाने में जिला प्रशासन व तहसील प्रशासन भी लाचार होता दिखाई दे रहा है यहीं कारण है कि अवैध मिट्टी खनन माफियाओं के हौंसले बुलंद होते दिखाई दे रहे हैं।

सूत्रों की अगर मानें तो तहसील उरई क्षेत्र के ग्राम डकोर, कुकर गांव के रहने वाले कुछ मिट्टी माफिया किस सत्तारूढ़ दल नेता के आशीर्वाद से समूचे उरई, डकोर, क्षेत्र में मिट्टी का अवैध खनन करने में लगे हैं। इससे पहले भूखों मरने बाले मिट्टी खनन करने वाले इस समय लग्जरी गाड़ी से चल रहे और लखपति बन गए हैं। इसके बाद भी तहसील प्रशासन, खनन विभाग एवं राजस्व विभाग के अलावा खाकी आंखें बंद किये हुए मूर्खदर्शक बना बैठा हैं। और दिन रात सड़को पर राठ रोड, और जालौन रोड पर अवैध मिट्टी खनन करने वाले माफियों के ट्रैक्टर दौड़ते नजर आ रहे, इस गोरखधंधे में शासन व प्रशासन को हर दिन लाखों रुपए के राजस्व की क्षति हो रही है। सूत्रों की अगर मानें तो

क्षेत्र में सुबह 3 बजे से बंधौली क्षेत्र में और शाम ढलते ही फैक्ट्री एरिया, पी ए मवई रोड, जालौन रोड, सहित उरई शहर के चारों ओर अवैध मिट्टी से भरे ट्रैक्टर फर्राटा भरते नजर आ रहे । जिन्हें शासन प्रशासन का जरा भी खौफ नहीं है और नज़राना की दम पर दिन रात अवैध मिट्टी खनन कर रहे है खुद अपने आप को मिट्टी खनन माफिया सत्ताधारी का करीबी बताते हैं। सूत्रों की माने तो यही कारण है कि जिला प्रशासन व तहसील प्रशासन चुप्पी सादे बैठा सूत्र तो यह भी बताते सत्ता धारी व प्रशासन के आशीर्वाद से अवैध मिट्टी खनन का गोरख धंधा फल फूल रहा । खाकी के जिम्मेदार और खनिज विभाग के संरक्षण ने हो रहा अबैध मिट्टी खनन जिसके चलते डकोर, कुकर गांव, पी ए मवई रोड की सड़कों पर यमदूत रूपी अवैध मिट्टी लदे ट्रैक्टर सड़कों पर दौड़ते हुए नजर आ सकते हैं। वही प्रशासन व सरकार की छवि को धूमिल करने में लगे अवैध मिट्टी खनन माफिया जिन्हें नहीं है किस का डर।

## त्योहारों में नई परंपरा नहीं, अफवाह फैलाने वालों से सख्ती से निपटें : डीएम सावन कुमार

**लोक तंत्र की आवाज**



**सुपौल।** जिले में आगामी पर्व-त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर गुरुवार को समाहरणालय स्थित लहटन चौधरी सभागार में जिला शांति समिति की बैठक की गई. बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी सावन कुमार ने की. बैठक में जिला स्थापना दिवस, बिहार दिवस, ईद-उल-जोहा (ईद) तथा रामनवमी पर्व 2026 को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया. इस दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि इस वर्ष जिला स्थापना दिवस 14 मार्च 2026, बिहार दिवस 22 मार्च 2026, ईद-उल-जोहा (ईद) 21 मार्च 2026 तथा रामनवमी 27 मार्च 2026 को मनाई जाएगी. सभी पर्वों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की गई. बैठक में सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी व नगर परिषद एवं नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे. वहीं जिला शांति समिति के सभी सम्मानित सदस्य भी बैठक में उपस्थित थे. समिति के सदस्यों ने पुलिस प्रशासन से त्योहारों के दौरान विशेष सतर्कता बरतने का अनुरोध किया. जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक शरथ आरएस ने पुलिस प्रशासन तथा प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारियों को पर्व-त्योहारों के दौरान पूरी चौकसी बरतने का निर्देश दिया. साथ ही ईद और रामनवमी पर्व को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए डीजे के प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का आदेश भी दिया गया. प्रशासन ने स्पष्ट किया कि विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी सभी पर्व शांति, भाईचारे और सौहार्द के माहौल में मनाए जाएंगे. बैठक में अपर समाहर्ता सचिदानंद सुमन (राजस्व), अपर समाहर्ता (आपदा) मो तारिक अनवर, अपर समाहर्ता जिला लोक शिकायत निवारण, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी (आईसीडीएस) सहित अमर कुमार चौधरी, रामचंद्र यादव, मो जमालउद्दीन, खुर्शीद आलम, जावेद अख्तर, एम वली, जावेद रफीक, धर्मेंद्र सिंह, जियाउर रहमान आदि मौजूद थे.


लोकतंत्र की आवाज स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन-805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजिटल संस्करण है। मो. नंबर-9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद-विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।